✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



बिहार की महिलाओं के लिए तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत करते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 92 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 27 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# बिजली घर की राख को संसाधन में बदल रहा एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1

## राख को चुनौती के बजाय संसाधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में बड़ी पहल

## राख से बन रही विकास की राह, लिखी जा रही सर्कुलर इकोनॉमी की नई कहानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कभी ताप विद्युत संयंत्रों से निकलने वाली राख को औद्योगिक अपशिष्ट मानकर उसके निस्तारण की चिंता की जाती थी लेकिन आज वही राख बिहार की सड़कों की नींव मजबूत कर रही है, निर्माण उद्योग के लिए कच्चा माल बन रही है और स्थानीय उद्यमों को रोजगार के अवसर दे रही है। फ्लाई ऐश और पोंड ऐश का यह बदलाव केवल राख के उपयोग की कहानी नहीं बल्कि अपशिष्ट को संसाधन में बदलने वाली सर्कुलर इकोनॉमी का ऐसा उदाहरण है जिसमें बिजली उत्पादन से निकला उप-उत्पाद विकास की अगली कड़ी बन रहा है। एनटीपीसी ने राख को चुनौती के बजाय संसाधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में लगातार पहल की है। कंपनी की ऐश यूटिलाइजेशन नीति का उद्देश्य राख का अधिकतम, सुरक्षित और सतत उपयोग सुनिश्चित करना है। वर्ष 2024-25 में एनटीपीसी समूह ने लगभग 105 मिलियन टन राख का उत्पादन किया जिसमें करीब 103 मिलियन टन यानी 98 प्रतिशत राख का उपयोग किया गया। पूर्वी क्षेत्र-1 के बाढ़, कहलगांव, बरौनी, नबीनगर, कांटी, बीआरबीसीएल और फरक्का सहित सातों स्टेशन राख के उपयोग को बढ़ाने में जुटे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वी क्षेत्र-1 ने लगभग 129 प्रतिशत ऐश यूटिलाइजेशन हासिल कर इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता मजबूत की। बिहार के तेजी से विकसित हो रहे सड़क नेटवर्क में इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। बाढ़-राजौली फोरलेन में सड़क निर्माण से जुड़े विभिन्न भराव कार्यों में एनटीपीसी की पोंड ऐश का उपयोग किया गया है। खगड़िया-पूर्णिया सड़क परियोजना के साथ बिहार में निर्मित और निर्माणाधीन कई राष्ट्रीय राजमार्गों, स्टेट हाईवे, बाईपास और सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं में भी



एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के स्टेशनों से उपलब्ध फ्लाई ऐश और पोंड ऐश का इस्तेमाल हो रहा है। एनएच-80 के मुंगेर-भागलपुर-कहलगांव-मिर्जाचौकी फोरलेन में सड़क तटबंध और अन्य निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है। एनएच-31 के बख्तियारपुर-बाढ़-मोकामा खंड में बाईपास और फोरलेन निर्माण के दौरान एप्रोच रोड तथा भराव कार्यों के लिए एनटीपीसी की पोंड ऐश उपलब्ध कराई गई। एनएच-28 और एनएच-122 के मुजफ्फरपुर-बरौनी-बेगूसराय क्षेत्र में एनटीपीसी बरौनी और कांटी की फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है। वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे के बिहार खंड जैसे बड़े बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट्स के लिए भी विभिन्न एनटीपीसी संयंत्रों से रेल-कम-रोड माध्यम से राख पहुंचाई जा रही है। राख के उपयोग का महत्व केवल उसकी खपत बढ़ाने तक सीमित नहीं है। फोरलेन, बाईपास, फ्लाईओवर और पुलों के एप्रोच रोड तथा तटबंध निर्माण में बड़ी मात्रा में भराव सामग्री की जरूरत होती है। तकनीकी मानकों के अनुरूप फ्लाई ऐश और पोंड ऐश का उपयोग प्राकृतिक मिट्टी के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। इससे मिट्टी की खुदाई और परिवहन पर निर्भरता घटती है तथा कृषि योग्य भूमि और प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम करने में मदद मिलती है। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 की पहल तकनीकी नवाचार तक भी पहुंची है। एनटीपीसी कहलगांव परिसर के निकट लगभग 2.9 किलोमीटर लंबी सीमेंट-मुक्त जियोपॉलीमर सड़क फ्लाई ऐश के अभिनव उपयोग का उल्लेखनीय उदाहरण है। एनटीपीसी फरक्का में भी जियोपॉलीमर कंक्रीट सड़क बनाई गई है। फ्लाई ऐश आधारित जियोपॉलीमर तकनीक कम-कार्बन और टिकाऊ निर्माण के विकल्प के रूप में संभावनाएं मजबूत कर रही है। फ्लाई ऐश का बड़ा उपयोग सीमेंट उद्योग में भी हो रहा है। इससे क्लिंकर की आवश्यकता कम करने, प्राकृतिक खनिज संसाधनों की खपत घटाने और सीमेंट उत्पादन से जुड़े कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिल सकती है। एनटीपीसी के विभिन्न स्टेशनों पर ड्राई फ्लाई ऐश के भंडारण, साइलो और लोडिंग की सुविधाओं के जरिए इसे बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा निदेशालयों की बनेगी प्रगति रिपोर्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षा विभाग के निदेशालयों की प्रगति रिपोर्ट बनेगी। सरकार इन निदेशालयों के कार्यों की समीक्षा करेगी। इस आधार पर इनके कार्यों की रिपोर्ट तैयार होगी। सरकार ने सभी सात शिक्षा निदेशालयों के कामकाज की एकीकृत समीक्षा कराने का निर्देश दिया है। कुछ निदेशालय तो अच्छा काम कर रहे हैं और उनके कार्य संतोषजनक हैं लेकिन सरकार कई निदेशालयों के कामकाज से संतुष्ट नहीं है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी खुद इन निदेशालयों के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

### बिहार होमगार्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में शिक्षिका गिरफ्तार

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** नवादा पुलिस ने गृह रक्षा वाहिनी में अधिनायक लिपिक पद की भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र वायरल होने के मामले में एक शिक्षिका को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गोविंदपुर स्थित बीआरसी से हुई। गिरफ्तार शिक्षिका की पहचान अंजू रानी के रूप में हुई है। वह नालंदा जिले के वेना थाना क्षेत्र के देव बिगहा गांव निवासी चंद्रशेखर कुमार की पत्नी हैं और नारदीगंज के मध्य विद्यालय दोहड़ा में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं।

### अवनीश सिंह बने बिहार राज्य खनिज विकास निगम के सीएमडी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने बिहार राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के निदेशक पर्षद का तत्काल प्रभाव से गठन कर दिया है। खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अवनीश कुमार सिंह को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी दी गयी है।

### नहर में गिरी बाइक, दो लोगों की मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** रानीगंज थाना क्षेत्र के खरसायी पंचायत के वार्ड संख्या 11 स्थित राजा घाट सायफन के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में भरगामा थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी अनिल ऋषिदेव और मोजहा निवासी राजेश ऋषिदेव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जयनगर वार्ड संख्या तीन निवासी गुलाबचंद ऋषिदेव गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए की तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत

# छात्राओं को हर महीने मिलेगी दस हजार की फेलोशिप : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को रक्षाबंधन से पहले बिहार की बेटियों और बहनों की सुरक्षा, शिक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'पुलिस दीदी (अभया ब्रिगेड)' के लिए 4,700 स्कूटर और मोटरसाइकिल का लोकार्पण एवं फ्लैग ऑफ किया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोपहिया वाहनों से महिला पुलिसकर्मी स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी तरीके से संचालित कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब 40 हजार महिला पुलिसकर्मी कार्यरत हैं, जो देश के किसी भी राज्य के पुलिस बल में महिलाओं की बड़ी भागीदारी को दर्शाता है। सम्राट चौधरी ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ही समृद्ध बिहार की पहचान बनेगी।



सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि बिहार की महिलाएं अपनी प्रतिभा और क्षमता के बल पर राज्य की तकदीर बदलें और विकास में महत्वपूर्ण भागीदार बनें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फ़ेलोशिप' योजना का भी शुभारंभ किया। मंत्री ने 'बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना' की भी शुरुआत की। इसके तहत महिला उद्यमियों को नवाचार और उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए 50 हजार रुपये से दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। योजना से करीब 2,100 महिलाओं को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था में जीविका दीदियों का योगदान 1.36 लाख करोड़ रुपये का है और राज्य की 43 लाख जीविका दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार आने वाले वर्षों में एक करोड़ और जीविका दीदियों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है और बिहार में करीब 59 प्रतिशत महिलाएं जनप्रतिनिधि चुनकर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उन्नति ही बिहार की प्रगति है। बेटियों को सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाकर ही समृद्ध बिहार का निर्माण किया जा सकता है।

# कीर्तन कर रहे लोगों को कार ने कुचला, पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सुपौल।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। कटैया चौक के समीप एनएच-327इ पर सड़क किनारे कीर्तन कर रहे लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार कटैया चौक के पास झूलन पूजा के मौके पर कुछ लोग सड़क किनारे कीर्तन कर रहे थे। इसी दौरान पिपरा की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित हो गई और कीर्तन कर रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में तिलो दास, राजो दास और सुरेंद्र यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल भुवनेश्वरी यादव और कृष्णा साह की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना में अब तक कुल पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं घायल रामचंद्र यादव को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल के साथ देर रात एसडीएम और एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गए। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सुपौल सदर अस्पताल में भी जमकर हंगामा किया। इसके बाद डीएम सावन कुमार और एसपी शरथ आरएस सदर अस्पताल पहुंचे और मृतकों के परिजनों से बातचीत की। अधिकारियों ने घटना की जांच और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सदर अस्पताल पहुंचे डीएम सावन कुमार और एसपी शरथ आरएस ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर घटना पर दुख जताया। डीएम ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने और हादसे की विस्तृत जांच कराने का आश्वासन दिया।

# बिहार प्रशासनिक सेवा के नौ अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में एकबार फिर बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फ़ेरबदर हुआ है। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर बिहार प्रशासनिक सेवा के नौ अधिकारियों का बड़े पैमाने पर स्थानांतरण और पदस्थापन किया है। सरकार के उप सचिव राजीव रंजन दास के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश के तहत प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार गोपालगंज के वरीय उप समाहर्ता अजय कुमार को भूमि सुधार उप समाहर्ता, दरभंगा के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं सीतामढ़ी के जिला पंचायत राज पदाधिकारी विशाल को अनुमंडल पदाधिकारी, हाजीपुर बनाया गया है। इसके अलावा जहानाबाद के जिला पंचायत राज पदाधिकारी सुजीत कुमार को एसडीओ अरेराज तथा रोहतास के वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश लाल को एसडीओ जगदीशपुर की जिम्मेदारी दी गई है। स्थानान्तरण की इस कड़ी में बिक्रमगंज (रोहतास) के डीसीएलआर संतोष कुमार को एसडीओ मधुबनी सदर, पटना के वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार सिंह को एसडीओ मंझौल और पदस्थापन की प्रतीक्षा में चल रहे राकेश रंजन कुमार को एसडीओ कहलगांव के पद पर भेजा गया है। इसके साथ ही बक्सर के वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार और मुजफ्फरपुर के वरीय उप समाहर्ता यशवंत कुमार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार, पटना में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अनुमंडल अधिकारी के पद पर पदस्थापित होने वाले सभी अधिकारियों को संबंधित अनुमंडल क्षेत्रों के लिए 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023' की धारा-14 और धारा-163 के तहत कार्यपालक दंडाधिकारी की आवश्यक शक्तियां भी प्रदान की जाती हैं।

# स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के भुगतान की प्रक्रिया शुरू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों से स्नातक संकाय में उत्तीर्ण करीब डेढ़ लाख छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने दिसंबर, 2025 तक स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं का डेटा सत्यापित कर लिया है। जिन 2234 छात्राओं का डेटा अधूरा पाया गया है उसे सप्ताह भर में ठीक करने का निर्देश संबंधित विश्वविद्यालयों को दिया गया है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि लाभुकों के बैंक खाते में भेजने के लिए वित्त विभाग ने राशि की स्वीकृति दे दी है। विभाग के अंतर्गत संचालित उच्च शिक्षा निदेशालय ने 17 विश्वविद्यालयों द्वारा स्नातक संकाय में उत्तीर्ण छात्राओं का डेटा का सत्यापन के बाद 10 सितंबर तक सभी लाभुकों के खाते में प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो.एनके अग्रवाल के मुताबिक मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना में स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को 50-50 हजार रुपये देने का प्रविधान है। उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर जिन लाभुक छात्राओं का डेटा उपलब्ध कराया गया था उनमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना विवि, बीएन मंडल विवि, बीआरए बिहार विवि, जयप्रकाश विवि, ललित नारायण मिथिला विवि, मुंगेर विवि, पूर्णिया विवि, तिलका मांझी भागलपुर विवि, वीर कुंवर सिंह विवि, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विवि, मगध विवि, मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विवि, नालंदा खुला विवि, आर्यभट्ट ज्ञान विवि, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विवि तथा चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान विवि की स्नातक पास छात्राएं शामिल हैं।

# बिहार राजस्व सेवा के नौ अधिकारियों का इस्तीफा मंजूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बिहार राजस्व सेवा के नौ अधिकारियों का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है। इन अधिकारियों का चयन बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के जरिए विभिन्न सेवाओं में हुआ है। अलग-अलग तिथियों में दिए गए इस्तीफ़े के बाद अब विभाग इन पदों को नए सिरे से भरने की तैयारी में जुट गया है। त्यागपत्र स्वीकार होने के बाद सबसे अधिक चार पद मधुबनी जिले से रिक्त हुए हैं। खजौली के राजस्व अधिकारी महेंद्र कुमार का चयन बिहार पुलिस सेवा में हुआ है। वह आरक्षी उपाधीक्षक के पद पर योगदान देंगे। कलुआही के राजस्व अधिकारी योगेंद्र नारायण राज्य कर सहायक आयुक्त बनेंगे। अंधराठाढ़ी की राजस्व अधिकारी प्रियंका कुमारी बिहार प्रशासनिक सेवा में चयनित हुई हैं। मधवापुर के राजस्व अधिकारी पंकज कुमार का चयन बिहार शिक्षा सेवा में हुआ है। बेलदौर के अंचलाधिकारी सुजीत कुमार यादव पुलिस उपाधीक्षक के पद पर योगदान करेंगे। रिविलगंज की राजस्व अधिकारी अर्चना कुमारी का चयन सहायक निबंधक के पद पर हुआ है। मनीगाछी की राजस्व अधिकारी श्वेता भी बिहार प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित हुई हैं। नीमचक बथानी के अंचलाधिकारी अमित कुमार अवर निबंधक के पद पर योगदान देंगे।




# नेपाल में जल प्रलय से बिहार में हाई अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेपाल में गंडक नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की स्थिति उत्पन्न होने और गंडक नदी में अचानक जलप्रवाह बढ़ने की आशंका को देखते हुए बिहार में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गंडक नदी में करीब तीन मीटर तक ऊंची फ्लैश फ्लड वेव आने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए गंडक नदी से जुड़े जिलों में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आपात बैठक की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित संकल्प' सभागार में नेपाल के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की स्थिति तथा गंडक नदी में अचानक जलप्रवाह बढ़ने की संभावना को देखते हुए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बिहार के संबंधित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने तथा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपाल में विकसित हो रही स्थिति को देखते हुए बिहार में संभावित प्रभाव वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जाए। विशेषकर गंडक नदी से जुड़े पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली सहित अन्य संवेदनशील जिलों में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में बाढ़ के कारण आने वाले पानी की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए तथा संभावित प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। तटबंधों की मजबूती सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसी भी कमजोर हिस्से पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने बांधों एवं तटबंधों पर रात में भी विशेष नाइट पेट्रोलिंग कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशील एवं प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन द्वारा लाउडस्पीकर/माइक के माध्यम से लोगों को लगातार आवश्यक सूचना एवं संभावित खतरे की चेतावनी दी जाए ताकि समय रहते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। नेपाल के रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, लमजुंग जिलों में फ्लैश फ्लड का उच्च जोखिम पूर्वानुमानित किया गया है। ये सभी जिले गंडक कैचमेंट क्षेत्र में आते हैं। वहीं दोलखा और सिंधुपालचोक में भी फ्लैश फ्लड का उच्च जोखिम बताया गया है, जो कोसी कैचमेंट क्षेत्र में हैं। इसके अलावा, कोसी, बागमती और गंडक कैचमेंट के कई अन्य क्षेत्रों में फ्लैश फ्लड का मध्यम जोखिम पूर्वानुमानित किया गया है। गंडक नदी में संभावित बढ़े हुए जलप्रवाह को देखते हुए पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, शिवहर समेत अन्य संवेदनशील जिलों में भी स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। सभी जिलाधिकारियों को नदी के जलस्तर, तटबंधों, निचले इलाकों, पुल-पुलियों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने तथा स्थानीय समुदाय को समय पर अलर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तिब्बत में बादल फटने से हुई तबाही, संभावित बाढ़ को लेकर जल संसाधन विभाग अलर्ट

## मुख्य सचिव ने संबंधित जिलाधिकारियों को दिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** तिब्बत प्रभाग में बुधवार की सुबह बादल के फटने के कारण भोटे-कोशी नदी, जो तिब्बत में उद्गमित होकर नेपाल स्थित त्रिशूली नदी में मिल जाती है में लगभग 3 मीटर का सैलाब प्रवाहित हो रहा है। नेपाल से होकर आने वाले पानी का सैलाब से गंडक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने की संभावना है। इसको देखते हुए जल संसाधन विभाग ने अलर्ट घोषित कर दिया है। विदित हो कि तिब्बत प्रभाग में बुधवार की सुबह बादल फटने के कारण नेपाल में पानी का सैलाब आने से भारी क्षति हुई है। नेपाल में तबाही मचाने के बाद उस पानी के गंडक नदी में आने की संभावना है। जल संसाधन विभाग द्वारा इस घटना पर त्वरित सतर्कता बरतते हुए वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज के सभी गेटों (36 गेट) को खोला गया है और गंडक बराज पर मुख्यालय स्तर से अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में एक तकनीकी दल को भेजा गया है। साथ ही गंडक नदी बेसिन में अवस्थित सभी जिलों में चेतावनी संवाद जारी कर दिया गया है। इस संबंध में विभागीय पदाधिकारियों को संभावित आकस्मिक स्थिति के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करते हुए लगातार चौकसी एवं निगरानी बरतने हेतु निदेशित किया गया है। इस क्रम में बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु सामग्रियों के भंडारण एवं तटबंधों के सतत निरीक्षण का पुख्ता इंतजाम किया गया है। बताया जाता है कि इस घटना के फलस्वरूप इसके निम्नप्रवाह में गंडक नदी के जलस्राव एवं जलस्तर में भी अप्रत्याशित वृद्धि संभावित है। आज मध्यान 12.00 बजे वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज से 86,000 क्यूसेक का जलस्राव प्रवाहित हुआ है जिसकी प्रवृत्ति बढ़ने की है। नेपाल प्रभाग स्थित नारायणी नदी का देवघाट गेज स्थल पर वर्तमान जलस्तर 4.77 मीटर है। इस स्थल पर खतरे का निशान 9 मीटर एवं चेतावनी स्तर 7.30 मीटर है। यहां नदी में पानी बढ़ने पर गंडक बराज तक पहुंचने में लगभग 3.50 घंटा समय लगने की संभावना है। इसको लेकर मुख्य सचिव के स्तर से संबंधित सभी जिला पदाधिकारी के साथ अकस्मात बैठक आहूत कर मामले से अवगत कराते हुए सभी आवश्यक तैयारियां यथा तटबंध के अंदर के आवासितों को माईकिंग कराकर अवगत कराना तथा ससमय सुरक्षित स्थान पर ले जाने हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। वहीं संभावित प्रवाहित क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को नियुक्त किया जा रहा है। उधर, गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा मुख्य सचिव, बिहार, प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग एवं सचिव, जल संसाधन विभाग के साथ बैठक आहूत कर स्थिति की समीक्षा की गयी एवं संबंधितों को 'हाई अलर्ट' मोड में रहते हुए सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय सुनिश्चित करने तथा स्थिति पर लगातार नजर बनाये रखने हेतु निर्देश दिया गया है।

# भूमि बचाओ किसान संघर्ष समिति का पटना में प्रदर्शन, जमीन नहीं देने का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** 'जान देंगे, जमीन नहीं देंगे', 'जमीन हमारी, हक हमारा, नहीं चलेगा जुल्म तुम्हारा' और 'सैटेलाइट सिटी नहीं, हमें स्मार्ट गांव चाहिए' जैसे नारों के साथ भूमि बचाओ किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने पटना के ऐतिहासिक गोलघर के निकट से विशाल जुलूस निकाला। किसानों ने प्रवासी बिहारियों के लिए गांव-गांव में कृषि आधारित उद्योगों का जाल बिछाने की मांग की। जुलूस कदम-कदम फौजी अंदाज में आगे बढ़ा और जेपी गोलंबर पर लगे बैरिकेड को पार कर डाकबंगला चौराहा पहुंचा जहां पुलिस के साथ नोकझोंक हुई। किसान मुख्यमंत्री से मिलने की मांग पर आगे बढ़ने के लिए अड़े रहे।

सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि यह लड़ाई केवल जमीन की नहीं, बल्कि किसानों के अस्तित्व, आजीविका और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीन लेने के लिए तरह-तरह की चालें चली जा रही हैं और किसानों को लोभ देकर फंसाने की कोशिश हो रही है। उनके अनुसार सरकार की कथित योजना में पहले लैंड पुलिंग, फिर समझौता निगोशिएटेड सेटलमेंट, इसके बाद भूमि खरीद या अधिग्रहण और अंत में हाइब्रिड मॉडल के जरिए दबाव बनाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने कहा कि किसान इन प्रयासों को समझ चुके हैं और अंतिम सांस तक जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे। देव कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार चौहान, सौरभ प्रियदर्शी, ई. अनिल कुमार सिंह, मनीष कुमार, महेश प्रसाद सिंह, जालंधर यदुवंशी, राजेश कुमार रंजन, रवि कुमार, जयपति सिन्हा, विनोद सिंह, सुरेश सिंह, पवन कुमार, संजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, नवीन सहनी, शत्रुघ्न यादव और सुमन कुमार ने भी सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कृषि आधारित समाज सरकार की कथित भूमि नीति के खिलाफ एकजुट है और दिल्ली किसान आंदोलन की तर्ज पर संघर्ष जारी रखा जाएगा।

# अधिवक्ताओं की लोकतंत्र में भूमिका महत्वपूर्ण : योगेश चंद्र वर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की पटना हाईकोर्ट इकाई का तीसरा सम्मेलन, सांगठनिक चुनाव एवं 'लोकतंत्र में अधिवक्ताओं की भूमिका' विषय पर सेमिनार बुधवार को पटना हाईकोर्ट परिसर स्थित बिहार बार काउंसिल भवन, राजीव राय नगर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बिहार स्टेट बार काउंसिल के सदस्य योगेश चंद्र वर्मा ने कहा कि मौजूदा समय में लोकतंत्र खतरे में है और ऐसे दौर में अधिवक्ताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। कार्यक्रम में पटना हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद सिंह भी उपस्थित रहे। सेमिनार को संबोधित करने वालों में महेश्वर प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र नाथ मिश्र, एआईएलयू के महासचिव विजेंद्र सिंह, अमरेंद्र कुमार सिन्हा, डॉ. गोपाल कृष्ण, अशोक कुमार, रामजीवन प्रसाद सिंह, राम संदेश राय, राजाराम राय, मणिलाल, आदित और मंजू शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र नाथ मिश्र ने की जबकि संचालन शैलेंद्र प्रसाद सिंह और महेश्वर प्रसाद ने किया। सम्मेलन में पटना हाईकोर्ट इकाई के लिए 15 सदस्यीय नई कमेटी के गठन की घोषणा की गई। इसमें अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद, सचिव शैलेंद्र प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष मणिलाल, रंजीत झा और अनिल कुमार सिंह, सह सचिव सदन कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह और शंकर पासवान तथा कोषाध्यक्ष अशोक कुमार चुने गए। सम्मेलन के दौरान सभी ने दिवंगत अधिवक्ता राजीव राय के चित्र पर माल्यार्पण किया। समापन से पूर्व धन्यवाद ज्ञापन मणिलाल ने किया। कार्यक्रम की जानकारी अशोक कुमार, अधिवक्ता, एआईएलयू पटना हाईकोर्ट इकाई ने दी।

# डॉ. प्रेम कुमार ने बाढ़ की त्रासदी पर गहरी संवेदना प्रकट की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नेपाल के रसुवा और भोटेकोशी नदी क्षेत्र में तिब्बत सीमा के पास अचानक आए भीषण बादल फटने और बाढ़ की त्रासदी पर गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने इस हृदयविदारक घटना में कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों सहित बड़ी संख्या में लोगों के लापता होने की खबर पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस आपदा में सैकड़ों भारतीय नागरिकों के भी लापता होने की सूचना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से सभी लापता लोगों की सकुशलता और सुरक्षा के लिए प्रार्थना की है तथा संकट की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# पर्यावरणविदों की जीवनी पर आधारित पुस्तक बिहार के पर्यावरण स्तंभ का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान परिषद सभागार में निशांत रंजन अदिति रॉय तथा अमित कुमार पाण्डेय द्वारा लिखित बिहार के पर्यावरणविदों के जीवनी एवं कार्यों पर आधारित पुस्तक 'बिहार के पर्यावरण स्तंभ' का लोकार्पण डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा खान एवं भूतत्व विभाग बिहार सरकार के करकमलों द्वारा किया गया। मौके पर मंत्री डॉ प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि आज के मोबाइल युग में जहां युवा किताबों से दूर होते जा रहे हैं वैसे में युवा का लेखन में रुचि लेना प्रदेश के लिए गौरव की विषय है। पर्यावरण नायकों का जीवनी हमारे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत का काम करेगा और उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रास बिहारी प्रसाद सिंह ने कहा कि इस पुस्तक में पर्यावरण के लिए अपने पूरे जीवन को समर्पित कर देने वाले 35 नायकों के कार्य को संकलित करने का बेहतरीन कार्य किया गया है, हमारे युवा पीढ़ी इससे बहुत लाभान्वित होगी। पद्मश्री प्रो. रविंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि हम सभी को जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए जी जान से कोशिश करना चाहिए। लेखकों ने भी इस पुस्तक को पूरा करने में काफी मेहनत की है वे बधाई के पात्र हैं। पक्षी विशेषज्ञ अरविंद मिश्रा ने कहा कि बिहार में पर्यावरणविदों की जीवनी के संकलन का एक अनूठा कार्य है, हमें आशा है कि दूसरे राज्य भी इससे प्रेरणा लेकर अपने राज्य में भी इसे लागू करने का प्रयास करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. संजय पासवान ने कहा कि हम सब के अंदर पर्यावरण के साथ जीने की ललक होती है, लेकिन हम लोग ही उसे पहचान नहीं पाते हैं, लेखकों ने अपने प्रयास से हर व्यक्ति को पर्यावरण के लिए अपने स्तर पर प्रयास करने का प्रेरणा स्रोत तैयार किया है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के पूर्व प्राचार्य प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि हमारे समय में पर्यावरण संरक्षण को लोग सरकार के कार्य समझते थे, लेकिन समय

# पटना में 'तुलसी के राम' कार्यक्रम आयोजित

## सम्राट चौधरी और संजय सरावगी ने की शिरकत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रवींद्र भवन में सनातन संस्कृति चेतना परिषद के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जयंती सप्ताह के अवसर पर 'तुलसी के राम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र को जन-जन तक पहुंचाया है। भगवान राम केवल आराध्य नहीं, बल्कि मर्यादा, त्याग, करुणा और कर्तव्यबोध जैसे आदर्श जीवन-मूल्यों के प्रतीक हैं। उन्होंने जोर दिया कि आज की युवा पीढ़ी को श्रीराम के आदर्शों और भारतीय संस्कृति की महान परंपरा से परिचित कराने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थापित कर रहा है जिससे युवा अपनी जड़ों से मजबूती से जुड़ रहे हैं।

# दूसरे दिन भी जारी रहा केवाइपी बचाओ महाआंदोलन

## केंद्र संचालकों ने मांगों को लेकर बुलंद की आवाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के नवीनीकरण, लंबित भुगतान एवं प्रशिक्षण कार्य तत्काल शुरू कराने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में शुरू हुआ केवाईपी बचाओ महाआंदोलन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। केंद्र संचालकों एवं संबंधित लोगों ने धरना-प्रदर्शन कर सरकार और विभाग से अपनी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। दूसरे दिन भी प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर सरकार एवं विभाग का ध्यान केवाईपी केंद्रों की समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया। इस दौरान 'कौशल विकास हमारा अधिकार' और 'रोजगार और सम्मान– कौशल विकास हमारी पहचान' जैसे



धरना स्थल पर उपस्थित केवाइपी केंद्र संचालक

नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि संपूर्ण बिहार में लंबे समय से केवाईपी केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्य प्रभावित है। वहीं केंद्र संचालकों का भुगतान भी करीब आठ माह से लंबित है जिससे संचालकों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। केंद्र संचालकों की प्रमुख मांगों में पुराने संचालित केवाईपी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर नवीनीकरण प्रदान करना, लंबित भुगतान का अविलंब निष्पादन तथा केवाईपी प्रशिक्षण कार्य को तत्काल पुनः प्रारंभ करना शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केवाईपी के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है। ऐसे में केंद्रों का संचालन लंबे समय तक प्रभावित रहना युवाओं के हित में नहीं है। सरकार एवं संबंधित विभाग को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर समाधान निकालना चाहिए। केंद्र संचालकों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो केवाईपी बचाओ महाआंदोलन को और व्यापक एवं चरणबद्ध रूप दिया जाएगा। इस संदर्भ में एक शिष्टमंडल ने जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार एवं बीजेपी पार्टी अध्ययक्ष को भी मिलकर ज्ञापन सौंपा जिसमें डॉ. आनंद रंजन झा, राकेश कुमार सिन्हा, संदीप कुमार, रामयत्न जी एवं अन्य कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र संचालक उपस्थित रहे।

# राज्य में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसानों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। किसानों को निर्धारित व्यवस्था के तहत समय पर एवं उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्री सिन्हा ने कहा कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उर्वरक की उपलब्धता, आवंटन एवं बिक्री की जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक लगातार निगरानी की जा रही है। जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था पर सतत नजर रखी जा रही है। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की कि उर्वरक से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत होने पर वे अपने जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अथवा प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क करें। इसके अतिरिक्त किसान हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# दानापुर मंडल में 'प्रोजेक्ट रेल साथी' के अंतर्गत चला जन जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दानापुर।** दानापुर मंडल में 'प्रोजेक्ट रेल साथी' अभियान के अंतर्गत स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। यह अभियान रेलवे पटरियों और स्टेशनों के आसपास रहने वाले समुदायों के साथ विश्वास और साझेदारी बनाने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक सामुदायिक पुलिसिंग पहल है। इस पहल के मूल में रेलवे और आसपास के समुदायों के बीच की दूरी को पाटना और यह संदेश पहुंचाना है कि रेलवे कोई बाहरी या दूर की संस्था नहीं, बल्कि उनके अपने समुदाय और रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा है। इसलिए रेलवे संपत्ति की सुरक्षा करना, ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना और पत्थरबाजी, अनधिकृत प्रवेश तथा अवरोध जैसी गतिविधियों को रोकना रेल प्रशासन, यात्रियों और स्थानीय निवासियों सभी के सामूहिक हित की बात है। प्रोजेक्ट रेल साथी के तहत आरपीएफ कर्मी, बच्चों, युवाओं, अभिभावकों, स्थानीय प्रतिनिधियों और समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ संवाद, जागरूकता कार्यक्रमों, खेलकूद और अन्य सहभागी गतिविधियों के माध्यम से सीधे जुड़ रहे हैं। इस अभियान का जोर संवाद, विश्वास निर्माण और रेलवे सुरक्षा के प्रति साझा जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर है। इस पहल से समुदायों के भीतर 'रेल साथियों' का एक नेटवर्क तैयार करने की योजना भी है जो असुरक्षित गतिविधियों को हतोत्साहित कर सकें, अपने साथियों के बीच जागरूकता फैला सकें और आरपीएफ के साथ समय पर जानकारी साझा कर सकें।

# शिक्षा में नई इबारत लिख रहा 'टीचर्स ऑफ बिहार', सरकारी स्कूलों की बदल रही तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स' मंच एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। डिजिटल संसाधनों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से राज्य के स्कूलों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। यह मंच शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों, गतिविधियों और अपने उत्कृष्ट कार्यों को साझा करने का अवसर देता है जिससे वे एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हैं। ई-पत्रिकाओं, डिजिटल शिक्षण सामग्री और प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिल रहा है। शिक्षक अब गतिविधि आधारित शिक्षण, परियोजना कार्यों और सहायक सामग्रियों के जरिए पढ़ाई को और अधिक प्रभावी बना रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार और मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि यह मंच शिक्षकों को जोड़ने और उनके नवाचारों को समाज तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। जहां शिक्षक सीखते हैं, साझा करते हैं और नवाचार करते हैं, वहीं से शिक्षा में वास्तविक परिवर्तन की शुरुआत होती है। यह अभियान साबित कर रहा है कि सरकारी विद्यालयों में बदलाव शिक्षकों के समर्पण और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

# बिहार राज्य कराटे चैंपियनशिप में 300 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** खेल भवन, बाजार समिति में बिहार राज्य कराटे चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया गया। भर ले उड़ान के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में बिहार के 14 जिलों से करीब 300 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने काता और कुमिते सहित विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने मुकाबलों के दौरान अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बिहार के युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना और राज्य स्तर पर उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाना था। कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रा तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के सब एडिटर प्रेम कुमार सहित गोल्ड मैन ऑफ बिहार मधु मंजरी, राजद प्रतिनिधि और भाजपा नेता सौरभ भारती पासवान समेत कई गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन की सचिव सेंसेई स्वीटी पंडित और अध्यक्ष कोमल पांडेय ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों, रेफरी और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम रोशन करने की प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता में आयुष, अनामिका, कृषांग, अमन, धृतिका और सानवी सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों एवं आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

# अजीम प्रेमजी फाउंडेशन 20 हजार छात्राओं को देगा स्कॉलरशिप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने दिल्ली (एनसीटी) के लिए अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप शुरू करने का ऐलान किया है। इस साल दिल्ली में 20000 तक छात्राओं को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए इस स्कॉलरशिप से मदद मिलेगी। स्कॉलरशिप के लिए चुनी गई हर छात्रा को हर साल 30000 रुपये दिए जाएंगे। यह राशि कॉलेज के पहले साल से लेकर छात्राओं की स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक दी जाएगी। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर ने कहा कि हमारे देश और समाज के भविष्य और उसकी खुशहाली को हासिल करने और बनाए रखने में लड़कियों की भूमिका किसी भी दूसरे सामाजिक समूह से कहीं ज्यादा होगी। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में बराबर मौके मिले। उच्च शिक्षा ऐसे ही सबसे अहम क्षेत्रों में से एक है। यह जिंदगी भर उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने और आगे बढ़ने की ताकत देती है। उच्च शिक्षा हासिल करने में लड़कियों को आज भी जिन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, हमारी स्कॉलरशिप उनमें से कुछ मुश्किलों को सीधे तौर पर दूर करने की कोशिश करती है।

# खातीपुरा (जयपुर) से हावड़ा के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा डीडीयू-गया-कोडरमा-गोमो-धनबाद के रास्ते खातीपुरा और हावड़ा के मध्य एक फेरा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 08 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 09709 खातीपुरा-हावड़ा स्पेशल 29 अगस्त, 2026 शनिवार को खातीपुरा (जयपुर) से 17.00 बजे खुलकर रविवार को 09.30 बजे डीडीयू, 12.20 बजे गया, 13.35 बजे कोडरमा, 16.00 बजे धनबाद सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 22.15 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

# मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना ने नौ हजार महिलाओं को दिया स्वरोजगार का अवसर

## सरकार की वित्तीय सहायता ने महिला उद्यमियों के शौक को बनाया रोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के नेतृत्व में महिलाएं स्वरोजगार की ओर अग्रसर हैं और सफलता हासिल कर रही हैं। इसका सफल उदाहरण मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के आंकड़ों से स्पष्ट होता है। उद्योग विभाग के अनुसार इस योजना के माध्यम से अब तक 9,100 से अधिक महिलाओं ने अपना व्यवसाय स्थापित कर कीर्तिमान रचा है। सरकार की ओर से इन महिलाओं को 671 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ प्रदान किया गया है। इस राशि की मदद से हजारों ग्रामीण एवं शहरी महिलाएं आज आत्मनिर्भर होकर अपना रोजगार चला रही हैं और अपने साथ-साथ अन्य लोगों को भी आय का साधन उपलब्ध करा रही हैं। बांका जिले के फुल्लीडुमर प्रखंड के भीतिया गांव की ममता कुमारी को मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के अंतर्गत आटा-बेसन उत्पादन परियोजना के लिए सात लाख रुपये की राशि मिली। आज ममता कुमारी प्रतिमाह 50 हजार रुपये कमा रही हैं और अपनी इकाई में पांच अन्य लोगों को रोजगार भी दिया है। इसी प्रकार बांका जिले के बाराहाट प्रखंड के नया नगरी गांव में रहने वाली बबीता कुमारी ने योजना के तहत मिली वित्तीय सहायता से अपने घर पर फुटबॉल बनाने की इकाई स्थापित की। वर्तमान में आसपास की कुल 50 महिलाओं को इस इकाई से जुड़कर रोजगार मिला है। उनका वार्षिक टर्नओवर अब लगभग 40 लाख रुपये हो चुका है। बबीता की इकाई में निर्मित फुटबॉल बिहार के अलावा बंगाल, झारखंड, ओडिशा और असम में भेजे जा रहे हैं। कैमूर जिले में कुमारी सरिता यादव ने अपने शौक को रोजगार का रूप दिया।

# फॉर्च्यून सोया हेल्थ ने अनोखा आउट ऑफ होम कैंपेन किया शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मानसून के पसंदीदा खान-पान को केंद्र में रखते हुए फॉर्च्यून सोया हेल्थ रिफाइंड सोयाबीन ऑयल ने पटना में एक अनोखा आउट ऑफ होम कैंपेन शुरू किया है। बारिश के साथ पकौड़ों का स्वाद थीम पर आधारित इस कैंपेन में बड़े आकार की अनोखी प्रस्तुतियों के जरिए मानसून और पकौड़ों के पसंदीदा मेल को जीवंत किया गया है। इस अनोखे मानसून कैंपेन और प्रस्तुतियों पर टिप्पणी करते हुए एडब्ल्यूएलएग्री बिजनेस लिमिटेड के ग्रुप प्रोडक्ट मैनेजर प्रशांत पांडे ने कहा कि मानसून का भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान है और भोजन इसके अनुभव का अभिन्न हिस्सा है। बारिश का नजारा देखते ही गरमा-गरम पकौड़ों की इच्छा होने लगती है। बारिश के साथ पकौड़ों का स्वाद के जरिए कंपनी इस गहरे और परिचित जुड़ाव को ऐसे अंदाज में सामने लाना चाहती थी जिसे लोग सिर्फ देखें नहीं, बल्कि महसूस भी कर सकें। दिल्ली, वाराणसी और पटना में कैंपेन को ले जाने और इसे फॉर्च्यून सोया हेल्थ तथा फॉर्च्यून बेसन के ऑफर से जोड़ने के जरिए कंपनी ने मानसून के इस अनुभव को सड़कों से घरों तक पहुंचाने की कोशिश की है।

# दिल्ली में 27 अक्टूबर को आयोजित होगा शाहाबाद महोत्सव

## राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार दिखेगी शाहाबाद की झलक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जारी अभियान के तहत इस वर्ष शाहाबाद महोत्सव का आयोजन देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम आगामी 27 अक्टूबर को संसद भवन के समीप मावलंकर भवन में आयोजित होगा जिसमें कई नामी गिरामी हस्तियां शामिल होंगी। इस संबंध स्थानीय परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि अपने गौरवशाली विरासत और परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु समिति वर्ष 2019 से व्यापक अभियान शुरू किया है और इसके सकारात्मक परिणाम धरातल पर उतरने भी लगे हैं। इसमें खासकर प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया की प्रशंसनीय भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि चकाचौंध और आधुनिकता के दौर में हमारे यहां के अनेक परम्परागत कला विलुप्त होने के कगार पर है जिसे संरक्षित करना हमारे पीढ़ी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है, इसी उद्देश्य से दिल्ली में पहली बार परम्परागत गोड़ नाच, कुडुक नृत्य, शिवनरायणी गीत, धोबिया धोबिनियां के नाच जैसे शाहाबाद प्रक्षेत्र के प्रमुख नृत्य संगीत की प्रस्तुति होगी। साथ हीं अपनी अलग और अनूठी पहचान रखने वाले यहां के प्रमुख खाद्य सामग्री जैसे चेनारी के गुड़ की लड्डू, बक्सर की पापड़ी, कोआथ का बेलग्रामी, बेतरी का चावल की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रमुख महापुरुषों तथा ऐतिहासिक व प्राकृतिक सौंदर्य स्थलों का भी तैल्य चित्र प्रदर्शनी भी लगाया जाएगा, ताकि लोग हमारे परम्परागत कला संस्कृति, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत तथा प्राकृतिक सौंदर्य से रुबरु हो सकें। अखिलेश कुमार ने कहा कि समारोह में राजनीतिक, प्रशासनिक, साहित्यिक, कला संस्कृति, चिकित्सा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में महती भूमिका निभा रहे लोग उक्त महोत्सव में शामिल होंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव सह गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर गोविंद नारायण सिंह ने कहा कि अपने सभ्यता संस्कृति और गौरवशाली परंपरा को संजोए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व बनता है और इसी को केन्द्र में रखकर शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के बैनर तले जो अभियान 2019 में आरंभ किया गया था वह इतिहास रचने लगा है। उन्होंने कहा कि आज शाहाबाद के कैमूर की वादियों से लेकर मैदानी क्षेत्र बक्सर जगदीशपुर आरा तक पर्यटन विकास को लेकर जो सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं उसमें शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के माध्यम से जारी निरंतरता प्रमुख भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि जब पहली बार इस वर्ष दिल्ली में जब शाहाबाद के कला संस्कृति, धरोहर तथा पर्यटन की अपार क्षमता का झलक दिखेगी तो वह काफी गौरवान्वित महसूस करने वाला पल होगा तथा इसका व्यापक संदेश भी जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में आयोजन समिति के संजय पासवान, विमल कुमार सिंह, जीएम अंसारी, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता रणजीत सिंह, आरुणिश पांडेय, क्षितिज कुमार, सरदार परमजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# एसडीएम ने मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया जिसके तहत सबसे पहले बिस्कोमान परिसर में अधिष्ठापित भवन का निरीक्षण किया गया और भवन की वर्तमान जर्जर स्थिति एवं आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को भवन को नए एवं सुव्यवस्थित स्वरूप में पुनर्निर्मित और जीर्णोद्धार कराने हेतु गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी ने काव नदी के रोड किनारे हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया जहां सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतिक्रमणकारियों एवं अतिक्रमित स्थलों को चिन्हित किया गया तथा अंचल अधिकारी, बिक्रमगंज को निर्देश दिया गया कि जिन अतिक्रमणकारियों के पास रहने या व्यवसाय करने हेतु अन्यत्र कोई भूमि उपलब्ध नहीं है, उन्हें नियमानुसार उपयुक्त वैकल्पिक स्थान पर बसाने की कार्रवाई करते हुए सड़क सुरक्षा और सुगम आवागमन हेतु अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें, इसी क्रम में डुमरांव रोड स्थित काली मंदिर का भी निरीक्षण किया गया जहां मंदिर परिसर की मूलभूत सुविधाओं और साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन कर कनीय अभियंता, नगर परिषद्, बिक्रमगंज को खराब पड़े सरकारी नल को शीघ्र चालू कराने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया गया जबकि अभियान के अंतिम चरण में तेंदूनी चौक का निरीक्षण कर सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण का जायजा लिया गया और नगर परिषद् को समय-समय पर अतिक्रमण हटाने, अस्थायी दुकानदारों को बैरिकेडिंग के अंदर ही ठेला लगाने हेतु निर्देशित करने तथा पूरे नगर परिषद् क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी, बिक्रमगंज, कार्यपालक दंडाधिकारी, बिक्रमगंज, कनीय अभियंता, नगर परिषद्, स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# अकीदत और भाईचारे के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

## अख्तर अंसारी ने श्रद्धालुओं के बीच शर्बत व पानी का किया वितरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे पैदाइश बारह रबीउल अव्वल के अवसर पर बुधवार को डिहरी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के तहत जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जामा मस्जिद बारह पत्थर से निकले जुलूस में मुस्लिम समुदाय के बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। जुलूस के दौरान अकीदत के साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से शांतिपूर्ण माहौल में गुजरा। डिहरी नगर थानाध्यक्ष राहुल सहित प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल जुलूस के आगे चलते रहे।

# कई वर्षों से बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंच रहे सोनू सिंह, शिव परिवार से सीखने की दी प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी /अकोढ़ीगोला।** पवित्र श्रावण मास में भगवान शिव की भक्ति में श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंच रहे हैं। अकोढ़ीगोला से कांवरियों का जत्था लेकर कई गाड़ियां तथा कलाकारों की टोली, लेकिन पिछले कई वर्षों से लगातार बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले शिवभक्त एवं विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने 'नवबिहार टाइम्स' से बातचीत में श्रावण मास की महत्ता और शिव परिवार से मिलने वाली सीख साझा की। विधायक सोनू सिंह ने कहा कि भगवान शिव की आराधना के साथ उनके परिवार के आदर्शों को भी समझने की जरूरत है। शिव परिवार हमें आपसी प्रेम, शांति, सद्भाव और निर्भर जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि माता पार्वती का वाहन सिंह और भगवान शिव का वाहन नंदी है। सिंह और वृषभ स्वभाव से एक-दूसरे के विरोधी माने जाते हैं, इसके बावजूद शिव परिवार में दोनों शांतिपूर्वक रहते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान कार्तिकेय का वाहन मोर और भगवान शिव के गले में सर्प है जबकि मोर और सर्प की शत्रुता जगजाहिर है। वहीं, भगवान गणेश का वाहन मूषक है और सर्प को मूषक का भक्षक माना जाता है। इसके बावजूद शिव परिवार में सभी प्रेम, शांति और सद्भाव के साथ रहते हैं। सोनू सिंह ने कहा कि यही शिव परिवार हमें जीवन का महत्वपूर्ण संदेश देता है। अलग देश-काल, अलग जन्म, अलग विचार और अलग उद्देश्य के कारण परिवार में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद को कभी मनभेद नहीं बनने देना चाहिए। परिवार के प्रत्येक सदस्य की स्वतंत्र चेतना का सम्मान करते हुए सभी को आदर और सम्मान दिया जाए तो हमारा घर भी शिवालय बन सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना के साथ उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

# 2.5 लाख के चोरी के बर्तन बरामद, एक शातिर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावथ थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। दावथ थाना कांड संख्या-257/26, 19/08/26 धारा-316(2)/303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज मामले में चोरी गये करीब 2.5 लाख रुपये मूल्य के बर्तनों को पुलिस ने भोजपुर जिले के पिरो बाजार से बरामद कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 19 अगस्त को दावथ थाना क्षेत्र में बर्तन चोरी की घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर अनुसंधान शुरू किया गया। तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए पिरो बाजार में चोरी के बर्तनों को बेचने के फिराक में लगे एक व्यक्ति को धर दबोचा। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सूरज कुमार पिता कृष्णा प्रसाद, साकिन+थाना पिरो, जिला भोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के सभी बर्तन बरामद कर लिए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और इस चोरी में अन्य लोगों की संलिप्तता के बारे में भी जांच की जा रही है। दावथ थाना अध्यक्ष मनीष पंजियार ने जानकारी देते हुए बताया कि विधिवत गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया के साथ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ईद ए मिलाद उन नबी पर निकला भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज/दावथ(रोहतास)।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर मनाये जाने वाले पर्व ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के मौके पर बुधवार को बिक्रमगंज शहर और दावथ प्रखंड के मलियाबाग में मुस्लिम समुदाय द्वारा श्रद्धा, उत्साह और अकीदत के साथ भव्य जुलूस -ए- मोहम्मदी निकाला गया। बिक्रमगंज शहर में निकले जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने शामिल होकर नात-ए-पाक और धार्मिक नारों के साथ पैगंबर साहब की शान में अपनी खुशी का इजहार किया। जुलूस शहर के निर्धारित मार्गों से होता हुआ गुजरा, इस दौरान बिक्रमगंज निवासी मो. आदिल खान ने कहा कि यह पर्व हमें पैगंबर साहब के बताए रास्ते पर चलने, आपसी प्रेम, भाईचारा, इंसानियत और शांति का संदेश देता है तथा सभी को मिल-जुलकर सामाजिक सौहार्द मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं दावथ प्रखंड के मलियाबाग में जुलूस सेमरी से निकलकर नेशनल हाईवे मलियाबाग चौक, सेमरी मोड़, दिनारा रोड, डुमरांव रोड, सब्जी बाजार होते हुए कर्बला तक पहुंचा जिसका नेतृत्व मौलाना तैय्यब अली कादरी कर रहे थे। जुलूस में नातख्वां इमरान रोहतासवी ने मैं भारत का मुसलमान, ख्वाजा है मेरा राजा है इस देश का सुल्तान... नात पढ़कर बूढ़ों से लेकर नौजवानों में जोश भर दिया। इस मौके पर मस्जिदों को रंग-बिरंगे बल्बों और फूलों से सजाया गया था, जगह-जगह जुलूस का फूलों से स्वागत किया गया और लोगों के लिए पानी, चाय और शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी, वहीं इस्लामी झंडों के साथ तिरंगा लेकर भी लोग शामिल हुए। स्थानीय लोगों और अन्य धर्मों के लोगों ने भी स्वागत में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। जुलूस को लेकर प्रशासन व पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, प्रमुख चौक-चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर सद्दाम हुसैन, सहनवाज हुसैन, कारी अजीमुद्दीन, मौलाना इसराफिल, मो. फुरकान, रसीद आलम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिवगंज में सावन पर धूमधाम से हुई मां काली की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सावन के पावन अवसर पर शिवगंज मोहल्ले में मां काली की पूजा-अर्चना धूमधाम और श्रद्धा के साथ की गई। सावन पूर्णिमा से एक-दो दिन पूर्व शिवगंज स्थित राधे-गोविंद मंदिर में मां काली तथा बाहर शायर माई की विधिवत पूजा की गई। इस अवसर पर पुजारी दिनेश सिंह पीले वस्त्र धारण कर ग्रामीणों एवं मोहल्लेवासियों के साथ अपने घर से खप्पड़ लेकर बाजे-गाजे के साथ मां का झंडा हाथ में लेकर मोहल्ले का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। इसके बाद मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन में प्रस्तुत 'निमिया की डाढ़' जैसे भक्तिमय गीतों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजा के दौरान मां काली को धूप, हवन, बतासा एवं प्रसाद अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने मां को साड़ी चढ़ाकर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन कार्यक्रम में ललन भगत, पिंटू सिंह, मनोज सिंह, विनोद, कइल मिस्त्री सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे मोहल्ले का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# बाबा गणिनाथ जयंती की तैयारियों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय हलुवाई वैश्य समाज, डिहरी डालमियानगर की कोर कमिटी की बैठक मंगलवार की रात संरक्षक संजय गुप्ता के निवास पर हुई। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष डॉ. मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक में बाबा गणिनाथ जी की शोभायात्रा एवं जयंती महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मार्ग, व्यवस्था और सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान नगर कार्यकारिणी कमिटी की घोषणा की गई तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कुंदन गुप्ता को युवा पूजा समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सदस्यों ने महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में रामबली साह, डॉ. महेंद्र प्रसाद गुप्ता, संजीव कुमार, गुलाबचंद प्रसाद सहित कोर कमिटी के कई सदस्य मौजूद रहे।

# वीकेएस पब्लिक स्कूल, हुरका में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** भीकेएस पब्लिक स्कूल, हुरका में बुधवार को रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वयं राखियां तैयार कर एक-दूसरे के साथ प्रेम, स्नेह, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को रक्षाबंधन पर्व के सांस्कृतिक एवं भावनात्मक महत्व से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा-वार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में कक्षा प्रथम की रोली कुमारी, पिता मुनन शाह, कक्षा द्वितीय की इच्छा कुमारी, पिता कुंदन कुमार, कक्षा तृतीय की शिवानी कुमारी, पिता संतोष कुमार, कक्षा चतुर्थ की सृष्टि कुमारी, पिता बबुल तिवारी, कक्षा पंचम की रागिनी कुमारी, पिता उमेश यादव तथा कक्षा षष्ठ की नव्या कुमारी, पिता बबुल तिवारी शामिल रहीं।


विद्यालय की टॉपर छात्रा नव्या कुमारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पैक्स अध्यक्ष गोल्डन सिंह एवं अजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे। इनके अलावा प्रियेश, ललन सहित पत्रकारगण एवं अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक कुमार रोहित सिंह, प्रधानाचार्या प्रिया कुमारी, शिक्षिका प्रीति कुमारी, शिक्षिका रूपा कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ईद ए मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस, पैगंबर की शिक्षाओं के साथ दिया भाईचारे का पैगाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** ईद-ए-मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर बुधवार को अकोढ़ीगोला प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश की याद में भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में हजारों की संख्या में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस के दौरान लोगों ने नात-ए-पाक पढ़ते हुए पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को याद किया और उनके बताए हुए सत्य, अमन, इंसानियत और आपसी भाईचारे के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। हाथों में इस्लामी झंडे लिए लोग अनुशासित कतार में चल रहे थे और समाज में शांति और सौहार्द कायम रखने की अपील कर रहे थे। जुलूस की शुरुआत निर्धारित रूट के अनुसार अकोढ़ीगोला की मुख्य मस्जिद से हुई। वहां से यह जुलूस कर्बला पहुंचा। कर्बला से होते हुए डिहरी रोड स्थित पीएनबी बैंक, राजपुर रोड में संस्कृत विद्यालय, चांदी रोड स्थित गैस एजेंसी होते हुए पूरे बाजार का भ्रमण किया और अंत में पुनः मस्जिद पहुंचकर जुलूस का समापन किया गया। पूरे रास्ते में जगह-जगह स्थानीय लोगों द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा। जुलूस को लेकर स्थानीय प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मौके पर थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं एवं मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन कुमार एवं प्रभारी अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार एवं बीपीआरओ खालीद आलम स्वयं मौजूद रहकर जुलूस की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। पुलिस बल लगातार जुलूस के साथ चल रहा था और हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए था।

# पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर कौआकोल में निकला जुलूस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में ईद-मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहम्मदी जुलूस निकालकर अमन-चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मिलादुन्नबी की बधाई दी। पैगम्बर साहब के जन्मदिन के अवसर पर जोगाचक गांव से मोहम्मदी जुलूस निकाला गया। इसमें कौआकोल, टिकोडीह, बिझो, सोखोदेवरा, पहाड़पुर सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। जुलूस जोगाचक गांव से निकलकर कौआकोल बाजार होते हुए ब्लॉक मोड़ पहुंचा,जहां से बिझो गांव की ओर रवाना हुआ। बिझो गांव पहुंचकर जुलूस का समापन किया गया। इस दौरान लोगों ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने तथा समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। जुलूस में शामिल, मुजफ्फर अंसारी, नूर तालिब, महबूब आलम, मनावर हुसैन, सरफराज आलम, आशिक अली, शहनवाज आलम, मुर्शिद आलम, नसीम उद्दीन, इकबाल, निसार उद्दीन, गफ्फार उद्दीन, शमशाद आलम, नईम उद्दीन, अब्दुल हुसैन एवं महबूब आलम समेत कई प्रमुख लोग शामिल रहे। वहीं, जुलूस को लेकर कौआकोल पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह दल-बल के साथ जुलूस के दौरान मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। पुलिस की निगरानी में जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर निकला भव्य जुलूस, शांति और सद्भाव का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के अवसर पर बुधवार को नवादा शहर में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान "सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा" के नारों से पूरा शहर गूंजता रहा। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग टोपी और इमाम लगाए शामिल हुए तथा शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाया। जुलूस मुस्लिम मोहल्ला, बड़ी दरगाह, मोगलाखार, गोंदपुर, अंसार नगर, कमालपुर और भदैनी सहित विभिन्न मोहल्लों से निकलकर सद्भावना चौक, गया रोड, रजौली स्टैंड होते हुए मस्तानगंज पहुंचा। वहां से वापस लौटकर रजौली स्टैंड, मेन रोड, प्रजातंत्र चौक, विजय बाजार, कलाली रोड और मुस्लिम रोड होते हुए पुल पार कर लोग अपने-अपने मोहल्लों की ओर चले गए। सुबह करीब 8 बजे शुरू हुआ जुलूस दोपहर 12 बजे तक निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुस्लिम पर्व संगठन एवं नेशनल इस्लामिक फेस्टिवल फेडरेशन ऑफ इंडिया, नवादा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेजाम खान अधिवक्ता द्वारा निर्धारित रूट के अनुसार ही जुलूस निकाला गया। जुलूस की निगरानी में नेजाम खान के साथ सामाजिक कार्यकर्ता शमीम उर्फ कल्लू केवाड़ी, चांद खान, चामू नेता तौकीद उर्फ टिंकू, शाहनवाज खान, नवाब खान, मौलाना सादिक साहब सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग किया। जिला प्रशासन की ओर से भी निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। डीएसपी यातायात, नगर थाना अध्यक्ष उमा शंकर, सर्किल इंस्पेक्टर पंकज झा और बुन्देलखण्ड प्रभारी धनवीर सक्रिय नजर आए। यौमे पैदाइश के मौके पर शहर में जगह-जगह लोगों के बीच पानी, मिठाई आदि का वितरण किया गया। नेजाम खान ने कहा कि पूरे जुलूस में लोगों ने शांति, भाईचारे और सद्भाव का परिचय देते हुए नारे लगाए और निर्धारित समय में जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया।

# रजौली में धूमधाम से मनी ईद-मिलादुन्नबी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार को रजौली में जबरदस्त धार्मिक उल्लास देखने को मिला। इस अवसर पर महसई मोहल्ला,मोमिनपुर,तकिया शरीफ,पचम्बा, धुरगांव,पार रजौली, करबला नगर एवं कुंडला मोहल्ला से गाजे बाजे के साथ जुलूस निकले। सभी जुलूस तकिया शरीफ पर मिले और जगजीवन नगर,मछलहट्टा रोड,पुरानी बस स्टैंड,बजरंगबली चौक से बाजार होते हुए पुनः तकिया शरीफ पर पहुंच जुलूस की समाप्ति हुई। इस भव्य जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। सफेद कुर्ता-पायजामा और सिर पर टोपी पहने लोग हाथों में इस्लामी और तिरंगे झंडे लेकर सड़कों पर निकले। जुलूस में नारे-ए-तकबीर, नारे-ए-रिसालत के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। जुलूस के आगे-आगे उलेमा और धार्मिक अगुवाई करते नजर आए।

जुलूस मार्ग में जगह-जगह लोगों ने शरबत और फूल बरसाकर जुलूस का स्वागत किया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। धार्मिक नेताओं ने कहा कि ईद-मिलादुन्नबी का पैगाम मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का है। पैगंबर साहब ने पूरी दुनिया को अमन और इंसाफ का रास्ता दिखाया। इस दिन हमें उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

रजौली की सभी मस्जिदों को रंगीन लाइटों और झंडों से सजाया गया। मस्जिदों में मिलाद, कुरानख्वानी और दुआ का आयोजन किया गया। गरीबों और जरूरतमंदों के बीच खाना और कपड़े बांटे गए। जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए संपन्न हुआ। प्रशासन और उलेमाओं ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# लोहसिंघानी में कलश यात्रा सह रामधुन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड के मंझिला पंचायत अंतर्गत लोहसिंघानी गांव स्थित देवी मंडप परिसर में बुधवार को आदर्श युवा क्लब के सौजन्य से कलश यात्रा सह रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ मंडप में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर भलुआही बाजार होते हुए कोल्हुआर गांव तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु धार्मिक जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में हिस्सा लिया,जबकि बड़ी संख्या में पुरुष, युवा एवं बच्चे भी शामिल रहे। कलश यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा। यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने धार्मिक आस्था के साथ कार्यक्रम में भाग लिया तथा क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कलश यात्रा के समापन के बाद देवी मंडप परिसर में रामधुनी का आयोजन किया गया। रामधुनी में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भाग लिया। भजन-कीर्तन एवं धार्मिक जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य लोगों में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना तथा नई पीढ़ी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण सह पंचायत समिति सदस्य रेणु कुमारी,रंजीत रजक,रामनिवास प्रसाद, पूर्व मुखिया सनोज कुमार,सरपंच प्रतिनिधि छोटन साव समेत आदर्श युवा क्लब के सदस्यों एवं ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शीर्ष से नवादा जिला कांग्रेस को मिला सम्मान : प्रभाकर झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा कि नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव के० सी० वेणुगोपाल जी द्वारा मई , जून, जुलाई माह में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस की आयोजित सांगठनिक समीक्षा बैठक की गई जिसमें नवादा जिला कांग्रेस कमेटी को संगठन के प्रति उसकी सक्रियता, जमीनी स्तर पर मजबूती और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'ग्रेड ए' से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि नवादा जिले के तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के अथक परिश्रम व समर्पण का परिणाम है।समीक्षा बैठक के दौरान पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और प्रभारियों ने नवादा जिले में चलाए गए विभिन्न अभियानों, जनसंपर्क कार्यक्रमों और संगठन विस्तार की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह ग्रेडिंग इस बात का प्रमाण है कि नवादा में कांग्रेस पार्टी लगातार जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है और संगठन सृजन अभियान को सही दिशा मिल रही है । श्री झा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, "यह 'ग्रेड ए' का दर्जा नवादा के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष , सम्मानित जिला कांग्रेस के नेतागण और एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता के संघर्ष और निष्ठा को समर्पित है। हम अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड्गे साहब, हमारे नेता राहुल गांधी, संगठन के राष्ट्रीय महासचिव के० सी० वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू जी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम सहित राष्ट्रीय कनेक्ट रुम के बिहार प्रभारी विवेक भटनागर और प्रदेश कनेक्ट रुम के मगध प्रभारी विमलेश तिवारी का आभारी हैं जिन्होंने हमारे कार्यों का मूल्यांकन कर हमें यह सम्मान दिया है। यह हमें भविष्य में जनता की सेवा और संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रेरित करेगा।" श्री झा ने कहा कि आने वाले समय में जिले के हर मंडल , पंचायत और बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों को पहुंचाया जाएगा तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर आक्रामक और रचनात्मक संघर्ष जारी रखा जाएगा।

## एक नजर

### सीएस प्रोफेशनल परीक्षा में मधुस ने पाई सफलता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां बाजार निवासी अर्जुन प्रसाद संतोषी के पौत्र एवं राकेश प्रसाद संतोषी उर्फ डिल्लु और चंदा देवी के द्वितीय सुपुत्र मधुस कुमार ने सीएस पोफेशनल परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जून 2026 में इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित ऑल इंडिया कंपनी सेक्रेटरी प्रोफेशनल परीक्षा में मधुस ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। मधुस ने अपनी शुरुआती शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर राजगीर, नालंदा से पूरी की। गुरुकुल कुरुक्षेत्र (हरियाणा) से इंटरमीडिएट किया। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय का रुख किया और वहां से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। स्नातक की शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने कंपनी सेक्रेटरी की अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा की तैयारी भी निरंतर जारी रखी। भारत में कंपनी सेक्रेटरी कोर्स देश की कठिन परीक्षाओं में से एक गिना जाता है लेकिन वे अपनी मेहनत, अनुशासन, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर कंपनी सेक्रेटरी कोर्स के तीनों लेवल की परीक्षाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उसने अपनी सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि इस उपलब्धि में पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद, बड़े भाई के निरंतर मार्गदर्शन तथा माता-पिता और परिवार के सदस्यों के सतत सहयोग एवं प्रेरणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनका मानना है कि यह सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे परिवार के प्रेम, विश्वास और त्याग का परिणाम है। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता उन्हें समर्पित की। अपने करियर में वे कंपनी सेक्रेटरी के रूप में बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करना चाहते हैं। उनका लक्ष्य कॉरपोरेट क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान का उपयोग करते हुए कंपनी के विकास में योगदान देना तथा भविष्य में एक सफल और जिम्मेदार प्रोफेशनल के रूप में अपनी पहचान बनाना है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के सुदनपुर गांव के पास से इंजन रिक्शा से गंगटी जा रही एक महिला को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला नवादा से शराब लेकर जा रही है। सूचना का सत्यापित करने के बाद एक टीम गठित की गई। इस दौरान पुलिस ने पकरीबरावां- राईस पथ पर एक इंजन रिक्शा से जा रही गंगटी गांव की उषा कुमारी को सुदनपुर गांव के पास शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि वह थैला और पर्स में छिपाकर शराब ले जा रही थी। उसके पास से पुलिस ने 750 एमएल का 3 बोतल, 375 एमएल का 4 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 500 एमएल का 5 बीयर बरामद किया है। इस तरह कुल 6.25 लीटर शराब बरामद की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार महिला से पूछताछ की जा रही है।

### कवि मिथिलेश के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

**काशीचक।** मगही भाषा आंदोलन का मजबूत स्तंभ और आंचलिक लोकगीतों के अमर शिल्पकार कवि मिथिलेश के निधनोपरांत मंगलवार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके पैतृक गांव खखरी में किया गया जिसकी अध्यक्षता बिहार मगही अकादमी के अध्यक्ष उदयशंकर शर्मा उर्फ कवि जी ने की। मंच का संचालन नवादा प्रलेस के सचिव प्रखर वक्ता और शब्द शिल्पी अशोक समदर्शी ने किया। इस विशाल श्रद्धांजलि सभा के मंच पर मगहिया दलान के अध्यक्ष डॉ मिथिलेश प्रसाद सिन्हा, पटना विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो तरुण कुमार , इप्टा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह, कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह, किसान नेता अर्जुन सिंह, मगध विश्वविद्यालय के मगही विभागाध्यक्ष डॉ किरण कुमारी शर्मा, लोक कवि उमेश सिंह उमेश समेत कई गणमान्य मंचासीन रहे। इन वक्ताओं ने अपने सीमित उद्गार में कवि मिथिलेश को इस दुनिया से जाना हिंदी मगही साहित्य के लिए अपूर्णीय क्षति बताया और उनके शब्दों की मिठास, रचनाओं की गूंज और आंचलिक भाषाओं के प्रति समर्पण को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया । दूसरे सत्र में काव्यगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया जिसमें दिवंगत मिथलेश की परंपराओं को गति देने वाली रचनाओं का रसधार देर तक बहता रहा । दर्जनों कवियों ने इस अवसर को यादगार बनाते हुए काव्य के विभिन्न रसों के माध्यम से काव्यांजलि प्रस्तुत की और उनके जन्मस्थान खखरी को मगही भाषा भाषियों के लिए तीर्थ स्थान घोषित किया।

## नालंदा

# बिहार की जनता ने अपनी आंखों से देखा है अकल्पनीय परिवर्तन: श्रवण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज मेघी नगवां के दीपनगर गांव स्थित देवी स्थान में षष्टम वित्त आयोग की राशि से 8 लाख 18 हजार रुपये की लागत से चारदीवारी एवं चबूतरा मरम्मत कार्य का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार आज विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2005 के बाद बिहार ने नीतीश मॉडल के तहत विकास की नई तस्वीर देखी है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जनसेवा को अपना धर्म मानकर समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास की चिंता की और बिना किसी भेदभाव के बिहार को आगे बढ़ाने का काम किया।उन्होंने कहा कि सरकार न्याय के साथ विकास के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य विभाग को जवाबदेह बनाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि आज बिहार की पहचान विकास और उपलब्धियों के कारण पूरे देश में गर्व के साथ की जा रही है। मंत्री ने कहा कि देवी स्थान केवल मंदिर नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का केंद्र है। इसके जीर्णोद्धार से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी और आने वाली पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ी रहेगी। उन्होंने लोगों से मंदिर परिसर को स्वच्छ रखने, अतिक्रमण नहीं होने देने और श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखने की अपील की। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि जीतन चैहान, जिला जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, देव रामवृक्ष प्रसाद, रविंद्र कुशवाहा, युगल किशोर, मुखिया संजय प्रसाद कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष शिवचरण प्रसाद, मुन्ना पासवान, संतोष मेहता, गुलशन कुशवाहा, सुनील रविदास सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे।

# विद्यार्थी सहयोग शिविर में छात्रों ने रखीं सात प्रमुख मांगें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नगरनौसा।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नगरनौसा में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार, अंचलाधिकारी नेहा कुमारी, सब-इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बिहार सरकार की पहल के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सीधे सुनकर उनके समाधान की दिशा में पहल करना है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अंचलाधिकारी नेहा कुमारी ने विद्यार्थियों को बताया कि शिविर मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू किया गया है। विद्यार्थियों द्वारा बताया गई समस्याओं को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत 30 कार्य दिवस के भीतर समाधान का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर उनके समाधान की दिशा में पहल करना इस शिविर का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। वहीं, सब-इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं के तत्काल समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी आपात स्थिति या असुविधा में 112 पर संपर्क करने की सलाह दी। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में विभिन्न बुनियादी सुविधाओं की कमी को प्रमुखता से उठाया। विद्यार्थियों ने मुख्य रूप से महाविद्यालय में सफाई कर्मी की व्यवस्था,डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति,छात्राओं के लिए पिंक बस की सुविधा,छात्रों के लिए भी बस सेवा उपलब्ध कराने की मांग, छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्याओं का समाधानमहाविद्यालय में पुस्तकालय की व्यवस्था आदि मांग शामिल है। महाविद्यालय के सहायक रंजीत कुमार ने विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और इसके समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। प्राचार्य प्रो. संजय कुमार ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक कठिनाइयों के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए महाविद्यालय में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।सहायक प्राध्यापक डॉ. नीतीश कुमार ने विद्यार्थियों की समस्याओं को मुख्य रूप से दो स्तरों पर समझाया।शिक्षण संबंधी समस्याएं और संसाधन संबंधी समस्याएं। उन्होंने कहा कि दोनों स्तरों पर समस्याओं की पहचान कर समाधान की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है।

# नहर में डूबने से मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सिलाव प्रखंड के पवाडीह पंचायत अंतर्गत बाक्सु गांव में मंगलवार देर शाम नहर में डूबने से 46 वर्षीय मजदूर नंदे मांझी की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। नंदे मांझी मजदूरी कर पत्नी चांदमुनी देवी, तीन पुत्र और दो पुत्रियों का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार, नंदे मांझी शौच के लिए बाक्सु मोड़ के पास नहर किनारे गए थे। शौच के बाद हाथ-पैर धोने के दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर ग्रामीणों ने नहर में तलाश शुरू की। मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, परिजनों ने पोस्टमार्टम के आदेश में देरी का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। मृतक के पुत्रों नीरज कुमार, पप्पू सिंह और संजय कुमार का आरोप है कि सूचना मिलने के बावजूद प्रक्रिया में काफी विलंब हुआ, जिससे उन्हें रात में शव के साथ परेशानी झेलनी पड़ी। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

# हत्या के मुख्य आरोपित के घर कुर्की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सरमेरा।** गौसनगर गांव में गिरंबल कुमार की हत्या के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी मिथुन कुमार के घर बुधवार को पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। यह कार्रवाई सरमेरा थाना कांड संख्या 184/25 के तहत न्यायालय के आदेश पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई। पुलिस टीम आरोपी के घर पहुंची और नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई पूरी की। पुलिस के अनुसार, हत्या की घटना के बाद से मिथुन कुमार लगातार फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी और अन्य प्रयास कर रही है। न्यायालय के आदेश के बाद की गई कुर्की कार्रवाई से फरार आरोपी पर कानूनी दबाव बढ़ गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी और जल्द उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# आईटीआई कल्याण बिगहा में विद्यार्थी सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हरनौत।** नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के कल्याण बिगहा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरनौत की अंचलाधिकारी रीता कुमारी ने पहुंचकर विद्यार्थियों से उनकी समस्याओं और संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।संस्थान के प्राचार्य राषेश रंजन ने बताया कि विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के चैथे मंगलवार को यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में छात्रवृत्ति, विभिन्न प्रमाण-पत्र, बिजली-पानी, छात्रावास, प्रशिक्षण सहित शैक्षणिक एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनी जाती हैं। प्राप्त शिकायतों को विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित विभाग के माध्यम से समाधान का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने बताया कि संस्थान में वर्तमान में आठ ट्रेड में करीब 300 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जबकि 25 कर्मी कार्यरत हैं। मंगलवार को शिविर में कुल 147 विद्यार्थी उपस्थित हुए। हालांकि, पहले दिन किसी विद्यार्थी ने लिखित या मौखिक शिकायत दर्ज नहीं कराई।प्राचार्य ने कहा कि सरकार के 'सात निश्चय-3' के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में यह पहल की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं और संस्थान से जुड़ी सुविधाओं का लाभ दिलाने के साथ उनकी समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित करना है। इससे विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी।शिविर में हरनौत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन, कल्याण बिगहा थाना के एएसआई धनंजय कुमार, ग्रुप अनुदेशक प्रवीण कुमार व रमन कुमार, अनुदेशक विजय कुमार झा, नीरज कुमार, दिव्या झा समेत अन्य कर्मी और प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# 52 छात्राओं ने दिखाई मेंहदी कला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब ऑफ तथागत, बिहारशरीफ की ओर से रोटरी तथागत सहेली सेंटर, सुंदरगढ़, भैंसासुर में छात्राओं की रचनात्मकता और कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 52 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की मेंहदी कला, डिजाइन, रचनात्मकता और प्रस्तुति का मूल्यांकन निर्णायक मंडल की रो. मधु कंचन एवं रो. सुनीता रस्तोगी ने किया। प्रतियोगिता में अलका कुमारी ने प्रथम, अंशिका कुमारी ने द्वितीय और मनीषा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी 52 प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में रोटरी तथागत के अध्यक्ष रो. महेश कुमार लोहानी, सचिव रो. डॉ. नीरज कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष रो. परमेश्वर महतो और सहेली सेंटर के कार्यकारी सचिव रो. अमित भारती समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में हेमलता, रिंकू सिन्हा, मुस्कान कुमारी एवं श्वेता कुमारी ने सक्रिय सहयोग किया। रोटरी सदस्यों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्राओं और महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं कौशल विकसित करने का अवसर देती हैं। सहेली सेंटर महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है।

# चोरी की बाइक बरामद, एक विधि विरुद्ध बालक समेत दो हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अपराध नियंत्रण को लेकर नगरनौसा थाना पुलिस द्वारा की जा रही छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर भरावपर गांव में कार्रवाई की गई। पुलिस ने गणेश प्रसाद, पिता स्व. बूंदीलाल सिंह के घर की विधिवत तलाशी ली, जहां से बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की काले और ऑरेंज रंग की के टी एम मोटरसाइकिल बरामद की गई।पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि गणेश प्रसाद और उनके पुत्र ने अपने दालान में चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखी है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर मोटरसाइकिल बरामद की।छापेमारी के दौरान गिरफ्तारध्निरुद्ध किए गए व्यक्तियों की निशानदेही पर घटना में शामिल एक अन्य विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस उसके खिलाफ अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

# नालंदा कॉलेज में विद्यार्थी सहयोग शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं अन्य समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से विद्यार्थी सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं मांगें कॉलेज प्रशासन के समक्ष रखीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनीता सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर छात्रों के लिए अपनी समस्याओं और सुझावों को प्रशासन तक पहुंचाने का बेहतर मंच है। इससे विद्यार्थियों और कॉलेज प्रशासन के बीच संवाद मजबूत होगा तथा पठन-पाठन के साथ कैंपस का वातावरण भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नोडल पदाधिकारी डॉ. सर्वदमन कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के तहत राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नालंदा कॉलेज में अब प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को एमबीए विभाग में नियमित रूप से शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध निवारण किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भटकना न पड़े।

# विदेशी शराब बरामद, चार गिरफ्तार

## मैजिक वाहन और बाइक भी जब्त, नवादा जिले के रहने वाले हैं सभी आरोपित



**गिरियक/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर गिरियक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 40.5 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ एक मैजिक वाहन और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। गिरियक थाना पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी सोनू कुमार , सागर कुमार , विशुनपुर निवासी सनी कुमार तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलदार गांव निवासी शत्रुघ्न कुमार शामिल हैं। सभी आरोपी नवादा जिले के रहने वाले बताए गए हैं।पुलिस ने बरामद शराब, मैजिक वाहन और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। इस संबंध में गिरियक थाना कांड संख्या 421ध्26 दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के नगरनौसा पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की शाम ट्रक और ऑटो के बीच हुई जोरदार टक्कर में ऑटो सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान नगरनौसा महुआतल निवासी स्वर्गीय कृष्णदेव राम के 33 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही नगरनौसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है।

# पितृपक्ष मेला को लेकर गया जंक्शन व विष्णुपद में मोबाइल टिकटिंग सुविधा

## 500 से अधिक जवान संभालेंगे सुरक्षा, चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को लेकर जिला प्रशासन के साथ-साथ पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी है। देश-विदेश से अपने पूर्वजों के पिंडदान और तर्पण के लिए गया जी आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, सुरक्षा और बेहतर यात्री सुविधाओं के लिए गया जंक्शन समेत आसपास के स्टेशनों पर व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। रेल प्रशासन का मुख्य फोकस टिकटों की त्वरित उपलब्धता, भीड़ नियंत्रण, व्यवस्थित आवाजाही और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था पर है।

पितृपक्ष मेला के दौरान टिकट काउंटरों पर लगने वाली लंबी कतारों और भीड़ के दबाव को कम करने के लिए रेलवे विशेष पहल कर रहा है। गया जंक्शन के मुख्य भवन, रिजर्वेशन काउंटर परिसर तथा विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के आसपास मोबाइल टिकटिंग की सुविधा शुरू की जाएगी।

रेलकर्मी मोबाइल टिकटिंग मशीनों (हैंडहेल्ड टर्मिनल्स) के जरिए यात्रियों को तुरंत अनारक्षित टिकट जारी करेंगे जिससे तीर्थयात्रियों को कतार में खड़े होने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। प्लेटफॉर्म बदलने के लिए नवस्थापित एस्केलेटर का ट्रायल पूरा कर लिया गया है। फिटनेस सर्टिफिकेट मिलते ही इसे बुजुर्ग, महिला और दिव्यांग यात्रियों के लिए चालू कर दिया जाएगा।

प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर यात्रियों के दबाव को देखते हुए वहां लगी पुरानी बैरिकेडिंग को हटाया जा रहा है, ताकि चौड़ा व खुला रास्ता मिल सके। स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया और प्लेटफॉर्मों पर 24 घंटे पर्याप्त व हाई-मास्ट लाइट की व्यवस्था की जा रही है।

मध्य प्रदेश और आसपास के राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी तादाद को देखते हुए रेलवे अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की योजना बना रहा है। गया से जबलपुर तथा गया से रानी कमलापति (भोपाल) के बीच मेला स्पेशल ट्रेन चलाने पर रेलवे बोर्ड स्तर पर अंतिम मंथन चल रहा है। इन ट्रेनों के परिचालन से नियमित ट्रेनों पर भीड़ का दबाव कम होगा और श्रद्धालुओं को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। आरपीएफ, जीआरपी और अतिरिक्त पुलिस बल के 500 से अधिक जवान 24 घंटे गया जंक्शन, फुट ओवरब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया और प्रवेश/निकास द्वारों पर तैनात रहेंगे। नमस्ते होटल मोड़, ऑटो स्टैंड, पार्सल कार्यालय और 1-ए प्लेटफॉर्म के बाहर सहित कुल 20 यात्री सहायता शिविर (हेल्प डेस्क) स्थापित किए जाएंगे जहां से विष्णुपद मंदिर, तर्पण वेदियों और ट्रेनों की रियल-टाइम जानकारी मिलेगी।

## रक्षा बंधन पर गया जंक्शन और ट्रेनों में उमड़ी भीड़, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** रक्षा बंधन के पावन पर्व को लेकर गया जंक्शन सहित आसपास के रेलखंडों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। इसे देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी है। ट्रेनों और स्टेशनों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार, रेल एसपी अनंत कुमार राय और वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्लेटफॉर्मों, फुटओवर ब्रिज, प्रवेश-निकास द्वारों और ट्रेनों में जवानों की गश्ती तेज कर दी गई है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों में भी एस्कॉर्ट टीमों की तैनाती बढ़ाई गई है। भीड़ के बीच चोरी, छिनतई जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव और जीआरपी थानाध्यक्ष शिवकुमार के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार मुस्तैद है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल आरपीएफ जीआरपी को दें।

## गया में 'कॉफी विद डीएम' का तीसरा सत्र: मेधावी विद्यार्थियों ने प्रशासन के सामने रखे विकास के नवीन सुझाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** समाहरणालय में आयोजित 'कॉफी विद डीएम' कार्यक्रम के तीसरे सत्र में जिला प्रशासन और युवाओं के बीच सकारात्मक संवाद देखने को मिला। जिला पदाधिकारी के साथ हुई इस बैठक में जिले के चार मेधावी विद्यार्थियों माही कुमारी, अभिषेक कुमार, राजवीर कुमार ने शिक्षा, रोजगार, यातायात, सुरक्षा और डिजिटल नवाचार तथा स्वरोजगार से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों के रचनात्मक सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि व्यावहारिक प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि यह संवाद सत्र अब प्रत्येक बुधवार और शनिवार को नियमित रूप से आयोजित होगा। इच्छुक युवा गया जिले की एनआईसी वेबसाइट पर उपलब्ध फॉर्म के माध्यम से अपने विचार और सुझाव साझा कर सकते हैं।

## मानवाधिकार कार्यकर्ता विशाल दफ्तुआर ने एनएचआरसी से वापस ली शिकायत, पटना एसएसपी को बड़ी राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता और 'ह्युमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन' के फाउंडर चेयरमैन विशाल रंजन दफ्तुआर ने कोचिंग संचालक रोशन आनंद की गिरफ्तारी के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दर्ज अपनी शिकायत वापस ले ली है। इस कदम से पटना एसएसपी को बड़ी राहत मिली है। शिकायत वापस लिए जाने के बाद आयोग ने केस नंबर 1212/04/26/2026 को क्लोज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे 3 सितंबर तक जांच रिपोर्ट सौंपने का अल्टीमेटम स्वतः समाप्त हो गया है। विशाल दफ्तुआर ने बताया कि रोशन आनंद का आचरण एक पीड़ित की तरह नहीं बल्कि बेहद गैर-जिम्मेदाराना और अराजक था। उन पर सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने, छात्रों के सामने पुलिस बल को अपशब्द कहने तथा युवाओं को संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ बहकाने का आरोप है जिसके चलते यह निर्णय लिया गया।

## चार वारंटी गिरफ्तार, गए न्यायिक हिरासत में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गया।** कोंच थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर चार फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चैनपुर टोला ललीया बिगहा और उतरेंन गांव में छापेमारी कर यह कार्रवाई की। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि एसआई अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने दोनों गांवों में एक साथ छापेमारी की। गिरफ्तार वारंटियों में चैनपुर टोला ललीया बिगहा निवासी युगेश यादव उर्फ युगेश कुमार, संतोष कुमार और रामाधार यादव तथा उतरेंन गांव निवासी योगेश पासवान शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## बस स्टैंड में महिला से मारपीट का आरोप, पड़ोसी पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** बस स्टैंड में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में शेरघाटी थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। विकोपुर कोठी निवासी फरहत तसलुमा ने गांव के ही फिरदोस खान के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार गांव में उसके घर के सामने नशा करने से मना करने के बाद आरोपी उससे नाराज था। इसी विवाद को लेकर आरोपी ने शेरघाटी बस स्टैंड में महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि गांव की बात को लेकर आरोपी ने सार्वजनिक स्थान पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की। घटना के बाद महिला ने शेरघाटी थाना पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## उद्यमियों को सरकारी खरीद और विपणन के अवसरों की मिलेगी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** स्थानीय उद्यमियों को सरकारी खरीद प्रक्रिया और बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को टिकारी में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम टिकारी किला के समीप आनंद उत्सव हॉल में सुबह 11 बजे शुरू होगा। कार्यशाला में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से जुड़े लोगों को सरकारी खरीद व्यवस्था, विपणन सहायता और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उद्यमियों को उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार उपलब्ध कराने तथा सरकारी खरीद प्रक्रिया से जुड़ने के तरीकों के बारे में भी बताया जाएगा। एमएसएमई डीएफओ के सहायक निदेशक सुनील कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को सरकारी योजनाओं एवं खरीद व्यवस्था के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि होंगे। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार और लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सुमन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैंक अधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। कार्यशाला का आयोजन एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना की ओर से किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के उद्यमियों और व्यवसायियों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# गया में मनेगी भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## इस्कॉन मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर में इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत भव्य और दिव्य रूप में मनाया जाएगा। आगामी 4 सितंबर 2026 को इस्कॉन गया मंदिर में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसे लेकर मंदिर प्रशासन ने तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी है।

**सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था**

इस्कॉन गया के मंदिर अध्यक्ष जगदीश श्याम दास ने बताया कि मंदिर परिसर में पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है और भगवान के लिए विशेष पोशाकें तैयार की जा रही है। भारी भीड़ के प्रबंधन के लिए इस वर्ष विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सड़क से ही लंबी बैरिकेडिंग की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन मिल सके। जिला प्रशासन से भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में सहयोग का अनुरोध किया गया है। इस वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान पांच विशेष झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मंदिर परिसर को भव्य फूलों, आकर्षक रोशनी और रंगोली से सजाया जाएगा जबकि पूरे दिन अखंड हरिनाम संकीर्तन, श्रीकृष्ण कथा और प्रसाद वितरण का दौर चलेगा। इस अवसर पर प्रातः 4 बजे मंगल आरती आरंभ होगी और रात्रि 12 बजे तक महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। पुनः 5 सितंबर को नंदोत्सव मनाया जाएगा जिसमें 12 बजे से पुष्पांजलि होगी तथा संध्या 4 से 8 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें नाटक नृत्य के साथ कई प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी। इस्कॉन गया प्रशासन ने सभी जिलावासियों और श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक, भक्तिमय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले कर आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया। बैठक में रामाकांत मुरारी दास, सहिष्णु विप्र दास, रामनारायण दास, अमरेश कुमार के अलावा अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

## जेलकर्मियों की कलाई पर सजा रक्षा सूत्र, छात्रों ने मनाया रक्षाबंधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आमस।** के.के. कम्पटीटिव क्लासेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शेरघाटी उपकारा में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने जेल कर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और आपसी स्नेह का संदेश दिया।

कार्यक्रम शेरघाटी उपकारा के जेल अधीक्षक सतीश कुमार की देखरेख में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जेलर अखिलेश कुमार एवं सुनील कुमार सहित अन्य जेल कर्मी मौजूद रहे। के.के. कम्पटीटिव क्लासेज के संचालक कुंदन कुमार ने कहा कि रक्षा सूत्र सिर्फ रेशम की डोर या कच्चा धागा नहीं है बल्कि भाई-बहन के अटूट और पवित्र प्रेम का बंधन है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में प्रेम भाईचारा और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक गौरव सिंह, पिंटू कुमार, शंकर कुमार, मिथिलेश कुमार, नौसाद, प्रिंस एवं रविरंजन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं छात्राओं में नेहा मिश्रा, लाभली कुमारी, पूनम कुमारी, रिंकी कुमारी, काजल कुमारी, अंजलि कुमारी, चाहत, श्वेता कुमारी, जुगणु कुमारी, खुशी कुमारी सहित करीब दो दर्जन छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## सांसद अभय कुशवाहा अस्वस्थ, दिल्ली में चल रहा इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार को कोंच के अमझर शरीफ स्थित हजरत सैय्यदना पाक के मजार पर चादरपोशी की गई। बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड टिकारी के पूर्व उपाध्यक्ष सह कोंच प्रखंड 20 सूत्री के उपाध्यक्ष मो. जमीलुर रहमान ने मजार पर चादर चढ़ाकर औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा के जल्द स्वस्थ होने के लिए दुआ मांगी। उन्होंने अल्लाह से सांसद की लंबी उम्र और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। गौरतलब है कि सांसद अभय कुशवाहा इन दिनों अस्वस्थ हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार 19 अगस्त को पटना में विरोध प्रदर्शन के बाद वे संसद की ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति की बैठक के लिए हैदराबाद गए थे।

# 4.61 करोड़ के कोयला विवाद में संतोष अग्रवाल का पलटवार

## 4.61 नहीं, करीब 3 करोड़ बकाया, हिसाब सामने हो तो किस्तों में भुगतान को तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** झारखंड के कोयला कारोबार से जुड़े 4.61 करोड़ रुपये के कथित बकाये को लेकर इमामगंज के रानीगंज स्थित गड़ेरिया गांव में करीब दो महीने से चल रहे विवाद में नया मोड़ आया है। संतोष अग्रवाल के घर के समीप खाट पर बैठकर बकाया भुगतान की मांग कर रहे कोयला व्यवसायी मुन्ना सिंह के दावे पर संतोष अग्रवाल ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने 4.61 करोड़ रुपये के बकाये के दावे को खारिज करते हुए करीब तीन करोड़ रुपये की देनदारी स्वीकार की और कहा कि वास्तविक हिसाब सामने आने पर वह किस्तों में भुगतान करने को तैयार हैं। संतोष अग्रवाल ने कहा कि मुन्ना सिंह के साथ उनका कोयले का कारोबार रहा है। बाद में कोयले के नाम पर पत्थर भेजे जाने से उन्हें नुकसान हुआ। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न ईंट-भट्ठा संचालकों के पास उनका करीब 10 करोड़ रुपये बकाया है जिसे लेकर वह न्यायालय की शरण में हैं। उनके अनुसार तीन-तीन लाख रुपये की किस्तों में पूर्व में भुगतान भी किया गया है। उन्होंने 23 अगस्त की प्रस्तावित समझौता बैठक में शामिल नहीं होने का कारण भी बताया। कहा कि पांच से दस लोगों की मौजूदगी में बैठक तय थी, लेकिन मुन्ना सिंह की ओर से करीब 70-80 लोगों के पहुंचने की सूचना मिली। सुरक्षा को लेकर आशंका के कारण वह बैठक में नहीं गए। उन्होंने कहा कि सीमित लोगों की मौजूदगी में बातचीत के लिए वह तैयार हैं और सहमति नहीं बनने पर प्रशासन या न्यायालय निष्पक्ष फैसला करे। संतोष अग्रवाल ने मुन्ना सिंह पर घर के बाहर पहुंचकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने और धमकी देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ने थाना व वरीय अधिकारियों को आवेदन देकर सुरक्षा और जांच की मांग की है। इधर, मुन्ना सिंह का दावा है कि संतोष अग्रवाल के पास उनके 4.61 करोड़ रुपये बकाया हैं। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को समझौते के लिए बैठक तय थी, लेकिन संतोष नहीं पहुंचे जिसके बाद उन्होंने दोबारा धरना शुरू किया।

**दस्तावेजों से साफ होगी तस्वीर**

हालांकि दोनों पक्षों के दावों में अंतर है। ऐसे में लेन-देन के दस्तावेज, भुगतान का रिकॉर्ड और वास्तविक हिसाब-किताब से ही बकाये की सही राशि स्पष्ट होगी।

## कोठी-शमसाबाद में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, अमन-भाईचारे का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर इमामगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में बुधवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। कोठी, शमसाबाद और बाहा गंगटी समेत आसपास के गांवों में आयोजित कार्यक्रम में अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। जुलूस के दौरान लोगों में उत्साह नजर आया और धार्मिक नारों से माहौल गूंजता रहा। वहीं कोठी में जुलूस का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इसमें पीर सैय्यद अब्दुर्रहमान कादरी भी शामिल हुए। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की आमद की खुशी में नारे लगाए। जुलूस के गुजरने वाले रास्तों पर लोगों ने स्वागत भी किया। इधर शमसाबाद में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस के साथ सैय्यद दाता जामा रहमतुल्लाह अलैह का उर्स-ए-मुबारक भी आयोजित किया गया। गांव की मस्जिद के पास से जुलूस शुरू हुआ जो गांव के विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए मजार तक पहुंचा। मजार पर पहुंचने के बाद जुलूस का समापन किया गया। इसके बाद मजार पर फातिहाखानी के बाद सामूहिक दुआ की गई। इसमें क्षेत्र में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, सौहार्द और खुशहाली की कामना की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में अकीदतमंद और जायरीन शामिल हुए। जायरीनों की सुविधा को देखते हुए पत्रकार गालिब रजा, अफरोज खान और मोहम्मद अली खान की ओर से पानी और शर्बत की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। वहीं बाहा गंगटी गांव में भी जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इसमें उप मुखिया प्रतिनिधि संजू खान सहित ग्रामीणों और अकीदतमंदों ने भाग लिया।

## ईद मिलादुन्नबी जुलूस प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्ण संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड में बुधवार को ईद मिलादुन्नबी के मुबारक अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने अकीदत और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भाईचारे, अमन-शांति और मोहब्बत का संदेश देखने को मिला। जुलूस में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अकबर अंसारी, राजद के जुझारू नेता बी जेड खान , सुहैल खान, पूर्व जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष इरशाद आलम, कांग्रेस पश्चिमी मंडल अध्यक्ष शगिल खान, मुर्शिद खान, आरिफ अंसारी, अरशद खान, पिंटू, पप्पू, जैदी आलम खान गोल्डन उर्फ नसीम आलम, मुजस्सम आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरशद खान, कौशल अंसारी, समाजसेवी सबलू खान, आसिफ खान सहित अनेक गणमान्य लोग एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। जुलूस के दौरान नबी-ए-करीम हजरत मुहम्मद की शिक्षाओं को याद करते हुए लोगों ने मोहब्बत, इंसानियत, भाईचारे और अमन-शांति का संदेश दिया। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में डुमरिया प्रशासन का भी महत्वपूर्ण सहयोग और योगदान रहा। प्रशासन की तत्परता और बेहतर व्यवस्था के कारण जुलूस अपने निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग के लिए डुमरिया प्रशासन का आभार जताया। ईद मिलादुन्नबी का यह आयोजन क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल पेश करता नजर आया।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने गणमान्य लोगों को राखी बांधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के एपी कॉलोनी सेवा केंद्र की ओर से रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर गणमान्य नागरिकों को राखी बांधी गई और ईश्वरीय संदेश दिया गया। इस दौरान समाज के प्रतिष्ठित लोगों को रक्षा सूत्र बांधकर विश्व शांति और सद्भावना का संदेश प्रसारित किया गया। संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा शहर की कई प्रमुख शख्सियतों और अधिकारियों को राखी बांधी गई जिनमें सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. कामेश्वर प्रसाद, मगध रेंज के आईजी विकास वैभव, एयरपोर्ट डायरेक्टर एवं समस्त कर्मी, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य, एसएसबी कमांडर कुणाल भंते प्रज्ञा दीप, भंते राहुल एवं जिन्नाद जी शामिल रहे। एपी कॉलोनी सेवा केंद्र के माध्यम से आगामी 27 अगस्त को भुशुंडी मोड़ स्थित नई गोदाम और 28 अगस्त को एपी कॉलोनी सेवा केंद्र परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। संस्था की ओर से सभी शहरवासियों से विनम्र अनुरोध किया गया है कि वे इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस पवित्र स्नेह-सूत्र को अपनी कलाई पर बांधकर परिवार व देश की रक्षा का संकल्प लें और समाज में सच्ची सद्भावना फैलाने में अपना योगदान दें।

## ईद मिलादुन्नबी पर कोंच में निकले जुलूस, नातिया कलाम पर झूमे अकीदतमंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार सुबह कोंच प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बाजारों और गांवों में अकीदत के साथ जुलूस निकाले गए। मुस्लिम समुदाय के लोगों में इसको लेकर खासा उत्साह देखा गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नात-ए-पाक पढ़ते हुए चल रहे थे।

ईद मिलादुन्नबी इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के यौमे-पैदाइश के तौर पर मनाई जाती है। इस्लामी मान्यता के अनुसार पैगंबर साहब का जन्म अरब के मक्का शहर में 570 ईस्वी में 12 रबी-उल-अव्वल को हुआ था। इसी दिन को उनकी याद में पूरी दुनिया में जश्ने-ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जाता है। कहा जाता है कि इसकी शुरुआत आज से करीब 800 साल पहले मिस्र के फातिमी शासनकाल में हुई थी जिसे बाद में पूरी इस्लामी दुनिया में इबादत, जुलूस और खैरात के तौर पर मनाया जाने लगा। इस मौके पर मौलाना अफजल रजा मिस्बाही ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी मानवता को शांति, भाईचारे, प्रेम, सत्य और इंसानियत का पैगाम दिया। उनका जीवन तमाम लोगों के लिए आदर्श है और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को सही राह दिखाने का काम करती है। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान नातिया कलाम, तकरीर और धार्मिक संदेशों के माध्यम से लोगों को पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं से अवगत कराया गया। साथ ही मुल्क में अमन, शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल–41–सोलर–पीपीपी–26, दिनांक 24.08.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल–मंडल: पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) के साथ आरईएससीओ मॉडल के माध्यम से आसनसोल मंडल के विभिन्न स्थानों पर बिजली का उत्पादन और आपूर्ति करने के उद्देश्य से कुल 1500 केडब्ल्यूपी क्षमता प्रणाली (पीपीपी मोड) के ग्रिड कनेक्टेड रूफ–टॉप सोलर फोटो वोल्टेइक मॉड्यूल्स की स्थापना। **निविदा मूल्य :** रु. 22,23,86,424.4, **निविदा कागजात का मूल्य :** 34,810/–, **बयाना राशि :** रु. 16,02,000/–, **कार्य के लिए समापन अवधि :** 240 दिन। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 23.09.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-230/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2026/बी/7951435, दिनांक: 24.08.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा–711204 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए बोली आमंत्रित की जाती है: **वस्तु श्रेणी:** सेवाओं के लिए कस्टम बिड–सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में सफाई एवं रखरखाव कार्य। **समान श्रेणी:** सफाई, स्वच्छता और रोगाणुरोधन सेवा, परिणाम अधारित। **अनुमानित बिड मूल्य (सभी करों सहित) भारतीय रुपये में :** रु.11,06,97,830.6, **ईएमडी विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि :** रु.7,03,490/–, **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** दिनांक 14.09.2026 को 18.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय:** दिनांक 14.09.2026 को 18.30 बजे। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** रु.554 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 1 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है :** हाँ। **टर्नओवर पात्रता मानदंड:** तकनीकी मूल्यांकन के समय क्रेता द्वारा जांचा जाएगा। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज़ :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **क्या आप निविदाकारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकारों को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ (निविदा/बोली प्रक्रिया के दौरान स्पष्टीकरण/प्रतिनिधित्व के अंश के तौर पर जमा किए गए दस्तावेज़ लॉगिन के बाद भाग लेने वाले अन्य निविदाकारों को भी प्रदर्शित किए जाएंगे)। **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय किया:** नहीं। **बिड का प्रकार :** दो पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय :** 2 दिन। **मूल्यांकन पद्धति :** कुल मूल्यवार मूल्यांकन। **मूल्य दर्शाने वाला वित्तीय दस्तावेज़ ब्रेकअप आवश्यक है:** हाँ। **मध्यस्थता खंड :** नहीं। **सुलह खंड :** नहीं।

MISC-159/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

संपादकीय

## मनुस्मृति : राहुल का नया मोर्चा

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुणे में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में भाजपा और आरएसएस के खिलाफ नया मोर्चा खोलते हुए पहली बार मनुस्मृति को लेकर हमला किया है। राहुल और कांग्रेस को इससे कितना लाभ होगा, यह कहना मुश्किल है, लेकिन इससे भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और संघ भड़क गए हैं। सवाल यह भी है कि राहुल ने जो बात युवाओं के बीच कही क्या वास्तव में मनुस्मृति में वैसा ही लिखा है, खासकर महिलाओं के बारे में? या फिर राहुल उसकी सिलेक्टिव और राजनीतिक लाभ की दृष्टि से व्याख्या कर रहे हैं? गौरतलब है कि उस कार्यक्रम में राहुल गांधी ने मनुस्मृति में महिलाओं के बारे में लिखे गए एक उद्धरण को शर्मनाक बताते हुए कहा कि 'महिलाएं किसी के अधीन नहीं हो सकती हैं।' उन्होंने कहा कि एक और काफ़ी बड़ी समस्या है। जब भी मैं पुरुषों से बात करता हूं, महिलाओं को तीन बॉक्स में रखा जाता है। बेटी, पत्नी या मां के रूप में। मां, पत्नी और बेटी के रूप में देखे जाने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन सिर्फ़ यही एक आपकी पहचान नहीं हो सकती। राहुल गांधी ने कहा कि महिलाएं प्रोफ़ेशनल, खिलाड़ी, लीडर, क्रिएटर, आंतर प्रेन्योर और भी बहुत कुछ हैं। फिर भी पुरुष उन्हें ये तीन पहचान ही देते हैं। इन तीनों पहचानों का पुरुषों के साथ रिश्ता है। चाहे मां हो, पत्नी हो या बेटी हो।' इसी संदर्भ में उन्होंने मनुस्मृति का हवाला देते हुए कहा कि 'बचपन में महिला को अपने पिता के, युवावस्था में अपने पति और जब पति नहीं रहे तब, अपने बेटों के अधीन रहना चाहिए। एक महिला कभी भी आज़ाद नहीं हो सकती है।' हमें इन शब्दों पर शर्म आनी चाहिए। राहुल के इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि राहुल गांधी ने मनुस्मृति के श्लोक को बिना सही संदर्भ और पूरी जानकारी के पेश किया है। विहिप ने कहा कि इस तरह के बयानों से युवाओं के मन में 'अशुद्ध मानसिकता' का जहर घोला जा रहा है। राहुल गांधी कुछ भी बयान देने से पहले पूरी मनुस्मृति पढ़ें। यहां सवाल यह है कि महिलाओं के बारे में मनुस्मृति के बारे में आखिर लिखा क्या गया है? जानकारों के अनुसार मनुस्मृति के पांचवें अध्याय के 148वें श्लोक में महिलाओं के संरक्षण और स्वतंत्रता को लेकर एक श्लोक है। इसके मुताबिक 'एक लड़की हमेशा अपने पिता के संरक्षण में रहनी चाहिए, शादी के बाद पति उसका संरक्षक होना चाहिए, पति की मौत के बाद उसे अपने बच्चों की दया पर निर्भर रहना चाहिए, किसी भी स्थिति में एक महिला आज़ाद नहीं हो सकती।' प्रोफेसर राजीव लोचन के अनुसार मनुस्मृति में लिखा है कि एक महिला का कल्याण तभी होगा, जब एक पुरुष का कल्याण होगा। वह अपने पति की सेवा करके स्वर्ग प्राप्त कर सकती है। प्रो. नरहर कुरूंदकर ने मनुस्मृति को धर्मशास्त्र कहा है, जिसमें ब्राह्मणों को सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने इसी कारण से मनुस्मृति को जलाया था। लेकिन अभी राहुल गांधी का उद्देश्य क्या है? मनुस्मृति को गरियाने के पीछे पहला लक्ष्य तो दलित वोटों को फिर से कांग्रेस मे ंलाना है तथा महिला वोटों को भी आकर्षित करना है। राहुल इस बहाने 'मनुस्मृति बनाम संविधान' की बहस को आगे बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन इस बहस से कांग्रेस को कितना राजनीतिक लाभ होगा, यह कहना मुश्किल है। फिर भी राहुल गांधी ने एक नया मोर्चा खोला है, जिसमें कितना सियासी दम है, यह आगामी विधानसभा चुनावों में सिद्ध होगा।

# खींचतान में राष्ट्रगान भुला न दिया जाए

**सुभाष बाबू ने जनगणमन को पहली बार राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार किया था यह रहस्योद्घाटन उनके सहयोगी रहे नरहरि गोविन्द गणपुले ने किया। गणपुले के पास 1942 में जर्मनी में फ्री इंडिया सेंटर के कार्यक्रम में गाए गए राष्ट्रगान का वह मूल टेप था। बाद में इस टेप को आल इंडिया रेडियो की अधिकारी चित्रा नारायण ने 1977 में हासिल किया और**

**1980 में इस बार एक वृत्तचित्र फीचर (डाक्यूमेंट्री फीचर) बनाया जिसका नाम था- 'ए नेशनल एंथम बार्न इन इग्जाइल'। इसे 23 जनवरी 1980 यानी नेताजी के जन्मदिन पर प्रसारित किया गया। एन जी गणपुले ने इस बारे में 1964 में एक पुस्तक भी लिखी है जिसका शीर्षक है--- 'नेताजी इन जर्मनी: अ लिटल नोन चैप्टर'(भारतीय विद्या भवन)।**

ज्ब राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच राष्ट्रीय स्तर पर विवाद उठ खड़ा हुआ है तब इस बात की आशंका प्रबल हो जाती है कि कहीं इस खींचतान में राष्ट्रगान भुला न दिया जाए। चूंकि जनगणमन को राष्ट्रगान के रूप में स्वीकृत होने में पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रमुख भूमिका बताई जाती है इसलिए संघ परिवार के निशाने पर अगर यह हो तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। क्योंकि जनगणमन के बारे में यह प्रचार लोकमानस में बार बार घूमता रहता है कि इसे तो 1911 में जार्ज पंचम के भारत आगमन पर गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने उनके स्वागत में तैयार किया था। जनगणमन को पहली बार कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में 27 दिसंबर 1911 को स्वयं गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने गाया था। वह अधिवेशन का दूसरा दिन था। संयोग से उस अधिवेशन में जार्ज पंचम का अभिवादन और धन्यवाद भी दिया गया था। कांग्रेस के उस अधिवेशन में सदैव की तरह वंदे मातरम् भी गाया गया था। उसी समय यह विवाद उठा कि गुरुदेव ने इस गीत में जनगणमन अधिनायक, भारत भाग्य विधाता और चिरसारथि जैसे विशेषणों का प्रयोग जार्ज पंचम के लिए किया है। गुरुदेव ने इसे सख्त शब्दों में खारिज किया था। उनका कहना था कि 'अगर मैं इस तरह के मूर्खतापूर्ण आरोपों का जवाब देने बैठ जाऊं तो मैं अपने को ही अपमानित करूंगा।' भला मैं जार्ज पंचम के लिए 'पतन-अभ्युदय बंधुर पन्था युग युग धावति यात्री, हे चिरसारथि तव शंखध्वनि बाजे, संकटदुःखत्राता' जैसे रूपकों का प्रयोग कैसे कर सकता हूं।' यानी मानव जाति के समयातीत इतिहास में युगों युगों से चली आ रही यात्रा का 'चिर सारथि' जार्ज पंचम को बताने का साहस तो कोई नासमझ ही कर सकता है। या फिर वह कर सकता है जिसका उद्देश्य बंकिम चंद्र चटर्जी और गुरुदेव को आपस में लड़ाकर हिंदुत्ववादी राष्ट्रवाद को इस देश पर थोपना है। गुरुदेव के स्पष्टीकरण के बाद यह विवाद शांत हो जाना चाहिए था कि इसे जार्ज पंचम के लिए लिखा गया था। लेकिन अनौपचारिक तौर पर संघ परिवार के लोग इसे कुरेदते रहते हैं। राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को एक दूसरे से लड़ाने का उद्देश्य राष्ट्रगान को पृष्ठभूमि में डालने वाला भी हो सकता है।जनगणमन पहली बार जनवरी 1912 में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की पत्रिका 'तत्वबोधिनी' में प्रकाशित हुआ था। बाद में गुरुदेव ने ही 1919 में 'मार्निंग सांग आफ इंडिया' शीर्षक से इसका अंग्रेजी अनुवाद किया। लेकिन राष्ट्रगान का इतिहास इतना भर नहीं है। इसे नेशनल एंथम यानी राष्ट्रगान के रूप में 11 सितंबर 1942 को सबसे पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी के हमबर्ग में 'फ्री इंडिया सेंटर' के कार्यक्रम में गवाया था। बाद में यह आजाद हिंद फौज की राष्ट्रीय धुन बन गया। जिसे 1947 में न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन में आर्केस्ट्रा की धुन पर बजाया गया और बहुत सारे देशों को यह काफी पसंद आया। हालांकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने यह फैसला 2 नवंबर 1941 को अपने निर्वासन के दौरान ही ले लिया था कि जनगणमन ही हमारा राष्ट्रगान होगा। सुभाष बाबू 17 जनवरी 1941 को अपने कोलकाता आवास की नजरबंदी से फरार होकर अफगानिस्तान, सोवियत संघ से होते हुए जर्मनी पहुंचे थे।


सुभाष बाबू ने जनगणमन को पहली बार राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार किया था यह रहस्योद्घाटन उनके सहयोगी रहे नरहरि गोविन्द गणपुले ने किया। गणपुले के पास 1942 में जर्मनी में फ्री इंडिया सेंटर के कार्यक्रम में गाए गए राष्ट्रगान का वह मूल टेप था। बाद में इस टेप को आल इंडिया रेडियो की अधिकारी चित्रा नारायण ने 1977 में हासिल किया और 1980 में इस बार एक वृत्तचित्र फीचर (डाक्यूमेंट्री फीचर) बनाया जिसका नाम था- 'ए नेशनल एंथम बार्न इन इग्जाइल'। इसे 23 जनवरी 1980 यानी नेताजी के जन्मदिन पर प्रसारित किया गया। एन जी गणपुले ने इस बारे में 1964 में एक पुस्तक भी लिखी है जिसका शीर्षक है...'नेताजी इन जर्मनीः अ लिटल नोन चैप्टर'(भारतीय विद्या भवन)।

गणपुले लिखते हैं कि फ्री इंडिया सेंटर की पहली बैठक 2 नवंबर 1941 में जर्मनी में हुई। इस बैठक में चार प्रस्ताव पारित किए गए। वे क्रमशः इस प्रकार थे...जय हिन्द हमारा नारा होगा, सुभाष चंद्र बोस जो हमारे राष्ट्र नायक हैं उन्हें नेताजी कहा जाएगा। जनगणमन हमारा राष्ट्रगान (नेशनल एंथम) होगा। हिंदुस्तानी हमारी राष्ट्रभाषा होगी। गणपुले के अनुसार उस बैठक में यह चर्चा हुई कि जब बंग भंग के कारण राष्ट्रीय आंदोलन में उग्रवादी समूहों का प्रभाव बढ़ने लगा तो कांग्रेस के अधिवेशनों में वंदेमातरम् भी गाया जाने लगा। लेकिन वह गीत सिर्फ धार्मिक भावनाओं को अधिक अपील करता था क्योंकि उसमें भारतमाता की वंदना की गई थी। बैठक में यह तर्क दिया गया कि जनगणमन वास्तव में भारत के विभिन्न प्रांतों और धर्मों का उल्लेख करते हुए राष्ट्र को उन सभी एक संयुक्त उपक्रम बताता है इसलिए इसे राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार किया जाना अधिक उचित है। जनगणमन को हमबर्ग में इंडो-जर्मन कल्चरल सोसायटी के आरंभिक अधिवेशन में राष्ट्रगान के रूप में गाया गया इसके साथ पूरा आर्केस्ट्रा बजाया गया। इस मौके का एक ग्रामोफोन रिकार्ड बनाया गया जो आज तक उपलब्ध है। इस मौके पर पहली बार तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में फहराया गया और साथ में जर्मनी का ध्वज भी फहरा रहा था। वहां मौजूद हमबर्ग के मेयर और दूसरे देशों के राजनयिकों ने नेताजी को एक स्वतंत्र देश के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में सम्मान दिया। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि इस टेप को प्रमाणित करने के लिए भारत सरकार ने हैदराबाद से लेकर जर्मनी और हमबर्ग तक बहुत सारे स्रोतों के माध्यम से उस कार्यक्रम से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला। तब जाकर आल इंडिया रेडियो ने डाक्यूमेंट्री बनाई।

संविधान सभा में 25 अगस्त 1948 को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्रगान के रूप में जनगणमन को अपनाए जाने के पक्ष में जो दलील दी उसमें आजाद हिन्द फौज का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, '15 अगस्त 1947 को जब देश आजाद हुआ तो यह सवाल अहम हो गया कि एक ऐसा राष्ट्रगान होना चाहिए जिसकी धुन को बैंड और आर्केस्ट्रा दोनों पर बजाया जा सके। रक्षा सेवाओं, दूतावासों, विदेशी मिशनों और दूसरे प्रतिष्ठानों के लिए ऐसा किया जाना जरूरी हो गया था। हमसे लगातार पूछा जा रहा था कि ऐसे मौकों पर कौन सी धुन बजाई जाए। लेकिन जब तक संविधान सभा कोई फैसला न ले ले हमारे पास इसका कोई उत्तर नहीं था। लेकिन जनगणमन को थोड़ी अलग धुन के साथ आजाद हिन्द फौज द्वारा राष्ट्रगान के रूप में बजाया गया था। इसलिए इसकी पूरे भारत में लोकप्रियता हो चुकी थी। जब 1947 में संयुक्त राष्ट्र की महासभा के सामने यह सवाल उठा और कहा गया कि ऐसा गीत दीजिए जिसे आर्केस्ट्रा पर बजाया जा सके। तब हमारे प्रतिनिधिमंडल के पास जनगणमन का एक रिकार्ड था जिसे बजाया गया। वहां काफी प्रतिनिधि थे और सभी को यह पसंद आया। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगान के बारे में जो अंतिम निर्णय सुनाया वह इस प्रकार था, 'शब्द और धुन को मिलाकर जनगणमन की जो संरचना की गई है वही सरकारी उद्देश्य के लिए भारत का राष्ट्रगान होगा।'

अध्यात्म

## भगवान शिव की कुबेर देव को सीख



सावन महीने में भगवान शिव की पूजा करने के साथ ही उनकी कथाएं पढ़ना और सुनना भी बहुत शुभ माना जाता है। शिव जी की कथाओं में जीवन को बेहतर बनाने की सीख भी छिपी होती है। ऐसी ही एक कथा हमें बताती है कि धन, पद और सफलता मिलने पर कभी घमंड नहीं करना चाहिए। यह कथा भगवान शिव, गणेश और कुबेर देव से जुड़ी है। कथा के अनुसार, देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास अपार धन-संपत्ति थी। धीरे-धीरे उन्हें अपनी दौलत और पद पर गर्व होने लगा। उन्हें लगने लगा कि उनसे अधिक धनवान और सामर्थ्यवान कोई नहीं है। एक दिन कुबेर देव भगवान शिव के पास पहुंचे और उन्होंने शिव जी को पूरे परिवार के साथ भोजन करने का निमंत्रण दिया। शिव जी समझ गए थे कि इस निमंत्रण के पीछे भक्ति से ज्यादा कुबेर का अहंकार है। उन्होंने कुबेर को समझाया कि हमें भोजन कराने से ज्यादा अच्छा है कि जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं, लेकिन कुबेर अपनी बात पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि वे सभी को भोजन करा सकते हैं। तब शिव जी ने कहा कि वे स्वयं नहीं आ पाएंगे, लेकिन गणेश को भेज देंगे। साथ ही, उन्होंने बताया कि गणेश जी जल्दी तृप्त नहीं होते है, इस बात का ध्यान रखना। कुबेर ने इसे अपनी ताकत की परीक्षा समझ लिया। उन्होंने गणेश जी के लिए तरह-तरह के पकवान बनवाए। गणेश जी भोजन करने लगे। वे लगातार खाते जा रहे थे, लेकिन उनकी भूख शांत नहीं हुई। देखते ही देखते कुबेर के महल का सारा भोजन समाप्त हो गया। फिर भी गणेश जी की भूख बनी रही। कुबेर घबरा गए। वे तुरंत भगवान शिव के पास पहुंचे और अपनी परेशानी बताई। शिव जी ने माता पार्वती से गणेश जी के लिए भोजन लाने को कहा। इसके बाद माता पार्वती ने प्रेम से गणेश जी को भोजन कराया। वह भोजन पाकर गणेश जी तृप्त हो गए। यह देखकर कुबेर को अपनी गलती समझ आ गई। उन्होंने भगवान शिव से क्षमा मांगी और संकल्प लिया कि वे कभी अपने धन और पद का घमंड नहीं करेंगे। यह कथा हमें बताती है कि जीवन में सफलता मिले तो घमंड नहीं करना चाहिए, धन और पद कभी स्थायी नहीं होते, लेकिन विनम्रता हमेशा व्यक्ति का सम्मान बढ़ाती है।

# जेन अल्फा: स्कूल सुधार से लोकतांत्रिक चेतना तक

**भारत की सरकारी शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का कोई एक अकेला कारण नहीं है, बल्कि इसके पीछे अपर्याप्त बजट आवंटन, बुनियादी ढांचे की कमी और जवाबदेही का अभाव है। स्कूलों में नियमित शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं और जो शिक्षक हैं, उनका शिक्षण स्तर व प्रशिक्षण आधुनिक समय के अनुकूल नहीं है। शिक्षा प्रणाली कौशल विकास या व्यावहारिक ज्ञान के बजाय केवल परीक्षा में अंक लाने और रटने पर जोर देती है। सरकारी शिक्षा की बदहाली के खिलाफ सड़कों पर उतरती नई पीढ़ी सिर्फ सुविधाएं नहीं, जवाबदेही मांग रही है।**

भारत में एक नई पीढ़ी धीरे-धीरे अपने सामाजिक और राजनीतिक तेवर का परिचय दे रही है। यह जेन अल्फा जिसने मोबाइल, इंटरनेट, वीडियो और सोशल मीडिया की दुनिया में आंखें खोली है। अभी यह पीढ़ी मतदान की उम्र में नहीं पहुंची है, लेकिन लोकतंत्र की भाषा सीखने के लिए उसे अठारह वर्ष का इंतजार नहीं है। जुलाई और अगस्त 2026 में उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान तक सरकारी तथा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के बच्चों के आंदोलनों की जो श्रृंखला दिखाई दी है, वह इसी बदलाव का संकेत है। इन आंदोलनों की मांगें किसी राजनीतिक दल के घोषणापत्र से नहीं निकली है। वे बेहद बुनियादी हैं, शिक्षक चाहिए, पंखे चाहिए, साफ पानी चाहिए, शौचालय चाहिए, अच्छा भोजन चाहिए, सड़क चाहिए और सुरक्षित स्कूल चाहिए। लेकिन इन छोटी दिखाई देने वाली मांगों के भीतर भारतीय शिक्षा व्यवस्था की एक बहुत बड़ी विफलता छिपी हुई है। लखनऊ के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय की छात्राओं का हालिया आंदोलन इस बदलते माहौल का सबसे ताजा उदाहरण है। करीब 250 छात्राएं भारी बारिश के बीच स्कूल से बाहर निकलीं और सड़क पर उतरकर यातायात रोक दिया। उनकी शिकायतों में शिक्षकों की कमी और बुनियादी सुविधाओं का अभाव प्रमुख था। रिपोर्टों के अनुसार विज्ञान विषयों में शिक्षकों की कमी ने उनकी पढ़ाई को प्रभावित किया है। यह घटना अकेली नहीं है। कुछ दिन पहले इसी क्षेत्र में स्कूली बच्चों के विरोध और सड़क जाम की घटनाएं सामने आ चुकी थी। यानी बच्चों ने यह संदेश दे दिया है कि स्कूल के भीतर शिकायत की सुनवाई नहीं होती तो वे स्कूल के बाहर अपनी आवाज सुनाएंगे। यह आवाज अब एक जिले या एक राज्य तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के किशनपुर स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में लगभग 1500 विद्यार्थियों ने कई घंटे धरना दिया। उनकी मांगों में साफ पीने का पानी, काम करने वाले पंखे, स्वच्छ शौचालय, फर्नीचर, पुस्तकालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल थी। प्रशासन को छात्रों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करनी पड़ी और कई मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन देना पड़ा। हमीरपुर में बच्चे स्कूल तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क की मांग को लेकर तिरंगा लेकर जिला मुख्यालय तक पहुंचे। कीचड़ और दलदल से गुजरकर स्कूल पहुंचना उनकी रोजमर्रा की समस्या थी। बिहार के गया जिले में बच्चों ने खराब मध्याह्न भोजन, जिसमें कीड़े मिलने की शिकायत भी सामने आई, खराब पानी, गंदे शौचालय, पंखों और फर्नीचर की कमी के खिलाफ लगभग चार किलोमीटर मार्च किया। मध्य प्रदेश में भी यह लहर दिखाई दे रही है। छिंदवाड़ा के तामिया स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेस के भोजन की गुणवत्ता को लेकर बारिश में सड़क पर बैठकर विरोध किया। उनकी शिकायतों में भोजन में कीड़े मिलने और स्वास्थ्य तथा खेल सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे शामिल थे।

उज्जैन में कई सरकारी स्कूलों की छात्राओं ने स्कूलों को शहर से दूर स्थानांतरित करने की योजना के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। छात्राओं का तर्क था कि दूर जाने से यात्रा का समय और खर्च बढ़ेगा तथा गरीब परिवारों की लड़कियों की पढ़ाई छूट सकती है। बच्चीयों के दबाव में कलेक्टर ने स्कूल स्थानांतरित करने के निर्णय को रोक दिया है। सिरोंज में छात्राओं के विरोध के बाद रियायती बस किराया 10 रुपये से बढ़ाकर 25 रुपये करने का फैसला वापस लेना पड़ा। महाराष्ट्र में भी शिक्षक अनुपस्थिति, शौचालय और पानी जैसे सवालों पर विद्यार्थियों के विरोध सामने आए हैं। यानी अलग-अलग राज्यों में बच्चे अलग-अलग स्कूलों में हैं, लेकिन उनकी शिकायतों की भाषा लगभग एक जैसी है। असल में ये आंदोलन सरकारी शिक्षा व्यवस्था के उस मॉडल पर सवाल उठा रहा है, जिसमें स्कूल का भवन तो बना दिया जाता है, लेकिन शिक्षक नहीं होते, शौचालय बना दिया जाता है लेकिन पानी नहीं होता, छात्रावास बना दिया जाता है लेकिन भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी नहीं होती, सड़क का बजट स्वीकृत हो जाता है लेकिन बच्चे बारिश में कीचड़ से गुजरते रहते हैं। उनके लिए शिक्षा केवल किताब और परीक्षा नहीं है। शिक्षा का अर्थ है, कक्षा में शिक्षक, पीने का पानी, शौचालय, भोजन, बिजली, सुरक्षा, परिवहन और सम्मान। यही कारण है कि इन आंदोलनों में सबसे मुखर आवाज लड़कियों की दिखाई दे रही है। वे शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा और आवागमन के सवाल को भी सीधे जोड़ रही हैं।

जेन जी से जेन अल्फा तक आंदोलन की तकनीक बदल रही है। अब इसका असर स्कूली बच्चों के आंदोलनों में दिखाई दे रहा है। बच्चा दूसरे जिले में हुए आंदोलन को देखता है और समझता है, 'अगर वहां के बच्चों ने अपनी मांग मनवाई है, तो हम भी अपनी आवाज उठा सकते हैं।' यही वह मनोवैज्ञानिक बदलाव है जो आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। जेन अल्फा की सबसे बड़ी ताकत उसकी डिजिटल पहुंच है। ट्विटर, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे लोकप्रिय एप्लिकेशन 21वीं सदी के युवा कार्यकर्ताओं के लिए नवीनतम उपकरण बन गए हैं। पिछली पीढ़ी में किसी सरकारी स्कूल की खराब स्थिति की शिकायत प्रधानाचार्य, शिक्षक, पंचायत या स्थानीय जनप्रतिनिधि तक सीमित रह जाती थी। शिकायत के बाद फाइल चलती थी और कई बार मामला वहीं समाप्त हो जाता था। आज बच्चे स्कूल के टूटे पंखे, गंदे शौचालय, खराब भोजन, कीचड़ भरे रास्ते या पानी की समस्या का वीडियो बना सकते हैं। फिर वही वीडियो कुछ घंटों में हजारों लोगों तक पहुंच सकता है। इससे स्थानीय समस्या सार्वजनिक जवाबदेही का विषय बन जाती है। यह परिवर्तन महत्वपूर्ण है क्योंकि सोशल मीडिया ने बच्चों को सिर्फ दर्शक नहीं रखा है, उसने उन्हें दस्तावेज बनाने वाला नागरिक बना दिया है। अभी इसे देशव्यापी, एकीकृत और औपचारिक जेन अल्फा को राष्ट्रीय आंदोलन कहना उचित नहीं होगा। यह साफ तौर पर कोई राजनीतिक आंदोलन नहीं है और इस आंदोलन का कोई ''नेता'' नहीं है। अगर इस आंदोलन का नेतृत्व भी ''नेताओं'' द्वारा किया जा रहा होता, तो यह उस मुकाम पर नहीं जा पाता, जहां तक पहुंच गया है। लेकिन इतिहास में बड़े आंदोलन हमेशा किसी एक दिन में राष्ट्रीय संगठन बनकर पैदा नहीं होते। वे पहले छोटे-छोटे स्थानीय असंतोषों से जन्म लेते हैं।आज लखनऊ में शिक्षक की मांग है।स्कूली बच्चों की इन सभी मांगों को एक सूत्र में बांध दें तो एक बड़ा सवाल सामने आता है कि 'सरकार हमारे लिए कैसी शिक्षा व्यवस्था बना रही है?' यही सवाल इस स्थानीय लहर को राष्ट्रीय मुद्दे में बदल सकता है।आज जेन अल्फा के अधिकांश बच्चे वोट नहीं देंगे। लेकिन यही बच्चे अगले कुछ वर्षों में पहली बार मतदाता बनने वाले हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज नए अवसरों से लाभ और दफ्तर में प्रभाव बढ़ेगा। धन के मामले में बातचीत, नए लोगों से जुड़ने और नए विचारों से लाभ के रास्ते खुल सकते हैं।

**वृषभ**
आज बचत पर ध्यान और दफ्तर में निरंतरता बनाए रखे। आज आपका पूरा ध्यान बचत, परिवार की जरूरतों और वित्तीय सुरक्षा पर रहेगा।

**मिथुन**
आज नई योजना पर विचार और दफ्तर में सही बातचीत होगी। धन के मामलों में तुरंत कदम उठाने का मन करेगा। यह बात नया मौका दिलाने में मदद कर सकती है, पर जल्दबाजी में गलत फैसला भी हो सकता है।

**कर्क**
आज लंबी अवधि की सुरक्षा और काम में सुधार होगा। आज वित्तीय मामलों में भरोसा और सही योजना बनाने की समझ बढ़ेगी।

**सिंह**
आज आर्थिक फैसलों में मजबूती और कार्यक्षेत्र में पहचान बनेगी। पैसों के लेन-देन में भरोसा बढ़ेगा। आप कमाई बढ़ाने या अपनी कुशलता का सही इस्तेमाल करने के नए रास्ते देखेंगे।

**कन्या**
आज बजट पर नियंत्रण और काम में अनुशासन बढ़ेगा। पैसों के मामले में अनुशासन रखना होगा। जीवनशैली या आसपास की चीजें बदलने के लिए खर्च करने की इच्छा हो सकती है।

**तुला**
आज आज आपको आज के खर्चों और भविष्य की सुरक्षा के बीच सही संतुलन बनाना होगा। बातचीत और संपर्कों के माध्यम से कमाई के मौके मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज गुप्त योजनाएं और कठिन काम का हल होगा। आज आप अपने धन से जुड़े मामलों को गुप्त रखना पसंद करेंगे। यह तरीका बिल्कुल सही है, खासकर जब आप कोई बड़ा फैसला लेने वाले हों।

**धनु**
आज पैसों और आने वाले समय को लेकर उत्साह रहेगा। यह सोच अच्छी है, पर इसे ज्यादा भरोसे में न बदलने दें। अपना बजट साफ़ रखें और केवल इस उम्मीद पर जोखिम न लें कि आगे सब अपने आप ठीक हो जाएगा।

**मकर**
पैसों की जिम्मेदारियां आज आपके मन में बनी रहेंगी। आपको किसी पुराने भुगतान या योजना की दोबारा जांच करनी पड़ सकती है। उल्टी चाल चल रहे शनिदेव पुराने वित्तीय मामलों को ठीक करने का इशारा करते हैं।

**कुंभ**
आज कमाई बढ़ाने की बड़ी इच्छा जाग सकती है। इससे मन में अवास्तविक उम्मीदें आ सकती हैं। किसी भी योजना में पैसा लगाने से पहले हर बात की जांच कर लें।

**मीन**
पैसों के मामले में आज वास्तविक सोच रखनी होगी। कई काम एक साथ सामने आ सकते हैं। सबसे पहले जरूरी खर्चों को निपटाएं। दिन खर्चों में सतर्क रहने की सलाह देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 115 किलो महुआ और देसी शराब के साथ 4 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लहसुना पुलिस ने मंगलवार को बांसडीह मुसहरी के पास एक टोटो से 115 किलो महुआ और देसी शराब बरामद करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में टोटो में लादकर ले जाया जा रहा महुआ जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोवर्धन बिंद उम्र करीब 25 वर्ष, पिता स्व. सुबेदार बिंद,बेबी देवी उम्र करीब 22 वर्ष, पति गोवर्धन बिंद, दोनों साकिन- उजियार टोला, बिंद टोला, थाना- टाउन थाना, जिला- आरा,परलाही देवी उम्र करीब 23 वर्ष, पति कोमल महतो, साकिन- दानापुर, थाना- मनेर,रमन कुमार उम्र करीब 27 वर्ष, पिता इंदु पासवान, निशियांवा के रूप में हुई है।पुलिस ने महुआ, शराब और टोटो को जब्त कर चारों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना पुलिस ने गांधी मैदान के पास से अपराध की योजना बना रहे तीन युवकों को एक देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गांधी मैदान के पास कुछ युवक हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर तीनों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान (1) नीतीश कुमार उम्र 18 वर्ष, पिता श्रवण वर्मा (2) सुमित कुमार उम्र 18 वर्ष (3) हसन आलम उम्र 16 वर्ष, पिता मोहम्मद समीर आलम, तीनों साकिन तारेगना डीह, थाना मसौढ़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्तौल और दो मोबाइल फोन और बाईक जब्त किया है। तीनों से थाने में पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है की पिस्टल नीतीश कुमार के पास थे और वह ब्लॉक के पीछे रहने वाले किसी दोस्त को देने जा रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवकों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सर्पदंश से 12 वर्षीय बच्ची की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव में मंगलवार देर रात सर्पदंश से 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान बरहपुर निवासी मीना कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के अनुसार, सांप के काटने के बाद परिजन बच्ची को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप, थाने में दिया आवेदन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने का एक मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र में सामने आया है। पीड़िता ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता पिंकी शर्मा, घर बीवानीचक, थाना भगवानगंज, पोस्ट दौलतपुर, जिला पटना ने अपने आवेदन में बताया कि उसकी शादी 17 मई 2016 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार जयकृष्ण कुमार, पिता सहजानंद शर्मा, माता उषा देवी, घर श्रवानीचक, थाना भगवानगंज, के साथ हुई थी। शादी में उसके मायके वालों ने 10 लाख रुपये नकद दिए थे।आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार 30 सितंबर को वह मायके से ससुराल लौटी, तब से उसके साथ मारपीट की जा रही है। उसका आरोप है कि पति सूखा नशा और शराब पीकर मारपीट करता है और कमरे में ताला बंद कर चला जाता है। उसके साथ 6 साल का बच्चा भी है। पीड़िता ने बताया कि ससुराल वाले कहते हैं कि हम नहीं खिलाएंगे, अपने भाई से पैसा मांगो। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### घर की कुंडी तोड़कर 10 लाख की चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्वार धर्मपुर गांव में अनुपम कुमार के घर में अपराधियों ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर करीब 10 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। इस संबंध में थाने में केस दर्ज कराया गया है। अनुपम कुमार के अनुसार वह अपने परिवार के साथ मुजफ्फरपुर गया था। घर बंद पड़ा हुआ था। इसी दौरान अपराधियों ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान सोने की चेन, कंगन, मंगलसूत्र, कानवाली, चांदी का पायल, 40000 रुपए नगद, कूलर,इंडक्शन चूल्हा आदि चोरी कर लिया जिसकी कीमत 10 लाख रुपए है ।इस संबंध में पीड़ित के द्वारा पांच संदिग्ध लोगों पर शक जताया गया ।पुलिस ने उनकी खोजबीन शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ बेढ़ना गांव के पास सड़क किनारे पर लगे किसान वशिष्ठ कुमार की बाइक उस समय चोरी हो गई जब वह खेत में सिंचाई करने के लिए गया हुआ था। उधर बाढ़ कोर्ट के पास चंदन कुमार की बाइक को अपराधियों ने चोरी कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पारस हेल्थ को मिला 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' का प्रमाणपत्र

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पारस हेल्थ को वर्ष 2026-27 के लिए 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। यह प्रमाणपत्र अस्पताल की कार्य संस्कृति, चिकित्सीय एवं ऑपरेशनल सपोर्ट तथा कर्मचारियों के लिए सकारात्मक और सहयोगात्मक कार्य वातावरण को मान्यता देता है। इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए पारस हेल्थ के जोनल डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि यह सम्मान पारस हेल्थ की पूरी टीम की मेहनत, समर्पण और आपसी सहयोग का परिणाम है। हमारे लिए एक बेहतर कार्यस्थल का निर्माण केवल कर्मचारियों के लिए ही नहीं, बल्कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए भी महत्वपूर्ण है। हम आगे भी ऐसी कार्य संस्कृति को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे। जोनल एचआर हेड कंचन कुमार ने कहा कि ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाणपत्र हमारे कर्मचारियों के विश्वास, टीमवर्क और सकारात्मक कार्य संस्कृति की पहचान है। पारस हेल्थ में कर्मचारियों की खुशी और संतुष्टि का सीधा प्रभाव मरीजों की सेवा की गुणवत्ता पर पड़ता है। उल्लेखनीय है कि पारस एचएमआरआई पटना बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है।



### 200 लीटर शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए ई-रिक्शा से भारी मात्रा में देशी महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने करीब 200 लीटर शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि नेवा ग्राम के पास एनएच-131ए ई-रिक्शा वाहन से शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की और ई-रिक्शा को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ई-रिक्शा से करीब 200 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पप्पू कुमार उम्र 28 वर्ष, पिता उमेश चौधरी, ग्राम महुआ बिगहा, थाना कोच, जिला गया, राजा कुमार उम्र 20 वर्ष, पिता गुड्डू चौधरी, ग्राम मीठापुर, थाना जक्कनपुर, जिला पटना और गौरव कुमार उम्र 19 वर्ष, पिता सिकंदर यादव, ग्राम सोनमई, थाना धनरूआ, जिला पटना के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



### दो फरार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने 8 साल पुराने मामले में फरार चल रहे दो प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने बताया कि पिपरा थाना कांड संख्या 78/17, दिनांक 10/11/17 के दो फरार अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अरुण पासवान, पिता नाथू पासवान, राजघाट नवादा, थाना पिपरा, और सुदर्शन माझी उर्फ मुखिया माझी, पिता स्वर्गीय बिठ्ठल माझी, साकिन राजघाट नवादा, थाना पिपरा, जिला पटना के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को इनकी तलाश थी।

# ईद-ए-मिलादुन्नबी पर तारेगना डीह और खलीलाबाद नेतौल से निकला जुलूस

## पिलौरी और मखदूमा दरगाह पर चादरपोशी, पैगंबर साहब के पैगाम को किया याद





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्म दिवस ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को अकीदत और एहतराम का नजारा देखने को मिला। मसौढ़ी के तारेगना डीह और कादिरगंज के खलीलाबाद नेतौल से दो अलग-अलग काफिला-ए-मोहम्मदी निकाले गए, जिसमें हजारों अकीदतमंद शामिल हुए। पहला जुलूस तारेगना डीह से निकाला गया, जो मसौढ़ी के मेन रोड, बाजार, थाना रोड होते हुए संगत पर स्थित पिलौरी दरगाह पहुंचा। यहां लोगों ने फातिहा पढ़ी और चादरपोशी की। जुलूस में शामिल अब्दुल करीम ने बताया कि हजरत मोहम्मद साहब ने सबसे अमीर इंसान वही है जिसमें मानवता है, का संदेश दिया था,वहीं दूसरा काफिला-ए-मोहम्मदी सुबह करीब 10 बजे खलीलाबाद नेतौल छोटी मस्जिद से रवाना हुआ। यह काफिला नेतौल बाजार होते हुए कादिरगंज बाजार और जनकपुर गांव स्थित मखदूमा बीबी जमाल रहमतुल्लाह अलैहा की दरगाह तक गया और फिर वापस जामा मस्जिद खलीलाबाद नेतौल पहुंचकर मिलाद में तब्दील हो गया।कार्यक्रम में मदरसा दारुल उलूम जमालिया, नेतौल के बच्चों ने हाथों में अमन, भाईचारा और शिक्षा से जुड़े पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक किया।जामा मस्जिद में आयोजित तकरीर में मौलाना जावेद रजा नपालवी साहब ने सीरत-ए-मुस्तफा पर रोशनी डाली और कहा कि नबी से सच्ची मोहब्बत का मतलब उनकी सीरत को अपनी जिंदगी में अपनाना है। मुफ्ती उमर फारूक साहब ने भी लोगों से मोहब्बत और भाईचारे के रास्ते पर चलने की अपील की,कार्यक्रम के अंत में नात-ए-पाक, सलाम और देश में अमन-शांति के लिए दुआ की गई। आयोजन में इंजीनियर अतहर जमाल, मुनाजिर हसन, नौशाद अंसारी सहित कई नौजवानों का सहयोग रहा। आयोजकों ने सहयोग के लिए कादिरगंज थानाध्यक्ष रोशन कुमार का आभार जताया।

## ईद-ए-मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूस, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को पैगंबर मुहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लखनचंद मस्जिद से दरियापुर मस्जिद तक भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में सजी गाड़ी के ऊपर काबा शरीफ का प्रतीकात्मक स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहा।जुलूस लखनचंद मस्जिद से निकलकर दरियापुर मस्जिद पहुंचा। वहां से वापस लौटकर जुलूस का समापन लखनचंद मस्जिद परिसर में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जुलूस में शामिल हुए।जुलूस को लेकर मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

# कादिरगंज बाजार में करंट से मृत दुकानदार की याद में बाजार बंद, निकला कैंडल मार्च




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज बाजार के मिठाई दुकानदार अमित कुमार पिता कल्लु गुप्ता की मंगलवार को अपनी ही दुकान में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बुधवार को पूरे बाजार में शोक पसर गया। युवा दुकानदार की असमय मौत से आहत बाजार के सभी दुकानदारों ने बुधवार को अपनी दुकानें बंद रखीं और मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की। शाम होते-होते दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च कादिरगंज बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए पूरे बाजार में घूमा,श्रद्धांजलि सभा में मौजूद दुकानदारों ने कहा कि अमित कुमार काफी मिलनसार, मेहनती और व्यवहार कुशल व्यक्ति था। उसकी मौत से पूरे बाजार को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि कादिरगंज बाजार के दुकानदारों के बीच गहरा आपसी प्रेम और एकता है। बाजार में किसी भी दुकानदार के साथ कोई दुखद घटना होने पर हम सभी एकजुट होकर एक-दूसरे का साथ देते हैं, यही हमारे बाजार की पहचान है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य मंटू कुमार, मुखिया अनिल कुमार, कौशल कुमार, मिथिलेश कुमार, शिवराज कुमार, संतोष कुमार, समेत बड़ी संख्या में दुकानदार, ग्रामीण और बाजार के लोग उपस्थित रहे। सभी ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## गर्भवती महिला से मारपीट मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बद्रीबिगहा गांव में एक चार माह की गर्भवती महिला के साथ जमकर मारपीट करने का मामले में एक नामजद आरोप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पीड़िता मालती देवी (34 वर्ष), पति जितेन्द्र यादव ने मसौढ़ी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि 27 जून को सुबह करीब 8 बजे वह घर के पश्चिम दिशा में शौच के लिए जा रही थी, तभी गांव की ही सोनाक्षी देवी, अनीता देवी और सविता देवी ने उसे पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि गर्भवती होने की बात कहने पर भी आरोपियों ने उसके पेट में लात-मुक्कों से वार किया। शोर सुनकर आरोपी पक्ष से गुड्डू यादव, मिथलेश यादव, बिजेन्द्र यादव, विनय यादव और सुखबू यादव सहित अन्य लोग वहां पहुंचे और मारपीट करने लगे।

# रक्षाबंधन को लेकर मसौढ़ी में राखी बाजार गुलजार


## चांदी की राखियों की बढ़ी मांग, दुकानों पर महिलाओं की उमड़ी भीड़



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर मसौढ़ी बाजार इन दिनों पूरी तरह से गुलजार हो गया है। पर्व में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं, ऐसे में राखी की दुकानों पर महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। पूरा बाजार रंग-बिरंगी राखियों से पटा हुआ है।मसौढ़ी के मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, और थाना रोड स्थित दुकानों पर इस बार एक से बढ़कर एक डिजाइनर राखियां आई हैं। बाजार में 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखी, लाइट वाली राखी, भाभी के लिए लुंबा राखी और भाइयों के लिए रुद्राक्ष और स्टोन वाली राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस बार बाजार में चांदी की राखी का भी जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। सोना-चांदी की दुकानों में भी महिलाओं की भीड़ लगी है। आभूषण ज्वैलर्स के संचालकों ने बताया कि भले ही चांदी के दाम अधिक हैं, फिर भी बहनें अपने भाइयों के लिए 1000 से 5000 रुपये तक की चांदी की राखी खुशी-खुशी खरीद रही हैं। इसे स्थायी प्रेम का प्रतीक माना जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले दो दिनों से बिक्री में काफी तेजी आई है। शाम होते ही बाजार में पैर रखने की जगह नहीं बचती। राखी के साथ-साथ मिठाई की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गई है। कुल मिलाकर रक्षाबंधन को लेकर मसौढ़ी में उत्साह चरम पर है और बाजार में त्योहार की पूरी रौनक देखने को मिल रही है।

# पंडारक में खेल आयोजन के नाम पर घोटाला

## शिक्षा विभाग ने चूना 500 रुपए किलो और पानी के जार 85 में खरीदा



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक के शिक्षा विभाग में भले ही शैक्षणिक उपलब्धि का रिजल्ट जीरो रहा है, लेकिन घोटाले में इसने अव्वल स्थान हासिल कर लिया है।महकमे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर चूना 500 रुपए किलो और पानी का एक जार 85 रुपए में खरीद कर घोटाले का रिकॉर्ड बना दिया। हैरत की बात यह है कि इस घोटाले के बिल पर जिला खेल पदाधिकारी ने मोहर लगाकर सही करार दिया। इस छोटे घोटाले ने प्रखंड शिक्षा विभाग को एक कमाऊ विभाग में बदल दिया है। कमाने के लिए कई कर्मचारी वर्षो से इस प्रखंड में अड्डा जमाए बैठे हैं। उनके सामने विभाग के सारे नियम कानून फेल है । मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड शिक्षा विभाग के द्वारा वर्ष 2023 में बच्चों के बीच सरकारी निर्देश पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।इस के नाम पर खर्च किए गए राशि की निकासी का बिल देखकर हर कोई हैरान है। घोटाले के कच्चे चिट्ठे का खुलासा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत खजुरार गांव के निवासी मोहम्मद आफताब आलम ने उजागर किया है। फिलहाल मामला सूचना आयोग में चल रहा है ।आफताब ने बताया कि पंडारक प्रखंड शिक्षा कार्यालय में राजकुमार नामक अकाउंटेंट करीब 20 साल से एक ही जगह पर कार्यरत हैं और उनके द्वारा अब तक लाखों लाख रुपए का गलत तरीके से राशि की निकासी की गई है ।खेल के दौरान मैदान में 3 किलो चूना का प्रयोग किया गया था। 3 किलो चूने की कीमत 1619 रुपए वाउचर में डाला गया। वहीं खेल के दौरान 25 जार पानी मंगवाया गया जिसकी कीमत 2109 रुपए दी गई। इस तरह के कई मामले प्रकाश में आए हैं जिसकी सुनवाई चल रही है। पंडारक और बाढ़ बाजार में सामानों की खरीदारी करने की जगह पटना के एक दुकान का वाउचर उपयोगिता प्रमाण पत्र लगाए गए हैं जिसकी सत्यता पर जांच चल रही है। वही जब मामले पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय कुमार चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल से पूर्व का मामला है। इस पर मैं बयान नही दे सकता।वही अकाउंटेंट राजकुमार का कहना है कि कुछ लोग उन्हें बेवजह परेशान कर रहे हैं।

## होटल संचालक ने नालंदा के श्रद्धालुओं को पीटा जेवरात छीनने का आरोप

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के सुप्रसिद्ध उमानाथ मंदिर परिसर के पास होटल संचालक और उसके समर्थकों ने खाना खाने के दौरान हुए विवाद के बाद नालंदा के श्रद्धालुओं को पीटा। इसमें बुजुर्ग सहित पांच लोग जख्मी हो गए जिसमें तीन महिलाएं शामिल है। महिलाओं का आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके जेवर भी होटल संचालक ने छीन लिये और कपड़े फाड़ दिए । जानकारी के अनुसार नालंदा जिले के अस्थामा थाना अंतर्गत रामी बिगहा निवासी पूजा देवी अपने परिवार के साथ बाढ़ के बाबा उमानाथ धाम में गंगा स्नान कर पूजा करने के लिए आई थी। पूजा पाठ के बाद सभी श्रद्धालु खाना खाने के लिए जब जय संत बाबा होटल में गए। खाने के दौरान होटल मालिक नीतीश के साथ उनका विवाद हो गया। इसके बाद होटल संचालक नितीश और उसके समर्थकों ने लोहे के डब्बू और चूल्हे की जलती लकड़ी से मारपीट की। इसमें पूजा देवी और उसके परिवार की दो अन्य महिला जख्मी हो गई। महिलाओं का आरोप है कि हमलावरों ने उनके कपड़े फाड़ कर बदसलूकी की और मंगलसूत्र भी छीन लिये। बीच बचाव करने के लिए आए पूजा देवी के बुजुर्ग ससुर नवल किशोर रविदास को भी पीटा। सभी जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस संबंध में होटल मलिक नितीश और मनीष सहित सात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है ।

## एक घंटे की मूसलाधार बारिश में मसौढ़ी की सड़कें बनीं झील, जलजमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में बुधवार को हुई एक घंटे की मूसलाधार बारिश ने पूरे शहर का हाल बेहाल कर दिया। थोड़ी ही देर की बारिश में नगर परिषद क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कें और गलियां जलमग्न हो गईं और सड़कों पर झील जैसा नजारा दिखने लगा।बारिश के कारण मसौढ़ी के मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, गांधी मैदान रोड, संगतपर, अस्पताल रोड, थाना रोड और स्टेशन रोड सहित लगभग सभी वार्डो में घुटने भर पानी जमा हो गया। पानी का निकास नहीं होने से कई घंटों तक सड़कों पर पानी लगा रहा। जलजमाव का सबसे अधिक असर पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों पर पड़ा। सड़कों पर पानी भरने से कई बाइक और ऑटो बीच सड़क में ही बंद हो गए, जिसे धक्का मारकर निकालना पड़ा। सब्जी मंडी और अस्पताल रोड में तो दुकानों के अंदर तक पानी घुस गया, जिससे दुकानदारों को काफी परेशानी हुई और सामान खराब होने का डर बना रहा। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने और अतिक्रमण के कारण जल निकासी बाधित है। हर साल बारिश में यही स्थिति बनती है, लेकिन नगर परिषद इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती।लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि आम लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके।

## शादी के नाम पर यौन शोषण, अश्लील वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी के नाम पर यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि एक युवती ने थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी शादी का झांसा देकर लंबे समय से उसका यौन शोषण कर रहा था। इतना ही नहीं, आरोपी ने पहले से ही उसका अश्लील वीडियो बना रखा था और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार शोषण कर रहा था। पीड़िता के आवेदन के आलोक में भगवानगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान रंजीत कुमार उर्फ भोला, पिता राम प्रवेश सिंह, निवासी मुरादचक धनरूआ के रूप में हुई है।

# पैगंबर मोहम्मद साहब की 1501वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल नगर स्थित ताज एकता कमिटी, निम तल्ला रोड खगौल की ओर से आज जश्न -ए -ईद मिलाद दुन्नी के बड़े धूमधाम से पैगंबर मोहम्मद साहब की 1501 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बड़े धूमधाम एवं खुशियों के बीच पैगंबर साहब की जयंती मनाई गई। खगौल में जगह-जगह पर धूमधाम से हर्षोल्लास के बड़ी खगौल माजिद, जमालुद्दीन चक,जुलूस का भी आयोजन किया गया है। और बहुत ही धूमधाम से निकल गया। पैगंबर मोहम्मद साहब की जुलूस के साथ ताज एकता कमिटी बड़ी धूम धाम से जयंती मनाई । इस मौके सुजीत कुमार नगर परिषद अध्यक्ष, सुनील कुमार पूर्व उपाध्यक्ष, ताज एकता कमिटी के अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू को एवं संयोजक चंदू प्रिन्स ने बताया कि हर साल बड़ी धूमधाम से पैगंबर मोहम्मद साहब 1501वीं जयंती मनाई जाती है। और पूरे खगौल में खुशियों का माहौल दिख जाता है। इस मौके पर केक और हलवा खिलाकर पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन बहुत खुशियों के साथ मनाया जाता है।

# हिलसा के इस स्वाद का टेस्ट नहीं लिया तो समझो जिंदगी अधूरी

## शुद्ध दूध, खोये, रबड़ी, दही, सोंधी खुशबू से भरी मुरकी, बर्फी,पेड़ा एवं नमकीन हर एक में बेशुमार स्वाद



**दनियावां / हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर वरुण तल बजरंगबली मंदिर के समीप, पुराने सब्जी मार्केट के पास एक छोटी सी लेकिन 1970 के दशक से चली आ रही मिठाई की दुकान है जो स्वाद और सेहत का खजाना है। संचालक हैं राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता जी, जिन्हें स्थानीय लोग प्यार से भंटा जी कहते हैं। मजाकिया अंदाज के 36 वर्षीय ये युवा उद्यमी आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। चीनी का भाव भले 45 से 70 रुपये हो गया, पर इनकी मिठास आज भी वैसी ही है, बल्कि पहले से ज्यादा।

### खासियत क्या है?

इनके यहां का पेड़ा, दीवाली का घी वाला सोंधी लड्डू, बर्फी, छेना पायस, मिर्जई, नमकीन और सबसे खास - देसी दही। बंगाल की मिष्ठी दही में चीनी पड़ती है, पर इनकी दही शुद्ध दूध का असली स्वाद देती है। दूध भी ये शुद्ध दूधियों से ही लेते हैं। रबड़ी, खोया, गुलाब जामुन, बर्फी - सबका जायका लाजवाब। सोंधी खुशबू का राज है -कोयले की आंच पर दूध को धीरे-धीरे औटाना और खूब परिश्रम से खोबे से बर्फी-पेड़ा बनाना। इनके पिताजी भी कुशल हलवाई थे। भंटा जी ने बताया कि आज के प्रसिद्ध मिठाई कारोबारी श्री हिटलर गोप जी भी 1970-80 के दशक में इनके यहां दूध पहुंचाते थे। पिताजी को गुजरे 6 साल हो गए, पर ये टूटे नहीं, बल्कि मां, पुत्र और स्टाफ के साथ पुश्तैनी कारोबार को और आगे बढ़ाया। स्नातक राजेन्द्र जी ने सरकारी नौकरी के पीछे न भागकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। हर मंगलवार को वरुण तल चौराहा पर हनुमान जी को अर्पित करने के लिए 11 रु. से 101 रु. तक के शगुन वाले लड्डू-बर्फी की यहाँ खूब बिक्री होती है। हाल ही में कई रुद्राभिषेक में भी इनके लड्डू-पेड़े गए। इस मार्केट के मालिक श्री सुमन सिंघानिया जी और बुजुर्ग व्यवसायी श्री वैद्यनाथ जी भी बताते हैं कि राजेन्द्र ने अपनी लगन और स्वाद से सबका दिल जीता है। एक बार हिलसा, वरुण तल चौराहा पर भंटा जी की दुकान पर जरूर आइये। हिलसा के इस टेस्ट को अपने पर्व-त्योहार में शामिल कीजिये। भोलेनाथ, इंद्रदेव और बजरंगबली की कृपा इन पर और हम सभी दनियावां-हिलसा वासियों पर बनी रहे। जहां गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं होता।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### रसूलपुर में मुहम्मदसाहब के जन्मदिन पर निकले जुलूस में दिखा सामाजिक सद्भाव

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में मोहम्मद साहब का जन्मदिन सामाजिक सद्भाव के साथ बुधवार को मना। रसूलपुर चट्टी पर मुस्लिम समुदाय द्वारा निकले जुलूस में हिन्दू धर्म के लोग ने भी भाग लिया और एक दूसरे को बधाई दी।कादरी जामा मस्जिद से निकला जुलूस रसूलपुर



मठिया पीर बाबा स्थान पहुंचा, जहां पहले से पहुंचे विभिन्न वर्गों के लोगों ने मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद, उपमुखिया,मनोज सोनी नन्हें ,सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार की अगुआई में स्वागत किया।मौके पर थानाध्यक्ष प्रिंस राज पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और शांति व सद्भाव रूप से सम्पन्न जूलूस के लिए बधाई दी।जूलूस में मस्जिद के इमाम मौलाना मो शब्बीर मिस्बाही,वार्ड सदस्य फिरोज, पूर्व सरपंच मुर्तजा,सदर सेकेंड्री आरिफ मंसूर, सद्दाम सिद्दीकी, फिरोज सिद्दीकी ,बाबू राजा आदि ने जुलूस का नेतृत्व किया।

### शशिनाथ झा हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का आदेश, दो सप्ताह में अभियुक्तों को सरेंडर का निर्देश

**नई दिल्ली/समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मुखिया शशिनाथ झा हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसके तहत मामले में दोषी ठहराए गए अभियुक्तों की सजा को निलंबित कर उन्हें जमानत दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अभियुक्तों को दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट के फैसले और उसमें दर्ज साक्ष्यों के विश्लेषण पर विचार किया। अदालत ने कहा कि केवल प्राथमिकी दर्ज होने में देरी जैसे आधार पर ट्रायल कोर्ट के विस्तृत फैसले को प्रथम दृष्टया गलत नहीं माना जा सकता। मामले में ट्रायल कोर्ट ने अर्जुन दास उर्फ कारिया, निलेंद्र गिरि, हिमांशु राय, सुनील कुमार और सुमित कुमार उर्फ फुचुकिया को शशिनाथ झा की हत्या और आपराधिक षड्यंत्र के मामले में दोषी ठहराया था। अदालत ने सभी को आजीवन कारावास और जुमार्ने की सजा सुनाई थी। एक अभियुक्त को आर्म्स एक्ट के तहत भी आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ अभियुक्तों ने पटना हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दायर की थी। अपील की सुनवाई लंबित रहने के दौरान हाईकोर्ट ने 11 दिसंबर 2024 को अभियुक्तों की सजा को स्थगित करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश को मृतक की पत्नी माधुरी देवी और बिहार सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के सजा स्थगन और जमानत संबंधी आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने सभी संबंधित सजायाफ्ता अभियुक्तों को दो सप्ताह के भीतर ट्रायल कोर्ट के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया है। हालांकि, उनकी आपराधिक अपीलें हाईकोर्ट में लंबित रहेंगी और अभियुक्त अपनी अपीलों की शीघ्र सुनवाई के लिए हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। पंचायत में विवाद सुलझाने पहुंचे थे शशिनाथ झा घटना 6 अगस्त 2021 को मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के बखरी बुजुर्ग गांव में हुई थी। पूर्व मुखिया शशिनाथ झा गांव में पंचायत के माध्यम से एक विवाद सुलझाने के लिए पहुंचे थे।

# गंडक-गंगा के जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, तटीय एवं निचले इलाकों में लगातार निगरानी : डीएम

**डीएम ने अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमण एवं त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंडक एवं गंगा नदियों के बढ़ते जलस्तर तथा तटीय एवं निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए डीएम वर्षा सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट एवं मुस्तैद है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों एवं क्षेत्रीय अधिकारियों को लगातार स्थिति पर नजर रखने, प्रभावित क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा आवश्यकता के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। 25 अगस्त को प्राप्त जलस्तर एवं जलश्राव की स्थिति के अनुसार वाल्मीकिनगर बराज से गंडक नदी में 81,800 क्यूसेक जलश्राव दर्ज किया गया है तथा इसमें घटने की प्रवृत्ति है। विगत दिनों में भी जलश्राव में लगातार कमी दर्ज की गई है। 22 अगस्त को 1,55,600 क्यूसेक, 23 अगस्त को





1,24,000 क्यूसेक तथा 24 अगस्त को 1,02,100 क्यूसेक जलश्राव दर्ज किया गया था।

**विभिन्न स्थलों पर नदियों के जलस्तर की स्थिति**

**लालगंज (गंडक नदी)** में जलस्तर 50.87 मीटर है, जो खतरे के निशान 50.50 मीटर से 0.37 मीटर ऊपर है। यहां जलस्तर में हल्की वृद्धि दर्ज की गई है। **गांधी घाट (गंगा नदी)** में जलस्तर 49.54 मीटर है, जो खतरे के निशान 48.60 मीटर से 0.94 मीटर ऊपर है। हालांकि यहां जलस्तर घटने की प्रवृत्ति में है।

**रेवा घाट (गंडक नदी)** में जलस्तर 53.63 मीटर है, जो खतरे के निशान 54.41 मीटर से 0.78 मीटर नीचे है। हाजीपुर (गंडक नदी) में जलस्तर 49.60 मीटर है, जो खतरे के निशान 50.32 मीटर से 0.72 मीटर नीचे है।

**राघोपुर के निचले इलाकों में नावों का परिचालन**

निचले क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए आमजन के सुगम आवागमन के लिए राघोपुर अंचल के चकसिंगार, वीरपुर, सराईपुर, जुरावणपुर करारी एवं जहांगीरपुर पंचायतों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में नावों का परिचालन कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा इन क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**तटबंधों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता**

जिला पदाधिकारी के निर्देश पर बाढ़ नियंत्रण, स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि, पीएचईडी सहित सभी संबंधित विभागों को हाई अलर्ट मोड में रखा गया है। जिले के सभी तटबंधों की सुरक्षा के लिए होमगार्ड एवं विभागीय कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता लगातार तटबंधों की निगरानी एवं निरीक्षण कर रहे हैं। महनार, राघोपुर, हाजीपुर एवं लालगंज क्षेत्रों में एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैं, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

**क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे अधिकारी**

जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण एवं निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को जलस्तर, तटबंधों एवं जलभराव की स्थिति पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यकता के अनुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से जाने से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी निदेशों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

**जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24x7 सक्रिय**

किसी भी आपात स्थिति, सूचना अथवा सहायता के लिए जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है।

**हेल्पलाइन नंबर : 06224-260233/ 06224-260234**

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने स्पष्ट किया है कि बाढ़ एवं जलस्तर की स्थिति पर जिला प्रशासन की लगातार नजर है तथा आमजन की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं त्वरित राहत-बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सक्रिय रखी गई हैं।

# कांकर-दसौत सड़क निर्माण में गड़बड़ी के कारण निर्माण बंद

**ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक ने मौके पर रुकवाया काम**

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिवाजीनगर प्रखंड के कांकर घाट पुल के समीप ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से कराए जा रहे कांकर-दसौत सड़क निर्माण कार्य में कथित तौर पर घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत पर रोसड़ा विधायक बीरेन्द्र कुमार ने मंगलवार को स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताते हुए विधायक ने तत्काल काम बंद कराने का निर्देश दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे विधायक ने सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और निर्माण प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों से कार्य की प्रगति और निर्माण से जुड़े मानकों की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि प्रथम दृष्टया निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं दिख रहा है और सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाना आवश्यक है। विधायक बीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं में जनता के पैसे का इस्तेमाल होता है, इसलिए निर्माण कार्य



में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क लोगों के आवागमन के लिए बनाई जा रही है, इसलिए इसकी मजबूती और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्माण की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे खेत में कदवा किया जा रहा हो। विधायक ने बताया कि वे सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, तभी स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्वयं स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर विभाग का कोई सक्षम पदाधिकारी मौजूद नहीं मिलने पर उन्होंने निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाया। इसके बाद विधायक ने मौके से ही संबंधित विभागीय अधिकारी से बातचीत कर निर्माण कार्य तत्काल रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगे का निर्माण विभागीय अधिकारी की निगरानी में निर्धारित प्राक्कलन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को अपनी मौजूदगी में निर्माण कार्य कराने और निर्माण के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बताया गया कि कांकर-दसौत सड़क घनी आबादी वाले इलाके से होकर गुजरती है और इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही का सीधा असर आम लोगों पर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने विधायक से सड़क का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार कराने की मांग की। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, निर्माण प्रक्रिया और सड़क की मजबूती की जांच जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभाग को पूरे मामले की गंभीरता से निगरानी करने का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क का निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होना चाहिए, ताकि लोगों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, पूर्वी मंडल अध्यक्ष ललित कुमार झा, चंदन राय, मणि शंकर सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेटी के जन्म के बाद छठी भोज में पति ने मांगी शराब पार्टी के लिए रकम, गोली मारकर हत्या; आरोपी फरार

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हलई थाना क्षेत्र के चकलालशाही वार्ड-6 में बेटी के जन्म की खुशी में आयोजित छठी समारोह के दौरान एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान सूरज सहनी की पत्नी अंजुला कुमारी (26) के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि पति सूरज सहनी शराब के नशे में घर पहुंचा और दोस्तों के साथ शराब पार्टी तथा आर्केस्ट्रा कराने के लिए पत्नी से पैसे मांगने लगा। पत्नी ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया और आरोपी ने पिस्तौल से उसकी आंख के पास गोली मार दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों के अनुसार अंजुला कुमारी की शादी करीब पांच वर्ष पहले सूरज सहनी से हुई थी। दंपती के दो बेटे हैं और हाल ही में तीसरी संतान के रूप में बेटी का जन्म हुआ था। नवजात बेटी के जन्म के बाद मंगलवार रात घर में छठी का भोज आयोजित किया गया था। इस दौरान परिवार और रिश्तेदारों के लोग घर पर मौजूद थे।



मृतका का फाइल फोटो

मृतका के भाई गजेंद्र ने बताया कि रात करीब 11 बजे घर के बाहर मेहमान खाना खा रहे थे। इसी दौरान सूरज सहनी पिस्तौल लेकर वहां पहुंचा और एक गोली चलाने के बाद बाहर चला गया। कुछ देर बाद वह अपने कुछ दोस्तों के साथ नशे की हालत में वापस घर पहुंचा और पत्नी से पैसे मांगने लगा। आरोप है कि वह दोस्तों को शराब पार्टी देने और आर्केस्ट्रा कराने की बात कह रहा था। अंजुला ने इसके लिए पैसे देने से इनकार किया तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान सूरज ने पिस्तौल से अंजुला की दाहिनी आंख के पास गोली मार दी।

# खेत में पटवन के दौरान करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र की माने पंचायत के नवतन गांव में बुधवार की सुबह सब्जी के खेत में पटवन करने के दौरान विद्युत करंट की चपेट में आने से 65 वर्षीय किसान सवलिया प्रसाद की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया। बताया जाता है कि सवलिया प्रसाद खेत में मोटर पंप चालू करने के लिए प्लग लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक विद्युत प्रवाहित होने से वे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने उन्हें बेहोशी की हालत में पड़ा देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई।

# जन सुराज की बैठक में संगठन विस्तार और आगामी चुनाव की तैयारी पर मंथन

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज पार्टी की ओर से बुधवार को संगठन के विस्तार एवं आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर एक निजी



कार्यस्थल पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के संगठन को प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक मजबूत करने तथा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बांकीपुर में मिली जीत के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा स्नातक निर्वाचन एवं शिक्षक निर्वाचन चुनाव को लेकर भी पार्टी की रणनीति पर विचार किया गया। कार्यकताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा के साथ काम करने तथा आम लोगों की समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान की दिशा में पहल करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सहनी उर्फ प्रदीप ने कहा कि जिले में पार्टी को मजबूत करना और संगठन को आगे ले जाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन को सक्रिय करने तथा लोगों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं पार्टी की हसनपुर विधानसभा प्रत्याशी इंदु गुप्ता ने कहा कि प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बिहार के विकास को लेकर पार्टी लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर स्थानीय स्तर पर बैठक करेंगे और उनके समाधान की दिशा में प्रयास करेंगे।

# आयुर्वेदिक पद्धति से चर्म रोगों का इलाज संभव : डॉ. साजन दूबे

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सफेद दाग एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें त्वचा का रंग बनाने वाली कोशिकाएं (मेलानोसाइट्स) नष्ट हो जाती हैं और त्वचा पर सफेद धब्बे बनने लगते हैं। इस संबंध में पटना के बारी पथ पर बंगाली अखाड़ा मोड़ के समीप स्थित साजन क्लिनिक के निदेशक डॉ. साजन दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा कि आम तौर पर सफेद दाग की समस्या होंठो और पैरों पर दिखायी देती है। इसके अतिरिक्त शरीर के कई अलग-अलग हिस्सों पर भी ऐसे दाग नजर आ सकते हैं जिसके कारणों का पूरी तरह पता नहीं चल सका है। फिर भी इलाज से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। कई बार यह आनुवंशिक कारणों से भी हो सकता है। छूने या सम्पर्क में आने से इसका संक्रमण नहीं होता है। कुछ लोग इसे कुष्ठ रोग की प्रारम्भिक अवस्था मान अत्यंत भयभीत हो जाते हैं, पर वास्त में ऐसा नहीं है, कुष्ठ रोग से इसका कोई संबंध नहीं है। यह एक प्रकार का चर्म रोग है



जिसमें शरीर के अंदरुनी हिस्सों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। यूरोपीय देशों में यह इतना आम है कि वहां इसे रोग की श्रेणी में नहीं माना जाता है। कई बार यह बीमारी एक से डेढ़ साल में ठीक हो जाती है, जबकि कुछ मामलों में यह जरुरी नहीं है कि यह ठीक भी हो। ल्यूकोडर्मा एक प्रकार का त्वचा रोग है। दुनिया की 0.5 प्रतिशत से एक प्रतिशत आबादी इससे ग्रसित है। लेकिन भारत में इससे आठ प्रतिशत लोग ग्रसित हैं। ल्यूकोडर्मा किसी भी उम्र में हो सकता हे, लेकिन आधे से ज्यादा मामलों में यह 20 साल की उम्र से पहले ही विकसित हो जाता है। आयुर्वेद के अनुसार वात, पित्त और कफ यानी त्रिदोष के कारण इस प्रकार के रोग होते हैं। डॉ. साजन दूबे ने कहा कि ल्यूकोडर्मा की तरह ही एक्जीमा एक त्वचा रोग है, जो व्यक्ति की त्वचा पर कहीं भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद प्राकृतिक तरीके से उन्हें संतुलित करता है। ल्यूकोडर्मा एवं एक्जीमा जैसे त्वचा रोगों को ठीक करने के लिए आयुर्वेद को हमेशा सबसे अच्छा इलाज माना जाता है, क्योंकि यह सुरक्षित तो है ही साथ ही इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है।

# मुंशी सिंह महाविद्यालय में प्रथम छात्र-सहयोग शिविर का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में छात्रों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निवारण के उद्देश्य से बिहार सरकार के छात्र कल्याण अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 25 अगस्त 2026 को प्रथम छात्र-सहयोग शिविर का आयोजन महाविद्यालय के स्मार्ट-क्लास में किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्रों को उपलब्ध सहयोग एवं शिकायत-निवारण व्यवस्था से परिचित कराना तथा उन्हें इस व्यवस्था का प्रभावी उपयोग करने के लिए जागरूक एवं सक्षम बनाना था। शिविर के प्रथम सत्र में उपस्थित छात्रों को सहयोग पोर्टल- sahyog.bihar.nic.in के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को बताया गया कि वे महाविद्यालय अथवा अपनी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं से संबंधित शिकायतें पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इस



दौरान छात्रों को शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक एवं क्रमबद्ध प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, ताकि वे अपनी समस्याओं को उचित माध्यम से दर्ज कर उनके समाधान की प्रक्रिया से अवगत हो सकें। शिविर में जिला प्रशासन की ओर से ब्रजेश कुमार प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को सहयोग व्यवस्था के प्रभावी उपयोग तथा शिकायतों के उचित माध्यम से निवारण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय में यह छात्र-सहयोग शिविर प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को आयोजित किया जाएगा, जिससे छात्रों को अपनी समस्याओं एवं सुझावों को उचित मंच पर रखने तथा उनके समाधान की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का नियमित अवसर मिल सके। शिविर के नोडल पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग ने बताया कि छात्र-सहयोग शिविर का उद्देश्य छात्रों और महाविद्यालयीय प्रशासन के बीच संवाद को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपनी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग पोर्टल एवं छात्र - सहयोग शिविर का अधिकाधिक उपयोग करें ।

# बगीचे में छिपाकर रखी 206 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक बाइक जब्त

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत समस्तीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दलसिंहसराय थाना पुलिस एवं एएलटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से छापेमारी कर बम्बैया हरलाल गांव स्थित एक बगीचे से छिपाकर रखी गई 206 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस के अनुसार, गुप्त



सूचना के आधार पर टीम ने बम्बैया हरलाल गांव में बगीचे के पास छापेमारी की। तलाशी के दौरान वहां छिपाकर रखी गई विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 206 लीटर बताई गई है। पुलिस ने शराब के साथ एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। इस संबंध में दलसिंहसराय थाना कांड संख्या 481/26 दर्ज किया गया है।

# खेतिहर मजदूर यूनियन की बैठक में कई निर्णय, महंगाई के खिलाफ निकाला मार्च

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन, वैशाली जिला कमेटी की बैठक बुधवार को हाजीपुर के रामभद्र में जिला अध्यक्ष शिवजी



राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक दोपहर 12 बजे शुरू हुई।बैठक में राज्यव्यापी आह्वान के आलोक में 10 दिसंबर को आयोजित संगठन की व्यापक रैली पटना में बड़ी संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही, संगठन की विभिन्न मांगों को लेकर 2 सितंबर से 8 सितंबर तक जिले के विभिन्न अंचल कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करने तथा संबंधित पदाधिकारियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। भगवानपुर, सहदेई बुजुर्ग, पातेपुर, वैशाली आदि प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित करने की रणनीति भी तय की गई। रैली की तैयारी को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार, पर्चा वितरण तथा मार्च निकालने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के बाद चीनी सहित खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में रामचौरा मंदिर के निकट से मार्च निकाला गया। मार्च विभिन्न मार्गों से होते हुए महारानी चौक पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई। सभा को संगठन के जिला सचिव दीनबंधु प्रसाद, जिला अध्यक्ष शिवजी राम, उपाध्यक्ष रमाशंकर भारती, शीला देवी, संयुक्त सचिव दसई महतो, रितेश पासवान, माकपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पटेल, किसान नेता राजू भाई, डीवाईएफआई के जिला सचिव सुरंजन कुमार, मिथिलेश पासवान सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता, मजदूर, किसान और गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। चीनी सहित आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हो रही वृद्धि पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र और राज्य सरकार ने महंगाई पर अविलंब रोक नहीं लगाई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# पटना में डॉ. धर्मांश रंजन 'अंकुर' का सम्मान

**बोले समर्थक- यह एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे उत्तर बिहार और मिथिला के सम्मान का प्रतीक**

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के एक निजी होटल में आयोजित सम्मान समारोह में दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के भावी उम्मीदवार डॉ. धर्मांश रंजन ह्यअंकुरह्ण को सम्मानित किया गया। समर्थकों ने इस सम्मान को केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि उत्तर बिहार, मिथिला और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले संघर्षशील व्यक्तित्व के सम्मान के रूप में बताया। बिहार के पुत्र एवं नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव के हाथों डॉ. धर्मांश रंजन 'अंकुर' को सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर को समस्तीपुर जिले के लिए भी गौरव का क्षण बताया गया। सम्मान समारोह में उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों की चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने शिक्षा को समाज में बदलाव का महत्वपूर्ण माध्यम मानते हुए



लगातार काम किया है। समस्तीपुर जिले के एक सामान्य परिवार में जन्मे डॉ. धर्मांश रंजन ह्यअंकुरह्ण ने युवावस्था से ही शिक्षा के क्षेत्र में काम करने का लक्ष्य तय किया। उनके पिता रति रंजन प्रसाद ने शिक्षित और सशक्त बिहार का जो सपना देखा था, उसे आगे बढ़ाने की दिशा में उन्होंने कार्य किया। उन्होंने अपने पिता के सपने को केवल पारिवारिक विरासत के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में आगे बढ़ाने का प्रयास किया। वर्ष 2011 में होली मिशन की जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्होंने संस्थान के विस्तार और शैक्षणिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर काम किया। आज होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के माध्यम से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को शिक्षा एवं विभिन्न शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने का दावा किया जाता है। समर्थकों का कहना है कि उनकी पहचान शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों और विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर उनकी सोच से बनी है। डॉ. धर्मांश रंजन ह्यअंकुरह्ण का कहना है कि बिहार के विकास में शिक्षा और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उत्तर बिहार और मिथिला की प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी सोच के साथ वे शिक्षा, युवा, शिक्षक, रोजगार और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता देने की बात कहते रहे हैं। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के भावी उम्मीदवार के रूप में उनकी सक्रियता के बीच यह सम्मान उनके समर्थकों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समर्थकों ने कहा कि मिथिला की समृद्ध शैक्षणिक और सांस्कृतिक विरासत को नई संभावनाओं से जोड़ने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत पहल जरूरी है। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. धर्मांश रंजन ह्यअंकुरह्ण की यात्रा एक सामान्य परिवार से निकलकर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने तक की यात्रा है। उनके सम्मान को आने वाले समय में उत्तर बिहार के युवाओं और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए नई उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।

# बाल्मीकि नगर बैराज पर दबाव बढ़ने की आशंका

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल्मीकि नगर बैराज से अधिक मात्रा में पानी छोड़ने पर गंडक नदी के जलस्तर में भी अचानक वृद्धि की हो सकती है जिसको लेकर जिलाधिकारी के द्वारा गंडक नदी से जुड़े हुए अरेराज,संग्रामपुर,केसरिया और पहाड़पुर अंचल के लिए अलर्ट जारी किया गया है। आपदा प्रबंधन शाखा मोतिहारी के साथ-साथ बाढ़ प्रमंडल मोतिहारी के पदाधिकारी एवं स्थानीय पदाधिकारी के साथ बैठक कर जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया है कि गंडक नदी में अचानक पानी बढ़ने से बाढ़ की संभावना बन सकती है। इसको लेकर सभी जरूरी तैयारी कर लिया जाए।जिलाधिकारी के द्वारा गंडक तटबंध सहित निचले इलाकों में लोगों को जागरूक और सचेत करने का निर्देश दिया गया है। उक्त अंचल के अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को सभी जरूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजन

## बीडीओ ने दिलाया सभी को संकल्प





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विवेकानंद मिशन स्कूल में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जफर इमाम, संस्थापक निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह, प्रशासक सुनील कुमार सिंह, मद्य निषेध विभाग के पुलिस निरीक्षक ब्रजेश कुमार, प्राचार्य अंबुज कुमार एवं श्रीनिवास मंडल, मुन्ना अजीज एवं अन्य ने किया। बीडीओ ने नशापान न करने का सभी विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया। इसमें शिक्षक, पत्रकार सभी ने संकल्प लिया। वंदे मातरम से कार्यक्रम आरंभ हुआ और राष्ट्रगान जन गण मन के साथ समाप्त हुआ। इससे पहले विद्यालय परिसर में स्थित प्ले एरीना, म्यूजिक एंड डांस रूम तथा स्पोर्ट्स रूम का उद्घाटन किया गया। अतिथियों ने इन कमरों के साथ अटल टेंकरिंग लैब का भ्रमण किया। सभी वक्ताओं ने बच्चों से नशा से दूर रहने की अपील की। क्षेत्र में बढ़ते नशा के जाल और उससे निर्मित परिस्थितियों के बारे में बताया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्रा सागरिका सुमन व सृष्टि कुमारी ने भी नशा के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया। शिक्षक लोकेश पांडे ने कविता पाठ किया। डॉ. शंभू शरण सिंह ने वोट आफ थैंक्स दिया। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को हर हाल में नशा से परहेज करने की अपील की। कहा गया की स्थिति चाहे जो भी हो, जैसी भी हो नशा का स्वाद न लें, अन्यथा उसके गिरफ्त में आने की संभावना रहती है। सभी अतिथियों को संस्थापक निदेशक डा. शम्भू शरण सिंह, प्रशासक सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अद्यन्त वत्स, काउंसलर एंड डिप्टी डायरेक्टर अद्या वत्स ने सम्मानित किया गया। उनसे उनके विचार एक रजिस्टर में लिखवाया गया।

# छत से गिरी 16 वर्षीय ज्योति, इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के ग्राम चेव निवासी शिक्षक अशोक पासवान की 16 वर्षीय पुत्री ज्योति कुमारी की बीते देर रात्रि छत से गिरने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, ज्योति किसी काम से छत पर गई थी। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। कासमा भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव नेज्योति के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में हुई यह मौत बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# स्वर्ण कला और माटी कला बोर्ड की जगी उम्मीद

## लोजपा रामविलास सुप्रीमो चिराग पासवान ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

## सूड़ी जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की एमएलए की मांग




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पटना स्थित होटल ताज में देश के व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन कैट और ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) के प्रदेश अध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा आयोजित ट्रेडर्स कॉन्क्लेव में उनकी मांग पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के सुप्रीमो चिराग पासवान ने पहली पंक्ति में कहा था कि हम आए हैं तो समाधान निकालेंगे। उन्होंने अपने कथन को सच करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से इस संबंध में बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर बिहार में स्वर्ण कला आयोग और माटी कला बोर्ड के गठन पर चर्चा की। स्वर्णाभूषण कारीगरों के लिए जहां स्वर्ण कला आयोग की आवश्यकता महसूस की जा रही है वहीं कुम्हार जाति के लोगों के लिए माटी कला बोर्ड का गठन आवश्यक बताया जा रहा है। ओबरा से विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने सूड़ी जाति को अति पिछड़ा में शामिल करने का प्रस्ताव अपने पार्टी नेता चिराग पासवान को दिया था। इन तीनों मुद्दों पर चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बात की है। दोनों नेताओं की मुलाकात और बात के बाद सोनार, कुम्हार और सूड़ी समाज में बेहतरी की उम्मीद जगी है। विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने बताया कि वह इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं कि समाज के हर वर्ग को बेहतर से बेहतर अवसर उपलब्ध हो।

# 1 सितंबर की दिल्ली रैली को लेकर भाकपा ने निकाली प्रचार यात्रा, 30 अगस्त को हसपुरा में जुटने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के आह्वान पर आगामी 1 सितंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली की तैयारी को लेकर हसपुरा अंचल में भाकपा कार्यकर्ताओं ने प्रचार यात्रा एवं जुलूस निकाला। प्रचार यात्रा जलपुरा से शुरू होकर पीरू, रघुनाथपुर, देवकुंड, बाघोई, जखौरा, मलहरा, जयपुर, देवरा, पचरुखिया और सिहाड़ी चौराहा होते हुए हसपुरा पहुंची, जहां यात्रा सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों से दिल्ली रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक तथा अपराध जैसी समस्याएं गंभीर बनी हुई हैं। नेताओं ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर जनता को एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की जरूरत है और देश में बदलाव की आवश्यकता है। भाकपा की ओर से बताया गया कि 30 अगस्त को दोपहर 2 बजे हसपुरा बस स्टैंड पर किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों को एकत्रित किया जाएगा। वहां से दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 1 सितंबर की रैली में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने की अपील की गई। प्रचार यात्रा में अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह, पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, पूर्व प्रमुख विजय यादव, जिला परिषद सदस्य अवध किशोर सिंह, मनोज यादव, अर्जुन यादव, राजकुमार सिंह, योगेंद्र राजवंशी, कामेश्वर यादव, अरुण कुमार रंजन, रामदेव राजवंशी सत्येंद्र सिंह एवं श्याम किशोर यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे।

# विद्यार्थियों की समस्या का समाधान 30 दिन के अंदर : एसडीओ




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विद्यार्थियों की शिकायतों या समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए 30 दिनों का समय निर्धारित किया गया है। विद्यार्थी सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निस्तारण के प्रति प्रशासन गंभीर है। इसी संदर्भ में मंगलवार को एएनएम कॉलेज में बैठक की गई। एसडीओ अमित राजन, एसडीपीओ अशोक दास, बीडीओ मो.जफर इमाम, अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा शांता कुमारी, एएनएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य एवं अन्य अपस्थित रहे। एसडीओ अमित राजन ने बताया कि सात निश्चय-03 के अधीन "सब का सम्मान जीवन आसान" के लक्ष्य को ध्यान रखते हुए विद्यार्थियों के लिए भी प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को "विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किये जाने का निदेश प्राप्त हुआ है। ऐसे शिविर का आयोजन सभी सरकारी शैक्षणिक संस्थानों यथा - विश्वविद्यालयों, अंगीभूत महाविद्यालयों, अभियंत्रण महाविद्यालयों, चिकित्सा महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, पारा मेडिकल महाविद्यालय, नर्सिंग स्कूल, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के छात्रावासों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के छायावासों, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के छात्रावासों, कस्तुरबा गांधी छात्रावासों एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेत्रहीन या मुकबधिर विद्यालय में किया जाना है। विद्यार्थियों द्वारा सभी शिकायतें एवं सुझाव पोर्टल के माध्यम से समर्पित किया जायेगा। उपर्युक्त वर्णित संबंधित संस्थानों या छात्रावासों के वास्तविक छात्र ही विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर निबंधन कर सकेंगे।

# अमझरशरीफ से निकला भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** अमझर शरीफ स्थित दारुल उलूम सैयदना शिक्षण संस्थान से बुधवार सुबह जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में दारुल उलूम के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के साथ अमझर शरीफ व आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। संस्था के संस्थापक इमामे मिल्लत सैय्यद असगर इमाम कादरी के निर्देशन में निकले जुलूस का नेतृत्व प्रधानाचार्य मौलाना यूनुस कादरी और मौलाना अख्तर रजा कादरी ने संयुक्त रूप से किया। जुलूस अमझर शरीफ से निकलकर भलुवार मुहल्ला, मुस्लिमाबाद, हसपुरा बस स्टैंड, पटेल चौक, नरसंद मोड़ और पुरानी थाना रोड होते हुए दादा रज्जाकना पाक के मजार पर पहुंचा। यहां सलातो-सलाम और दुआ के बाद जुलूस का समापन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के प्रेम, शांति, भाईचारे और इंसानियत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी सौहार्द और सद्भाव बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। जुलूस को लेकर हसपुरा बस स्टैंड के समीप स्थानीय लोगों की ओर से पानी और बिस्किट का स्टॉल लगाया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं में उत्साह और धार्मिक भावना देखने को मिली। शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। हसपुरा बीपीआरओ रिषु राज को मजिस्ट्रेट के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। जुलूस में एसआई सुगंध कुमार, बीस सूत्री सदस्य कौशल शर्मा, उपमुखिया मो. नदीम, पूर्व मुखिया मो. अबरार अहमद,समाजसेवी भोला कुरैशी, मोइज कुरैशी, शाहिद परवेज,बबलू कुरैशी, जलालुद्दीन कादरी, हाफिज अजीम, हाफिद रिजवान, इकराम खान का योगदान सराहनीय रहा।

# एनएच-139 पर दोहरी कार्रवाई, 316.8 लीटर शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अंबा और रिसियप थाना पुलिस ने एनएच-139 पर अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 316.8 लीटर देसी व विदेशी शराब बरामद की। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त ऑटो व होंडा सिटी कार जब्त करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। अंबा थाना पुलिस ने मंगलवार को जनता कॉलेज के समीप वाहन जांच के दौरान एक बजाज आरई सीएनजी ऑटो की तलाशी ली। ऑटो से 200 एमएल की छबिली डीलक्स शराब की 184 बोतलें बरामद हुईं, जिसकी कुल मात्रा 36.8 लीटर है। मौके से रोहतास जिला के करकटपुर, अकोढ़ीगोला निवासी उपेंद्र राम (38) को गिरफ्तार किया गया। वहीं, रिसियप पुलिस ने गुप्त सूचना पर दोमुहान पुल के समीप घेराबंदी कर होंडा सिटी कार से 35 कार्टन झारखंड निर्मित छबिली ब्रांड की शराब बरामद की। इसमें करीब 280 लीटर शराब थी। पुलिस ने जम्होर निवासी अंकित कुमार और सोनू कुमार को गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार, दोनों झारखंड से शराब लाकर क्षेत्र में खपाने के नेटवर्क से जुड़े हैं। पुलिस अब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# कुसाढ़ी विद्यालय के बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्राथमिक विद्यालय कुसाढ़ी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रंजना देवी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत परिसर एवं आसपास के विभिन्न स्थानों पर 25 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापिका रंजना देवी तथा शिक्षक प्रेम कुमार व भोला चौधरी ने उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र प्रभावी उपाय है। शिक्षक वृंद ने कहा कि पेड़ न केवल हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने, वर्षा चक्र को सुचारू रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार और स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से हरित अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बिहार इकाई का विस्तार, समाज को संगठित करने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बिहार इकाई के विस्तार को लेकर बुधवार को पटना स्थित होटल अप्सरा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने की। इस दौरान संगठन के विस्तार, सामाजिक एकजुटता और समाज के लोगों को एक मंच पर लाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. जेपी कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का उद्देश्य समाज के लोगों को संगठित कर उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए बेहतर माहौल तैयार करना है। उन्होंने कहा कि संगठन को बिहार के सभी जिलों और प्रखंडों तक मजबूत किया जाएगा, ताकि समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ा जा सके। डॉ. जेपी कुमार ने कहा कि संगठन का प्रमुख प्रतीक कृष्ण भक्त शिरोमणि माता कर्मा हैं। माता कर्मा समाज की आस्था और प्रेरणा का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी जिलों में माता कर्मा की प्रतिमा स्थापित करने की दिशा में संगठन की ओर से पहल की जाएगी। इसके माध्यम से समाज के लोगों को अपनी गौरवशाली परंपरा और इतिहास से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए जिले से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। समाज के युवाओं को संगठन से जोड़ने के साथ ही शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता और आपसी सहयोग जैसे विषयों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसकी एकता और संगठनात्मक क्षमता पर निर्भर करती है। ऐसे में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता बढ़ाने, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और समाज के जरूरतमंद लोगों के सहयोग के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, हरि हरेंद्र, विमल कुमार, जितेंद्र कुमार, रमेश प्रसाद, गुण सागर साहू, निराला, सुनील साहू, दिलीप साहू सहित संगठन से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। बैठक के अंत में संगठन को बिहार के प्रत्येक जिले में मजबूत बनाने और समाजहित में लगातार सक्रिय रहने का संकल्प लिया गया।

# जदयू सह एनडीए कार्यालय का विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के ब्लॉक रोड में बुधवार को दोपहर जदयू सह एनडीए कार्यालय का उद्घाटन विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार सिंह, जदयू नेता रामानुज सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह एवं भाजपा कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा ने की, जबकि संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से अर्जुन सिंह को एनडीए के संयोजक बनाया गया। विधायक ने कहा कि कार्यालय खुलने से विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां एनडीए के विभिन्न घटक दलों के कार्यकर्ता उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक माह दो दिन कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुनने का प्रयास करेंगे। रफीगंज में डिग्री कॉलेज के सवाल पर विधायक ने कहा कि विधानसभा में इस मुद्दे को मजबूती से उठाया गया है और अगले शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कॉलेज शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज होगी। नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोपों पर विधायक ने कहा कि कागजात मांगे गए हैं। दस्तावेज मिलने के बाद योजनाओं की जांच कराई जाएगी और अनियमितता मिलने पर कार्रवाई होगी। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सोनू सिंह,महिला सेल प्रखंड अध्यक्ष संगीता कुमारी, अनिल मिश्रा, विनय पटेल, संजय यादव, सुनील सिंह, विजय विश्वकर्मा, अशोक मेहता, विकास यादव, मनोज सिंह, अखिलेश शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में प्रखंड, पंचायत से लेकर बुध स्तर के एनडीए कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का जुलूस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। पैग़म्बरे ईस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तुफा स.अ.व के यौमे पैदाइश के मुबारक मौके पर निकली गई जुलूस में शहर के रज़ा नगर, अहमदपुर, राजा बागीचा, इमादपुर, महराजगंज, हाजीपुर गोला, महावीर गंज, बाबूगंज समेत विभिन्न मोहल्लों से हजारों लोग शामिल हुए। जुलूस इमादपुर मोहल्ला से मुरली चौक, नसरू मियां मोड़, ब्लॉक रोड होते हुए राजा बागीचा पहुंची वहां से कलाली मोड़, बस स्टैंड, मेन बाजार होकर पुनः मोहल्ला इमादपुर में सभा में बदल गयी। मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहल्लो में आकर्षक सजावट किया था। लोगों ने घरों व मस्जिदों को रोशनी से सजाया। जगह-जगह झंडे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैहे वसल्लम ने देश दुनिया को इंसानियत का पैगाम दिया। उनके जीवन से सभी को प्रेरणा मिलती है। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथों में झंडे लेकर हिस्सा लिया। सभी शामिल लोग मुख्तार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा, के नारे बुलंद कर रहे थे। जुलूस में एकता की मिसाल पेश करते हुए सामाजिक सद्भावना के नारे लगाए गए। इस मौके पर ईद मिलादुन्नबी कमिटी के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, बीडीओ कुमार अश्विनी, सीओ सतेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, सुहैल आरजू, मो साजिद उर्फ सानो, कांग्रेस नेता डा तुलसी यादव, जनसुराज नेता तजम्मुल खां, मौलाना अफसर रज़ा, मौलाना रिज़वान शम्सी, शम्मु खान, माहिद खानसहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन को लेकर गुलजार हुआ औरंगाबाद का बाजार

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन नजदीक आते ही औरंगाबाद शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शहर के प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर राखी की दुकानें सज गई हैं। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों से सजी दुकानों पर बहनों की भीड़ देखी जा रही है। बहनें अपने भाइयों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तरह-तरह की राखियों की खरीदारी कर रही हैं। इस वर्ष रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर बाजार में पारंपरिक राखियों के साथ फैंसी, मोतियों, रुद्राक्ष, कुंदन और बच्चों के लिए कार्टून पात्रों वाली राखियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। आसपास के क्षेत्रों से भी लोग राखी की खरीदारी के लिए शहर पहुंच रहे हैं। राखी दुकानदारों के अनुसार इस बार अलग-अलग डिजाइन और रंगों की राखियों की मांग बनी हुई है। छोटी बच्चियों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां पसंद की जा रही हैं, जबकि युवतियां फैंसी, ब्रेसलेट और मोतियों वाली राखियां खरीद रही हैं। धार्मिक आस्था से जुड़ी राखियों की भी मांग देखी जा रही है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में काराकाट सांसद राजाराम सिंह का सफल ऑपरेशन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पीठ की गांठ का सफल ऑपरेशन कराया। सर्जन डा. विक्रम मेहता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अनमोल कुमार की मौजूदगी में ऑपरेशन किया। इस मौके पर लिपिक अंकित कुमार भी मौजूद रहे। ऑपरेशन के बाद सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि डा. विक्रम मेहता और डा. अनमोल कुमार ने मिलकर उनका सफल ऑपरेशन किया। कहा कि उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भरोसा जताते हुए अपना ऑपरेशन यहां कराया है। सांसद ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी इसके लिए बधाई और धन्यवाद के पात्र हैं। सांसद ने उम्मीद जताई कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र की जनता को आगे भी बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। सांसद के स्वयं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर ऑपरेशन कराने से सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति लोगों में भरोसा बढ़ाने वाला सकारात्मक संदेश गया है। इससे क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर काराकाट सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, सांसद के निजी सचिव नरेंद्र कुमार, भाकपा माले के प्रखंड सचिव चंद्रमा पासवान, लिपिक अंकित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मजदूरों के हितों की अनदेखी नहीं होने देंगे : सुरजीत नागवाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** एनटीपीसी केरेडारी माइंस के एमडीओ बीजीआर माइंस परिसर में मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों और बीजीआर प्रबंधन के बीच उच्चस्तरीय वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में मजदूरों के वेतन वृद्धि, स्किल अपग्रेडेशन और हाई पावर कमेटी (ლढउ) की सिफारिशों को लागू करने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। वार्ता में प्रबंधन की ओर से एचआर प्रोजेक्ट प्रमुख श्रीनिवास राव मौजूद थे। वहीं क्ठळवउ एवं कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व क्ठळवउ के प्रदेश प्रवक्ता सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुरजीत नागवाला, क्ठळवउ के प्रदेश सचिव धीरज सिंह, बीजीआर यूनिट अध्यक्ष परमेश्वर कुमार और कांग्रेस के




जिला प्रवक्ता मनोज नारायण भगत ने किया। बैठक के दौरान सुरजीत नागवाला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मजदूरों के हितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मजदूरों की जायज मांगों को पूरा करना प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और यूनियन मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से जारी रखेगी। वहीं कांग्रेस कमेटी के जिला प्रवक्ता मनोज नारायण भगत ने प्रबंधन से मजदूरों के कल्याण एवं अधिकारों के प्रति गंभीरता दिखाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष पहल करने का आग्रह किया। वार्ता के मुख्य बिंदु वेतन वृद्धि एवं ლढउ लागू करना, मजदूरों को नियमानुसार हाई पावर कमेटी की दर के अनुरूप वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। स्किल अपग्रेडेशन पर सहमतिः मजदूरों की कार्यकुशलता बढ़ाने, बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और पदोन्नति में सहयोग के उद्देश्य से नियमित प्रशिक्षण एवं स्किल अपग्रेडेशन पर सहमति बनी। प्रबंधन का सकारात्मक आश्वासन : बीजीआर प्रबंधन की ओर से एचआर प्रोजेक्ट प्रमुख श्रीनिवास राव ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और विश्वास दिलाया कि प्रबंधन मजदूरों की समस्याओं का जल्द सकारात्मक समाधान निकालने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा। बैठक में सुनील कुमार, तथागत विजित, रॉकी सिन्हा, मंटू सिंह, रामधारी यादव, जितेंद्र गोस्वामी, संदीप सिंह, प्रमोद सिंह, मणिलाल वर्मा, संतोष गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, दिलीप यादव, पंकज पासवान, मनोज कुमार सहित केरेडारी क्ठळवउ के अमरजीत कुमार, अनिल कुमार, विनय कुमार, महेश प्रजापति, रविंद्र कुमार, दिलेश्वर कुमार, प्रदीप कुमार, नारायण कुमार और दिनेश कुमार समेत सैकड़ों मजदूर एवं यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित थे। वार्ता के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन के साथ आगे भी संवाद जारी रहेगा और किसी भी स्थिति में मजदूरों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी।

# श्रावण मास में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के आवास पर जैन समाज के पदाधिकारियों का आगमन

**जैन समाज की मंत्राणी श्रीमती आशा जी एवं मीडिया प्रभारी श्री विजय जैन का हुआ आत्मीय स्वागत, श्रावण मास के उपहार के लिए शेफाली गुप्ता ने जताया आभार**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** श्रावण मास के पावन एवं धार्मिक अवसर पर जैन समाज की मंत्राणी आदरणीय श्रीमती आशा जी एवं मीडिया प्रभारी श्री विजय जैन जी का भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के आवास पर स्नेहपूर्ण आगमन हुआ। इस अवसर पर




शेफाली गुप्ता ने दोनों अतिथियों का आत्मीयता के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान श्रावण मास की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता पर चर्चा हुई। वातावरण आपसी स्नेह, सम्मान और सौहार्द से परिपूर्ण रहा। जैन समाज के पदाधिकारियों के आगमन से शेफाली गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आत्मीय मिलन सामाजिक समरसता, आपसी सहयोग और पारिवारिक संबंधों को और मजबूत करते हैं। इस अवसर पर आदरणीय श्रीमती आशा जी ने श्रावण मास के पावन अवसर पर स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किया। उपहार स्वीकार करते हुए शेफाली गुप्ता ने हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह स्नेह एवं आत्मीयता उनके लिए अत्यंत सम्मान और प्रसन्नता का विषय है। शेफाली गुप्ता ने जैन समाज के सभी सदस्यों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए श्रावण मास की पवित्र भावना को जीवन में अपनाने तथा समाज में प्रेम, शांति, सेवा और सद्भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। वहीं, जैन समाज के पदाधिकारियों ने भी सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में आपसी सहयोग और सहभागिता को आगे बढ़ाने की भावना व्यक्त की। इस आत्मीय मुलाकात ने सामाजिक सौहार्द और आपसी संबंधों की मजबूती का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी अतिथियों का स्वागत करते हुए श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिजीत जीवन केयर मेडिकल व लघु अस्पताल का हुआ उद्घाटन, क्षेत्रवासियों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

**चौपारण/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सुबोध प्रजापति के घर ह्यअभिजीत जीवन केयरह्ल मेडिकल एवं लघु अस्पताल का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुखिया जानकी यादव, भाजपा नेता विकास यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बैजनाथ साव, मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर तथा उपमुखिया प्रतिनिधि मो. मतीन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अस्पताल के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। कार्यक्रम के



दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बेहद जरूरी है। स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सुविधा मिलने से लोगों को छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अभिजीत जीवन केयर में मानव जीवन से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। लघु अस्पताल के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक स्तर की चिकित्सा, स्वास्थ्य जांच एवं जरूरत के अनुसार उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। अस्पताल का उद्देश्य लोगों को सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों ने अस्पताल के सफल संचालन और क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होने की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर अस्पताल और चिकित्सा केंद्र का संचालन निश्चित रूप से लोगों के लिए लाभकारी साबित होगा। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. सकलदेव पोद्दार, राजेश चौधरी, सुबोध प्रजापति, राजेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने अस्पताल के संचालक को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि अभिजीत जीवन केयर क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### लगातार प्रकाशित खबरों का असर, डॉ. नफीस अंजुम को केरेडारी सीएचसी के प्रभारी पद से हटाया गया

**केरेडारी/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और मरीजों के इलाज में कथित लापरवाही को लेकर लगातार प्रकाशित हो रही खबरों का असर अब दिखाई देने लगा है। डॉ. नफीस अंजुम को केरेडारी सीएचसी के प्रभारी पद से हटा दिया गया है। हाल ही में केरेडारी क्षेत्र में सर्पदंश के दो मरीजों की मौत के बाद सीएचसी की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे थे। 15 अगस्त की रात चट्टी पेटो निवासी छह वर्षीय राजन कुमार और बड़का आम निवासी सुमन देवी को सांप के डंसने के बाद केरेडारी सीएचसी लाया गया था। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप था कि अस्पताल में समय पर समुचित उपचार और एंटी-वेनम उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके बाद दोनों मरीजों को हजारीबाग रेफर किया गया। हजारीबाग पहुंचने पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सीएचसी के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की थी। मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी केरेडारी सीएचसी पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया था। सर्पदंश से हुई मौतों के बाद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सीएचसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए प्रभारी डॉ. नफीस अंजुम समेत संबंधित चिकित्सकों की भूमिका की जांच की मांग की थी। अब डॉ. नफीस अंजुम को प्रभारी पद से हटाए जाने के बाद लोगों को उम्मीद है कि केरेडारी सीएचसी में 24 घंटे चिकित्सकीय सेवा, एंटी-वेनम समेत आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। लगातार खबरों के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा है। हालांकि, सर्पदंश से हुई मौतों में चिकित्सकीय लापरवाही की जिम्मेदारी जांच के निष्कर्ष के बाद ही स्पष्ट होगी।

### हजरत मोहम्मद (स) साहब के जन्म दिवस पर निकला जुलूस व प्रभात फेरी

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को इस्लाम धर्म के प्रवर्तक व आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद (स०) साहब के जन्मदिवस के मौके पर जिले भर से भव्य जुलूस निकला । पंद्रह सौ साला जश्न ईद मिलादुन्नबी जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के चिरह गांव के दरगाह चिरह शरीफ से चलकर जिला मुख्यालय स्थित सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पहुंचा, जहां जुलुश एक सभा में परिणत हो गया। इस मौके पर रामपुर, डुमरिया, रामपुर कोदरकट्टी, अररिया सदर वगैरह गांव से जुलूस जिला मुख्यालय पहुंचा और प्रोग्राम का आगाज हाफिज नईम द्वारा कुरान पाक की तिलावत से शुरू हुआ ,उसके बाद नात पाक पढ़ा गया। जबकि प्रोग्राम का संचालन मौलाना मनोववर रेजा साहब रामपुर ने किया और ईद मिलादुन्नबी के आमद पर तकरीर मुफ्ती हबीबुर रहमान, जुबैर आलम साहब, मौलाना जफर, मौलाना कैसर,मौलाना माजिद मौलाना रईस उद्दीन, मौलाना शफीक ने किया। प्रोग्राम का समापन सलाम व दरूद पाक अदा कर दुआ से किया तथा पूरे संसार के लिए शांति , अमन चैन और मुहब्बत, भाई चारा कायम करने के लिए दुआ की गई। मौके पर चिरह के मुखिया शाहिद आलम, पूर्व मुखिया शहजाद, मो मुशाहिद आदि युवा जुलूस के साथ साथ शामिल थे । मिली जानकारी अनुसार अहले सुबह बुधवार को इस जुलूस को जिले के गांव, शहर, गली मोहल्लों में भ्रमण कराया गया। वहीं जोकिहाट प्रखंड के चिरह, उदा, तुरकैली, अररिया प्रखंड से रामपुर कदरकट्टी, गाछी टोला आदि जगहों से जुलूस शान्ति पूर्वक निकाला गया। इधर इस्लामिक जानकार व उलेमाओं ने कहा के मिलादुन्नबी यानी इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिन रविअव्वल महीने की 12 तारीख को मनाया जाता है । हजरत मोहम्मद साहब का जन्म मक्का (सऊदी अरब) में हुआ था, उनके वालिद साहब का नाम अब्दुल्लाह बिन अब्दुल मुख्तलिब था और वाल्दा का नाम आमेना था।

# छात्रों के अधिकार को लेकर देवेंद्र महतो के समर्थन में उतरा प्रेस क्लब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण हजारीबाग।** छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो के आंदोलन को बुधवार को चौपारण में प्रेस क्लब का समर्थन मिला। प्रेस क्लब चौपारण के अध्यक्ष शंकर यादव ने अपनी टीम के साथ देवेंद्र महतो एवं उनके समर्थकों का स्वागत किया और छात्र हित से जुड़े मुद्दों पर समर्थन जताया। इस दौरान उन्होंने अपनी बाइक से समर्थकों के साथ चौपारण चतरा मोड़ से केंदुआ मोड़ तक रैली में भाग लिया। रैली के दौरान शंकर यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा कोई भी मामला बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। छात्र-छात्राएं बेहतर भविष्य की उम्मीद के साथ वर्षों तक मेहनत करते हैं। ऐसे में किसी प्रकार की लापरवाही, मनमानी या विवाद का असर उनके शैक्षणिक भविष्य पर पड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच में यदि किसी की गलती सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर उचित समाधान निकालने की मांग की। देवेंद्र महतो के समर्थकों ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार और न्याय की मांग को लेकर है। उन्होंने कहा कि मामले का समाधान होने तक लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई जाती रहेगी। शंकर यादव ने कहा कि पत्रकारिता से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों और समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से जल्द सकारात्मक पहल करने की मांग की, ताकि किसी भी छात्र का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित न हो। रैली में अजय ठाकुर, शशि शेखर, उमेश पासवान, वीरेंद्र शर्मा, अरविंद कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, कृष्णा पासवान, चंदन कुमार, मोनू सिंह, मो. फैजान अजमेरी, संतोष कुमार, मिथुन कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र एवं समर्थक शामिल हुए।

# उपायुक्त पलामू के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट, जिला प्रशासन ने किया सतर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला प्रशासन, पलामू के संज्ञान में आया है कि उपायुक्त पलामू श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संपर्क किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आमजनों को सतर्क एवं सचेत रहने की अपील की है। किसी भी अनजान नंबर से उपायुक्त अथवा जिला प्रशासन के नाम से प्राप्त कॉल, मैसेज अथवा व्हाट्सएप चैट की प्रामाणिकता की पूरी तरह जांच एवं अधिकृत माध्यम से सत्यापन करने के बाद ही जवाब दें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आधिकारिक संवाद अधिकृत एवं आधिकारिक माध्यमों से ही किया जाता है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, यूट्यूब अथवा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से उपायुक्त अथवा जिला प्रशासन के नाम से प्राप्त किसी भी संदिग्ध संदेश या संपर्क पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें। ऐसे किसी भी संदिग्ध अकाउंट अथवा संदेश की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन अथवा संबंधित साइबर थाना को दें।

# विधायक ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण हजारीबाग।** सिंघरावां पंचायत के टीटही गांव में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन बुधवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। केंद्र के शुरू होने से टीटही सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से ग्रामीणों को सामान्य




बीमारियों के इलाज और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से भी ग्रामीणों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की अपील की। उद्घाटन के अवसर पर एएनएम, स्वास्थ्य सहिया और आसपास के महिला मंडलों की महिलाओं ने शिव चर्चा एवं विशेष पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नवनिर्मित भवन का गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में नजर आया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सहदेव प्रसाद यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, स्थानीय मुखिया संतोष सिंह, पंचायत समिति सदस्य विजय मधेसिया, भाजपा नेता देवल यादव, राजेंद्र चंद्रवंशी, राजेश रवानी, प्रकाश चंद्रवंशी, दिनेश यादव, राजेश यादव, संजू साव, बबलू साव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने गांव में स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताया।

# विभावि के गृह विज्ञान विभाग में गुरुवार को होगी एक दिवसीय संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग में गुरुवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी गृह विज्ञान विभाग के अध्यक्ष सह समाज विज्ञान के संकायाध्यक्ष डॉ रेणु बोस ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी का विषय हैः "रोजगार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और भारत में उनकी रोजगार की स्थिति"। बताया किया संगोष्ठी 'डुएल मॉड' अर्थात ऑफलाइन और ऑनलाइन, दोनों ही मोड में आयोजित की जाएगी। डॉ बॉस ने बताया की संगोष्ठी में भारत के सुप्रसिद्ध "अविनाशीलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन फॉर वूमेन" के "द स्कूल आफ होम साइंस" में गृह विज्ञान के संकायाध्यक्ष डॉ एम सिल्विया शुभप्रिया ने ऑनलाइन संगोष्ठी को संबोधित करने हेतु सहमति प्रदान की है। डॉ बॉस ने आगे बताया कि इस संबंध में फूड साइंस एंड न्यूट्रिशन विभाग के अध्यक्ष प्रो पी ए राजेश्वरी, रिसोर्स मैनेजमेंट विभाग के अध्यक्ष प्रो आर जयागौरी तथा टेक्सटाइल और क्लॉथिंग विभाग के अध्यक्ष, प्रो एन वासुगी राजा से भी उनकी बातचीत हुई है। बताया कि समय मिलने पर इनमें से कई वक्ता संगोष्ठी को संबोधित कर सकते हैं। ज्ञात हो कि अविनाशीलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साइंस भारत में गृह विज्ञान का सबसे बड़ा और ख्याति प्राप्त संस्थान है। इसकी स्थापना 1957 में पद्मभूषण डॉ टिएस अविनाशीलिंगम के द्वारा की गई थी तथा 1988 में इसे डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ। यह भारत का पहला 'गृह विज्ञान पर समर्पित संस्थान' है तथा गृह विज्ञान के सभी विधाओं के अध्ययन की उच्च स्तरीय व्यवस्था यहां की गई है। इसे नैक ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त है तथा यहां से प्रकाशित शोध पत्रिका भारत में गृह विज्ञान का आधार पत्रिका के रूप में स्थापित है। डॉ बॉस ने बताया कि संगोष्ठी में विभागीय प्राध्यापक डॉ गायत्री साहू, डॉ ममता कश्यप तथा डॉ मृदुला भारती बढ़ चढ़कर योगदान कर रही हैं।

# निकला मोहम्मदिया जुलूस, गूंजे सरकार की आमद मरहबा के नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर बुधवार को गिरिडीह शहरी क्षेत्र से लेकर मुफस्सिल इलाकों तक मोहम्मदिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए। इस दौरान पूरा क्षेत्र धार्मिक उत्साह और जश्न के माहौल में नजर आया। जुलूस में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू भी शामिल हुए। लोगों ने उन्हें ईद मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद दी। जुलूस में शामिल लोग हाथों में धार्मिक झंडे और बैनर लेकर चल रहे थे। इस दौरान ह्यसरकार की आमद मरहबाह्ल सहित विभिन्न नारों से पूरा इलाका गूंजता रहा।शहरी क्षेत्र के साथ मुफस्सिल इलाकों में भी जुलूस को



लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियां की गई थीं। इस अवसर पर लोगों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं और उनके बताए रास्ते को याद किया। जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान आपसी भाईचारे, प्रेम और शांति का संदेश दिया गया।

# खनिज संसाधनों पर झामुमो युवा मोर्चा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को परिषद भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरव पटेल ने की, जबकि संचालन झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह युवा मोर्चा जिला सचिव सुनील कुमार शर्मा ने किया। बैठक में खनिज एवं खनन विकास और विनियमन (एमएमडीआर) से जुड़े प्रावधानों तथा झारखंड के खनिज संसाधनों से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष गौरव पटेल ने कहा कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों पर यहां की जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है और इन प्राकृतिक



संसाधनों का उपयोग राज्य के विकास, रोजगार सृजन तथा स्थानीय लोगों के हित में किया जाना चाहिए। खनिज संपदा से मिलने वाले लाभ में झारखंड की जनता का अधिकार सुनिश्चित होना आवश्यक है। वहीं केंद्रीय सदस्य सह युवा मोर्चा जिला सचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खनिज संसाधनों से संबंधित ऐसे किसी भी निर्णय का विरोध किया जाएगा, जिससे झारखंड के अधिकारों और हितों का हनन होता हो। उन्होंने बताया कि सात सितंबर को प्रस्तावित प्रखंड स्तरीय धरना-प्रदर्शन से पूर्व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सभी प्रखंडों में जाकर कार्यकताओं और आम लोगों से संवाद करेंगे। इस दौरान एमएमडीआर से झारखंड को होने वाले संभावित नुकसान की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। बैठक में कार्यकताओं से एमएमडीआर और खनिज संसाधनों से जुड़े मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया गया। साथ ही झारखंड के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया गया। बैठक में इचाक प्रमुख प्रतिनिधि सिकेंद्र कुमार दास, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार, तुलसी मेहता, मनोज मेहता, धर्मेंद्र ठाकुर, सुशील ओझा, सोनू गोस्वामी, विकास यादव, अभिषेक कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गंगा में उफान : जिला प्रशासन ने जुटाई 267 नावें, 80 राहत शिविर तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिला पदाधिकारी ने साम्हो प्रखंड का निरीक्षण कर बाढ़ की संभावित स्थिति और नाव परिचालन सहित अन्य तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले के 8 प्रखंडों की 39 पंचायतों के 189 गांवों को संभावित बाढ़ प्रभावित के रूप में चिन्हित किया गया है। बचाव के लिए जिले में 267 नावों की व्यवस्था की गई है, जिसमें 21 सरकारी, 239 निजी एकरारनामा वाली और 7 मोटरबोट शामिल हैं। वहीं साहेबकमाल के समस्तीपुर और संदलपुर में 5 नावें निःशुल्क चलाई जाएंगी। प्रभावितों के लिए 228 सामुदायिक रसोई, 80 राहत शिविर, 26 ड्राई राशन पैकेट स्थल, 18 हेलीपैड और 41,880 पॉलिथीन शीट्स तैयार हैं। चिकित्सा के लिए 62 मोबाइल मेडिकल टीम, 19 अस्थायी और 29 स्थायी मेडिकल कैंप तथा 122 प्रकार की जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि पशुओं के लिए 52 कैंप, 44 प्रकार की दवाएं और 2,500 क्विंटल चारा भंडारित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से घबराने नहीं और जलधारा वाले क्षेत्रों में अनावश्यक आवागमन से बचने की अपील की है। आपात स्थिति में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के नंबर 9279808780 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 200 लीटर स्पिरिट मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में 200 लीटर स्पिरिट बरामद की है। यह कार्रवाई उस गांव निवासी रंजीत भुइयां के घर पर की गई। मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कंचनपुर गांव में बड़े पैमाने पर स्पिरिट की खेप लाई गई है। सूचना के सत्यापन के बाद एसआई रोहित कुमार, एसआई रूपा कुमारी और एएसआई श्रीकांत पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नीले रंग के पांच गैलन बरामद किए गए। जांच के दौरान गैलनों में कुल 200 लीटर स्पिरिट मिली। पुलिस ने मौके से स्पिरिट जब्त कर ली।

# सभी पात्र लाभुकों को मिले योजनाओं का लाभ

## डीएम रिची पांडे ने सामहो में की जन सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी रिची पांडे ने बुधवार को साम्हो प्रखंड में बैठक कर क्षेत्र की स्थिति और आमजन से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने आरटीपीएस, राशन कार्ड, पीएचईडी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें डीएम के समक्ष रखीं। डीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा और पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक सेवाएं पहुंचाना और जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी समाधान करना है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# खतियानी निजी जमीन पर बासगीत पर्चा देने का आरोप

## समसा पंचायत में बसेरा अभियान पर उठे गंभीर सवाल, अपात्र व संपन्न लोगों को लाभ पहुंचाने की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अंचल के समसा पंचायत में बसेरा अभियान के तहत कथित रूप से अपात्र एवं आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को बासगीत पर्चा दिए जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि खतियानी एवं केवाला से खरीदी गई निजी जमीन, जिस पर दशकों से कब्जा और जमाबंदी कायम है, उससे संबंधित जमीन पर भी पर्चा निर्गत कर दिया गया। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करते हुए निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। रामदरश महतो ने बताया कि मथुरापुर मौजा, थाना नंबर 254, खाता नंबर 53, खेसरा नंबर 145 की करीब ढाई बीघा जमीन उनके पूर्वजों की है। इस जमीन पर स्व. नरसिंह महतो, मिश्री महतो, मेंही लाल महतो एवं स्व. फिदो महतो के नाम से करीब छह दशक से जमाबंदी कायम है। इसके बावजूद उक्त जमीन का पर्चा निर्गत किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार करैईटांड़, बगरस थान सिंह, मथुरापुर और समसा मौजा की विभिन्न जमीनों, जिनमें कई खाता एवं खेसरा शामिल हैं, पर दर्जनों लोगों के नाम से पर्चा काटा गया है। आरोप है कि 12 जुलाई 2026 को पर्चा निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी की गई। इनमें कई लाभुकों के पास पहले से पक्के मकान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, वाहन और पर्याप्त जमीन-जायदाद होने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी अंचल कर्मियों, अमीन एवं बिचौलियों की मिलीभगत से अपात्र लोगों को पर्चा देने का खेल चला है। इसमें बड़े पैमाने पर लेन-देन का भी आरोप लगाया गया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। पर्चा निर्गत करने के आरोपों पर अंचल अधिकारी मुकेश कुमार ने अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि आवेदन के आलोक में मामले की जांच कराई जाएगी। शिकायतकर्ताओं ने सभी पर्चों की स्थल एवं दस्तावेजी जांच, लाभुकों की आर्थिक स्थिति का सत्यापन तथा नियम विरुद्ध पाए जाने पर पर्चा रद्द करने और दोषी अधिकारियों-कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने काटा बवाल

## महिला की मौत से भड़के परिजन, निजी नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप, लिखित आवेदन के बाद जांच के भरोसे पर हटा जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** तियाय थाना क्षेत्र के बसही निवासी एक महिला की प्रसव के दौरान निजी नर्सिंग होम में मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार को शव सड़क पर रखकर लोगों ने पीपरा-मंसूरचक मुख्य मार्ग को करीब चार घंटे तक जाम कर दिया। परिजन दहिया स्थित निजी नर्सिंग होम पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मृतका की पहचान भगवानपुर थाना ओपी तेयाय क्षेत्र के बसही वार्ड संख्या-दो निवासी हरे राम साह की करीब 25 वर्षीया पत्नी सीमा कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया कि मंगलवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे करीब चार बजे पीएचसी भगवानपुर ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति देखते हुए बेगूसराय रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, गांव की आशा कार्यकर्ता के माध्यम से सीमा को दहिया स्थित निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। परिजनों का कहना है कि नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद सीमा ने एक नवजात को जन्म दिया। नवजात के सुरक्षित होने की जानकारी दी गई, लेकिन प्रसव के कुछ देर बाद ही सीमा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद नर्सिंग होम की ओर से एंबुलेंस से उसे बेगूसराय भेजा गया और आईसीयू में भर्ती कराने की बात कही गई। परिजनों का आरोप है कि सीमा की हालत पहले ही गंभीर हो चुकी थी तथा वह मर चुकी थी। बेगूसराय पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद परिजनो को बताया कि मरीज की मौत पहले ही हो चुकी है। उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, मंगलवार की शाम करीब छह बजे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही मायके और ससुराल पक्ष के लोगों में कोहराम मच गया। बुधवार सुबह परिजन और ग्रामीण शव लेकर दहिया उच्च विद्यालय के समीप पीपरा-मंसूरचक मुख्य मार्ग पर पहुंच गए और सड़क जाम कर दिया। सड़क पर शव रखकर लोगों ने उक्त निजी नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर भगवानपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोग जांच और कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। करीब चार घंटे तक चले विरोध के बाद परिजनों से लिखित आवेदन लिया गया। पुलिस की ओर से मामले की निष्पक्ष जांच और जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया गया। इसके बाद सामाजिक स्तर पर आपसी समझौते के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात बहाल हो गया। सीमा की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया गया कि मृतका के पति हरे राम साह परिवार के भरण-पोषण के लिए बेंगलुरु में मजदूरी करते हैं। घटना के समय उनके बेंगलुरु में होने की बात बताई गई है। सीमा अपने पीछे दो छोटी बच्चियों के साथ नवजात को छोड़ गई है। मां की मौत के बाद नवजात के सिर से ममता का साया उठ गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रसूता की मौत के बाद नर्सिंग होम परिसर में अफरातफरी की स्थिति बन गई और वहां लगे बैनर-पोस्टर तथा पहचान से जुड़ी अन्य सामग्री हटा दी गई। उनका दावा है कि इसके बाद अस्पताल कर्मी वहां से चले गए। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नवबिहार टाइम्स नहीं करता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस को दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारण तथा नर्सिंग होम पर लगाए गए आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# अपराधियों व शराब तस्करों पर पुलिस की कड़ी नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने, अपराध पर नियंत्रण करने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में जिले के विभिन्न थानों व ओपी क्षेत्रों में विशेष वाहन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों और प्रमुख चौक-चौराहों पर दोपहिया व चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गयी। पुलिस द्वारा वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर विशेष नजर रखी गयी। इसके अलावा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा कानून का सम्मान करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों समेत अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी को रोकना तथा जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखना है। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र कुमार वर्मा के अनुसार, अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, चोरों, शराब तस्करों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। देर रात चलने वाले इस अभियान से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रमुख चौक-चौराहों पर वाहनों की क्रमवार जांच की गई, जिससे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की पहचान की जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें, यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। विशेष अभियान के तहत वाहन जांच आगे भी लगातार चलाये जाते रहेंगे।

# कार-बाइक की टक्कर के बाद सड़क पर भिड़े दोनों पक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के समीप एनएच-31 पर बुधवार को कार और बाइक की टक्कर के बाद विवाद हिंसक रूप ले लिया। हादसे के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और बात मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान बाइक सवार युवक ने कार चालक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में कार चालक के नाक पर चोट लगने से खून बहने लगा और उसका शरीर खून से लथपथ हो गया।घटना के बाद एनएच-31 पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक विवाद होता रहा। हंगामा बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को समझाया-बुझाया और किसी तरह मामला शांत कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर हर महादेव चौक से सुभाष चौक के बीच का इलाका काफी व्यस्त रहता है। इसके बावजूद विवाद के दौरान मौके पर पुलिस की पेट्रोलिंग दिखाई नहीं दी। लोगों के अनुसार, एनएच-31 पर करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बनी रही। मौके पर मौजूद लोगों ने डायल-112 को सूचना देने की बात भी कही। हालांकि, मारपीट समाप्त होने के बाद दोनों पक्ष अपने-अपने रास्ते चले गए। कुछ लोगों की ओर से पुलिस में शिकायत करने की बात कही जा रही थी, लेकिन स्थानीय लोगों के समझाने के बाद तत्काल विवाद को समाप्त कर दोनों पक्षों को वहां से भेज दिया गया।घटना को लेकर अब तक पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। कार और बाइक की टक्कर किन परिस्थितियों में हुई और मारपीट की शुरुआत किस बात को लेकर हुई, इसकी पूरी जानकारी पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर शांतिपूर्ण निकला जुलूस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर भोजपुर जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित जुलूस एवं अन्य कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की गई हैं। जिले के विभिन्न संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते हुए जुलूस के मार्ग एवं कार्यक्रमों की निगरानी कर रहे हैं तथा आवश्यकतानुसार त्वरित समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जुलूस के मार्गों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। जिलास्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष एवं आपातकालीन नियंत्रण कक्ष के माध्यम से जिले की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित पदाधिकारियों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में पर्व मनाने तथा आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील की गई है।

## जेपीएससी-जेएसएससी पेपर लीक मामले में हथबोर पहुंची सीआईडी टीम

**बेंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जेपीएससी-जेएसएससी पेपर लीक मामले की जांच मंगलवार को एक बार फिर बेंगाबाद के हथबोर गांव पहुंची। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की तीन सदस्यीय टीम ने कथित मास्टरमाइंड अभय तिवारी उर्फ मनोज तिवारी के ससुर विकास पांडेय से करीब एक घंटे तक पूछताछ की। इंस्पेक्टर कृष्णकांत पांडा के नेतृत्व में टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से हथबोर पहुंची थी। पूछताछ के दौरान टीम ने अभय तिवारी के संपर्कों, गतिविधियों और मामले से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई। यह मामला सीआईडी थाना कांड संख्या 01/2025 से संबंधित है।

# विष्णुपुर, खैरवन व वृंदावन में निकला जुलूसे मुहम्मदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** ईद मिलादुन्नबी यानी पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब (सअव) के यौमे पैदाइश के मौके पर प्रखंड के विष्णुपुर, खैरवन एवं वृंदावन में बुधवार को जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया। इस दौरान 'हुजूर की आमद मरहबा' और 'नारे तकबीर, अल्लाहु अकबर' की गूंज से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। जुलूस को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गली-मोहल्लों एवं मार्गों की साफ-सफाई कर आकर्षक ढंग से सजावट की थी। विभिन्न स्थानों पर झंडे-पताके लगाए गए थे। जुलूस में बूढ़े, बच्चे और नौजवान पारंपरिक पोशाक में शामिल हुए। कई लोगों ने हरी पगड़ी धारण कर पैगंबरे इस्लाम की आमद की खुशी का इजहार किया। जुलूस गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए निर्धारित स्थान पर पहुंचा, जहां लोगों ने पैगंबरे इस्लाम की पैदाइश, उनके जीवन एवं दिए गए संदेशों पर चर्चा की।

इस अवसर पर मस्जिदों में विशेष इबादत और कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। विष्णुपुर, खैरवन एवं वृंदावन में जश्ने ईद मिलादुन्नबी शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया।विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष मो. फिरदौस के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी विश्वजीत कुमार, मो. इस्माइल, रणजीत कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान विभिन्न स्थानों पर तैनात रहे।

## माले ने आंदोलन की दी चेतावनी

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले के नगर सचिव राजेश सिन्हा ने सीसीएल प्रबंधन पर स्वास्थ्य, पानी, बिजली, सड़क और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बनियाडीह स्थित सीसीएल का लंकेस्टर हॉस्पिटल भू-धसान के खतरे में है, जहां आसपास के कई पंचायतों और वार्डों के लोग इलाज के लिए निर्भर हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/एसआर. डीईएन-1/डब्ल्यूII, दिनांक 24.08.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-162-26-27, कार्य का नाम:** सियालदह में- पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत सियालदह स्टेशन में अवशिष्ट विकास संबंधी कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,39,45,535.25, **बयाना राशि :** रु.18,78,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.09.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 17.09.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-197/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी संख्या : 191_2026-27, दिनांक 20.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, **पूर्व रेलवे,** नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/ 1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण** : सिंगुर, नसीबपुर, मगरा, शक्तिगढ़, मेड़तला फलेया हाल्ट, डुमुरदह, कुंतीघाट और त्रिवेणी स्टेशनों में बुकिंग कार्यालयों में सुविधाओं के उन्नयन के साथ पुनर्निर्माण/ सुधार/नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य** : रु. 3,41,59,434.77, **बयाना राशि:** रु. 6,83,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 09 (नौ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 14.09.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-302/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएक्स_एमईएमयू-26-27, दिनांक 24.08.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन -743145, काँचरापाड़ा द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना सं.: ईएक्स_ एमईएमयू-26-27, कार्य का नाम एवं इसका स्थान** : 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए काँचरापाड़ा वर्कशॉप में निष्पादन किए जाने के तहत विशिष्ट कलर स्कीम के अनुसार 60 एमईएमयू रेकों (960 कोच) की एक्सटीरियर पीयू पेंटिंग एवं स्क्रीन प्रिंटिंग का अनुप्रयोग। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 1,23,19,872/- जीएसटी सहित। **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु. 2,46,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** 01 (एक) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 24.08.2026 से 15.09.2026 को 14.00 बजे तक । **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से दिनांक 15.09.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.09.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 15.09.2026 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 24.08.2026 से 15.09.2026 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

MISC-164/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिजली घर की राख...

तक पहुंचाया जा रहा है। एनटीपीसी कहलगांव से पांडु, असम तक अंतर्देशीय जलमार्ग से फ्लाई ऐश की आपूर्ति भी लंबी दूरी के परिवहन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। स्थानीय उद्योगों के लिए भी राख नई संभावनाएं खोल रही है। फ्लाई ऐश से ईंट, ब्लॉक, पेवर, टाइल्स और अन्य निर्माण सामग्री तैयार की जा रही है। एनटीपीसी बाढ़, कांटी, नबीनगर और बरौनी जैसे स्टेशन ईओआई प्रक्रियाओं के माध्यम से राख उपयोगकर्ताओं और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को प्रोत्साहित कर रहे हैं तथा लगभग 300 किलोमीटर के दायरे में निःशुल्क राख उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहे हैं। पटना के एग्जीबिशन रोड स्थित 'विकल्प' पहल के तहत राख आधारित भवन निर्माण सामग्री के शोरूम में फ्लाई ऐश से बने उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है ताकि आमजन, इंजीनियरों और निर्माण एजेंसियों को इनके उपयोग से परिचित कराया जा सके। इस पूरी पहल में पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और विकास एक साथ जुड़ते दिखाई देते हैं। राख सड़क में जाती है तो प्राकृतिक मिट्टी बचती है, सीमेंट उद्योग में जाती है तो वैकल्पिक कच्चा माल बनती है और ईंट, ब्लॉक तथा पेवर में बदलकर स्थानीय उद्यमों के लिए अवसर पैदा करती है। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के सातों स्टेशन इस बदलाव के केंद्र बन रहे हैं। बाढ़ऽराजौली फोरलेन से लेकर एनएच-80 और एनएच-31 तक, कहलगांव की जियोपॉलीमर सड़क से लेकर सीमेंट उद्योग और स्थानीय सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों तक राख ने अपनी नई उपयोगिता साबित की है।

## धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आज बुधवार दोपहर को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस (ईद-ए-मिलादुन्नबी) के शुभ अवसर पर चाँदन में अकीदत और उत्साह के साथ विशाल जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस दौरान पूरा गाँव जश्न के माहौल में डूबा रहा और आपसी सौहार्द की एक खूबसूरत मिसाल पेश की गई। जुलूस में शामिल लोगों ने पैगंबर साहब द्वारा दिए गए इंसानियत, शांति, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। इस दौरान देश में अमन-चैन और मजबूत हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए विशेष दुआएं भी मांगी गईं। चांदन मुस्लिम टोला से शुरू होकर निकला जुलुस पुरे चाँदन बाजार की परिक्रमा किया।

# एनडीए सरकार महिला-नेतृत्व वाले विकास की नई परिभाषा लिख रही : नीतू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता नीतू सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिला विकास से आगे बढ़कर 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' की नई परिभाषा लिख रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं के जीवन के हर चरण को ध्यान में रखकर उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत, सुकन्या समृद्धि और मातृत्व अवकाश जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण पर काम किया है।

नीतू सिंह ने कहा कि बिहार में भी एनडीए सरकार ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण और



जीविका के माध्यम से एक करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ना इसके प्रमुख उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल और पोशाक जैसी योजनाओं से बालिका शिक्षा को भी बढ़ावा मिला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को केवल वोट बैंक नहीं माना, बल्कि संगठन और सरकार में निर्णय लेने की भूमिका दी है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति तथा निर्मला सीतारमण को वित्त एवं रक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी देना महिला नेतृत्व के प्रति पार्टी के विश्वास को दर्शाता है।

# प्रशासनिक मुस्तैदी और सौहार्द के बीच जिले में ईद-ए-मिलादुन्नबी संपन्न

## हजरत मोहम्मद साहब को याद करते हुए प्रेम और भाईचारे का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व औरंगाबाद जिले में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निकाले गए जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद करते हुए प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। पर्व के उपलक्ष्य में क्षेत्र की मस्जिदों और घरों को विशेष रूप से सजाया गया था। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों, जलसों और दुआओं का आयोजन किया गया। जुलूस-ए-मोहम्मदी में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद दी। मौलाना ने बताया कि ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की याद में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब ने इंसानियत, प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया था। उन्होंने लोगों से उनके बताए रास्ते पर चलने तथा समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले के सभी प्रमुख जुलूस स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिसके परिणामस्वरूप पर्व शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिला प्रशासन द्वारा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग के लिए जिलेवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

## इंसानियत और भाईचारे को मजबूत करता है ईद मिलाद-ए-नबी का संदेश : पूर्व मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर ईद मिलाद-ए-नबी की समस्त देशवासियों, खासकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को दिली मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलाद-ए-नबी सभी लोगों को नेक राह पर चलने तथा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। पैगंबर मोहम्मद साहब ने अपना पूरा जीवन इंसानियत की भलाई और मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। डॉ. सुरेश पासवान ने कहा कि पैगंबर साहब के जीवन से हमें समाज में शांति, भाईचारा और अमन का माहौल कायम करने का संदेश मिलता है। उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और इंसानियत को और मजबूत किया जा सकता है। पूर्व मंत्री ने इस मुबारक मौके पर सभी मुस्लिम भाइयों और बहनों से अपील की कि वे अपने मुल्क और सूबे की खुशहाली, अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ करें। साथ ही पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलकर उनके संदेशों को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि ईद मिलाद-ए-नबी का संदेश इंसानियत, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने वाला है, जिसे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसात करने की जरूरत है।

## टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए औरंगाबाद के डॉक्टरों व समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

### विश्व यक्ष्मा दिवस के बाद जिले में 5 लाख 34 हजार से अधिक लोगों की हुई टीबी स्क्रीनिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला नागरिक परिषद के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विकास और सामाजिक सरोकारों में योगदान देने वाले लोगों के कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता औरंगाबाद जिला नागरिक परिषद के संरक्षक श्याम किशोर प्रसाद ने की। कार्यक्रम का संयोजन जिला नागरिक परिषद के अध्यक्ष सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने किया। टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, जिला संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष तथा चिकित्सक डॉ. ऋत्विक सिंह बिसेन को पूर्व सांसद ने सम्मानित किया। पूर्व सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सकों के सतत प्रयासों से औरंगाबाद जिले में यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को मजबूती मिली है। कहा कि समाज और जिले के लिए सकारात्मक एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने से दूसरों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में जिले के चर्चित व्यवसायी अभिषेक रंजन बजाज को सामाजिक क्षेत्र में उनके विशेष योगदान और औरंगाबाद के सबसे बड़े टैक्स पेयर होने के कारण सम्मानित किया गया। वहीं जुगनू ज्वेलर्स के मालिक सालिम जफर को हिंदू-मुस्लिम एकता को मजबूत करने की दिशा में किए गए सराहनीय प्रयासों तथा विभिन्न सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए डॉक्टर राजीव रंजन और जाने-माने नेत्र चिकित्सक डॉ. रूमी को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ओरा हाई स्कूल के प्राचार्य रमेश कुमार को सम्मान मिला। यक्ष्मा केंद्र प्रभारी अजीत कुमार शर्मा भी सम्मान पाने वालों में शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सह अधिवक्ता प्रेमेंद्र कुमार मिश्र ने किया। मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शोभा रानी, प्रोफ़ेसर शिवपूजन सिंह, प्रोफ़ेसर सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, साहित्यकार धनंजय जयपुरी, साहित्यकार विनय मिश्र, प्रखर भाजपा नेता दीपक कुमार, जिला नागरिक परिषद के महासचिव उज्जवल कुमार, विवेक सिंह, सरपंच संघ के प्रांतीय संरक्षक रविंद्र कुमार सिंह, पूर्व अंचल अधिकारी रामजी सिंह, भाजपा नेता रविंद्र शर्मा, कृष्णा सिंह और शैलेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## तीन माह पहले लगे ट्रांसफॉर्मर से नहीं मिल रही बिजली

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा प्रखंड के कैथी गांव के ग्रामीण पिछले तीन माह से बिजली आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों की सुविधा के लिए करीब तीन माह पहले विद्युत विभाग की ओर से पोल और नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन अब तक उसमें विद्युत प्रवाहित नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी है। ग्रामीण शैलेंद्र कुमार शर्मा, सुनील शर्मा, रामजनम सिंह, दिनेश शर्मा, अशोक शर्मा, सुदामा पासवान, विनोद शर्मा, वेंकटेश शर्मा और संतोष सहित अन्य ने बताया कि गांव में पहले से लगे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। लो-वोल्टेज और बिजली की आंख-मिचौनी के कारण बल्ब तक ठीक से नहीं जल पाते हैं। करीब 50 घरों के उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अलग ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया था, लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी उससे बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हुई है।

## बैठक में बिहार की कला-संस्कृति के संरक्षण की आवाज

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना के ताज सिटी सेंटर में परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति संबंधी संसदीय स्थायी समिति के दो दिवसीय अध्ययन दौरे के अंतर्गत आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में बिहार की कला, साहित्य, लोक-संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन पर चर्चा हुई। बैठक में कुटुम्बा प्रखंड के बैरांव निवासी, मगध विश्वविद्यालय बोधगया के हिन्दी विभाग के शोधार्थी, कला प्रबंधक एवं संस्कार भारती दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांतीय मंत्री विकास कुमार मिश्र को विशेषज्ञ शोधार्थी के रूप में आमंत्रित किया गया।

## पोक्सो सहित अन्य मामलों में 46 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 30 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पोक्सो एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 111.7 लीटर देसी शराब, 12.75 विदेशी शराब, 6.5 किलोग्राम गांजा, 1350 किलोग्राम महुआ फूल एवं एक ऑटो जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 675 वाहनों की जांच की गई जिसमें 41500 रुपये की राशि वसूल की गई। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा 32300 रुपये रिकवर किये गए हैं। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

## पचार पहाड़ी में छिपा है प्राचीन मगध का इतिहास, संरक्षण से बन सकता है प्रमुख पर्यटन केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** प्राचीन मगध की धरती आज भी अपने भीतर इतिहास, धर्म और स्थापत्य की अनगिनत परतें समेटे हुए है। रफीगंज प्रखंड मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दक्षिण-पूर्व स्थित पचार पहाड़ी इसी विरासत का एक महत्वपूर्ण प्रमाण है, जहां पहाड़ी के शीर्ष पर प्राचीन दो-मंजिला विहार के अवशेष आज भी मौजूद हैं। उचित संरक्षण और पुरातात्विक अध्ययन के अभाव में यह ऐतिहासिक स्थल उपेक्षित है, जबकि विशेषज्ञों का ध्यान मिले तो पचार पहाड़ी को पर्यटन और शोध के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। पचार पहाड़ी से दिखाई देने वाली प्राचीन संरचनाएं और यहां से प्राप्त पुरावशेष प्राचीन मगध की धार्मिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य परंपराओं की समृद्धि की ओर संकेत करते हैं। पहाड़ी पर मौजूद विहार के अवशेष विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। पुरातत्व विभाग द्वारा व्यवस्थित सर्वेक्षण, उत्खनन और संरक्षण का कार्य कराया जाए तो इस स्थल के इतिहास और निर्माण काल से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से पचार पहाड़ी का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि इसे प्राचीन राजगृह-उरुवेला-सारनाथ मार्ग से जुड़ा क्षेत्र माना जाता है। मान्यता है कि ज्ञान प्राप्ति के बाद भगवान बुद्ध उरुवेला, वर्तमान बोधगया क्षेत्र से सारनाथ गए थे, जहां उन्होंने प्रथम धर्मचक्र प्रवर्तन किया था। ऐसे में पचार पहाड़ी और इसके आसपास का क्षेत्र प्रारंभिक बौद्ध परंपरा तथा प्राचीन आवागमन मार्गों के अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। स्थानीय स्तर पर पचार पहाड़ी को संरक्षित कर पर्यटन सुविधाओं से जोड़ने की मांग उठ रही है। यदि पुरातत्व विभाग स्थल का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराकर अवशेषों को संरक्षित करे और बुनियादी पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएं, तो यह क्षेत्र इतिहास प्रेमियों, शोधार्थियों और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन सकता है। इससे प्राचीन मगध की विरासत को नई पहचान मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है।

## जिला प्रशासन के प्रयास से प्रवासी श्रमिक का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव

### 23 अगस्त को दुर्घटना में हुई थी मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** गुजरात के सूरत में कार्यरत एक प्रवासी श्रमिक नगर परिषद औरंगाबाद के वार्ड नंबर 31 के गंगटी गांव निवासी मुरारी ठाकुर के पुत्र रोहित कुमार दुर्घटना में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात उनका उपचार नई सिविल अस्पताल, रिंग रोड, सूरत में कराया जा रहा था, जहां उसका 23 अगस्त को मृत्यु हो गया। मृतक के पिता एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा इस संबंध में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, औरंगाबाद से संपर्क किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रम अधीक्षक अंजू कुमारी द्वारा त्वरित पहल करते हुए बिहार भवन, नई दिल्ली स्थित संयुक्त श्रम आयुक्त से समन्वय स्थापित किया गया। प्रशासनिक एवं विभागीय समन्वय के फलस्वरूप बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, 2008 के प्रावधानों के तहत मृतक रोहित कुमार के पार्थिव शरीर को गुजरात से एंबुलेंस के माध्यम से उनके पैतृक गांव आवास तक पहुंचाया गया। गौरतलब है कि बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, 2008 के अंतर्गत राज्य से बाहर अथवा विदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में उनके पार्थिव शरीर को किसी भी उपयुक्त परिवहन साधन से उनके स्थायी निवास स्थान तक पहुंचाने में होने वाले व्यय का वहन राज्य सरकार द्वारा किए जाने का प्रावधान है। जिला प्रशासन एवं श्रम संसाधन विभाग की इस त्वरित पहल से शोकाकुल परिवार को कठिन परिस्थिति में आवश्यक सहयोग प्राप्त हुआ तथा मृतक के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके पैतृक गांव तक पहुंचाया जा सका।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## रक्षाबंधन केवल एक धागा बांधने का पर्व नहीं, बल्कि विश्वास और संस्कारों का उत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर में भारतीय संस्कृति के पावन पर्व रक्षाबंधन की मूल भावना - प्रेम, आत्मीयता, भाई-बहन के स्नेह, परस्पर सम्मान एवं सामाजिक समरसता को विद्यार्थियों के जीवन से जोड़ते हुए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल राखी बनाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में भारतीय संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों और बहन-भाई के पवित्र रिश्ते के प्रति संवेदनशीलता जागृत करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय में राखी निर्माण, मेहंदी एवं केश-सज्जा सहित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय की सभी कक्षाओं की बहनों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी राखियों और आकर्षक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से छात्राओं ने रक्षाबंधन की भावना को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शशि, डॉ. प्रभात एवं राखी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल एक धागा बांधने का पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, जिम्मेदारी, सुरक्षा, स्नेह और संस्कारों का उत्सव है। राखी निर्माण प्रतियोगिता में दीक्षा सिंह (कक्षा 10- ए), आराध्य पासवान (कक्षा 10- ए) एवं साक्षी पांडेय (कक्षा 10-ए) सहित अनेक छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं ने छात्राओं को अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि रक्षाबंधन का वास्तविक अर्थ केवल भाई द्वारा बहन की रक्षा का संकल्प लेना नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सम्मान, सहयोग, विश्वास और सुख-दुःख में साथ खड़े रहने की भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्साह, उमंग और आत्मीयता से भर दिया तथा विद्यार्थियों के मन में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति गौरव की भावना को और प्रगाढ़ किया।